

दैनिक

सुप्रभात रायपुर

# प्रतिदिन राजधानी

आम आदमी का खास अखबार



संस्थापक-स्व. श्री रामचंद नचरानी ▸ प्रधान संपादक - शांति देवी नचरानी ▸ वर्ष : 25 ▸ अंक : 221 रायपुर, बुधवार, 03 सितम्बर 2025 ▸ पृष्ठ : 12 ▸ मूल्य ` 2.00 RNI NO. CHH HIN/2001/05596


3 पापा, मैं ठीक हो जाऊंगी ...

E-mail pratidincg@gmail.com E-paper https://epaper.pratidinrajdhani.in WhatsApp +91 62629 04444

शाहरुख की बेटी ने किसानों ... 4

सूचना - जिन किसी व्यक्ति को समाचार या विज्ञापन देना है संपर्क करे : मो. नं. 9806044444, 6262904444 इस नंबर के अलावा अन्य नंबर पर दी गई सूचना से समाचार पत्र का लेना-देना नही रहेगा...

## 'सेमीकॉन इंडिया 2025'- भारत बनेगा फल स्टैक सेमीकंडक्टर नेशन : पीएम मोदी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि भारत अपनी युवा प्रतिभाओं के बलबूते सेमीकंडक्टर निर्माण के क्षेत्र में एक फुलस्टेक डेवेलपर राष्ट्र बनेगा और डिज़ायन से लेकर निर्माण की हर प्रक्रिया में आत्मनिर्भरता हासिल करेगा।

प्रधानमंत्री मंगलवार को यशोभूमि, नई दिल्ली में 'सेमीकॉन इंडिया 2025' का उद्घाटन करने के बाद समारोह को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने इस मौके पर भारत में निर्मित पहली चिप का भी अनावरण किया। इस अवसर पर केंद्रीय इलेक्ट्रानिक्स और सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रधानमंत्री को विक्रम 32–बिट प्रोसेसर और चार परीक्षण चिप्स भेंट किए।



प्रधानमंत्री मोदी ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि भारत अब सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में केवल बैकएंड वर्क तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि तेजी से एक फुल स्टैक नेशन बनने की ओर अग्रसर है। देश डिज़ाइन से लेकर निर्माण तक की पूरी प्रक्रिया स्वयं करेगा। भारत की सेमीकंडक्टर सफलता की कहानी किसी एक कार्यक्षेत्र या किसी एक तकनीक तक सीमित नहीं है। भारत एक व्यापक पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण कर रहा है– जिसमें डिज़ाइनिंग, निर्माण, पैकेजिंग और उच्च तकनीक वाले उपकरण, सभी देश के भीतर शामिल हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि सेमीकंडक्टर मिशन केवल एक फ़ैब स्थापित करने या एक चिप बनाने तक सीमित नहीं है। देश इस क्षेत्र में दुनिया की सबसे उन्नत तकनीकों के साथ–साथ आगे बढ़ रहा है। भारत एक मज़बूत सेमीकंडक्टर पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण कर रहा है जो देश को आत्मनिर्भर और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाएगा।

उन्होंने उपस्थित सभी निवेशकों का खुले दिल से स्वागत करने की भारत की तत्परता का इज़हार व्यक्त करते हुए कहा कि भारत की नीतियां अल्पकालिक संकेत नहीं, बल्कि दीर्घकालिक प्रतिबद्धताएं हैं और प्रत्येक निवेशक की ज़रूरतें पूरी की जाएंगी। आज पूरी दुनिया भारत पर भरोसा करती है और भारत के साथ मिलकर सेमीकंडक्टर भविष्य का निर्माण करने को तैयार है। भारत की नीतिगत स्थिरता और तकनीकी क्षमता ने देश को एक मजबूत साझीदार बनाया है।

हमारा मानना है कि जितना कम 'पेपरवर्क' होगा, उतना ही जल्दी 'वैफर वर्क' शुरू हो सकेगा। सरकार प्रक्रियाओं को सरल बनाकर उद्योग जगत को नई ऊर्जा देने का कार्य कर रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि वह दिन दूर नहीं जब दुनिया कहेगी– डिजाइन इन इंडिया, मेड इन इंडिया, ट्रस्टेड बाइ वर्ल्ड। (भारत में डिजाइन किया, भारत में निर्मित और विश्व का भरोसेमंद)।



## बैंकिंग क्षेत्र का भारत की विकास गाथा में महत्वपूर्ण भूमिका : राष्ट्रपति

एजेंसी, चेन्नई

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु मंगलवार को चेन्नई में आयोजित सिटी यूनियन बैंक के 120वें स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुईं। समारोह की मुख्य अतिथि राष्ट्रपति ने अपने संबोधन के दौरान बैंकिंग क्षेत्र की उपलब्धियों और संभावनाओं पर विचार प्रकट किये।

राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और बैंकिंग उद्योग देश के विकास की गाथा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। बैंकों की भूमिका वित्तीय लेन–देन से कहीं आगे तक विस्तृत हो गई है। आज बैंक केवल धन के संरक्षक नहीं, बल्कि वे विविध वित्तीय सेवाएं प्रदान करते हैं। वे समावेशी और सतत विकास में भी सहायक हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि सशक्त आर्थिक परिदृश्य में लोगों की आकांक्षाएं व्यापक रूप से बढ़ी हैं। देश के विकास के महत्वपूर्ण स्तंभों में से एक वित्तीय समावेशन है, जिसका अर्थ यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक नागरिक की किफायती वित्तीय सेवाओं तक पहुंच हो।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सिटी यूनियन बैंक जैसे अन्य बैंक भी अपनी बैंकिंग प्रणाली के माध्यम से वित्तीय समावेशन के क्षेत्र में राष्ट्रीय लक्ष्य को पूरा करने में मदद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत जैसे विकासशील देश में, एक बड़ी आबादी अभी भी ग्रामीण और अर्ध–शहरी क्षेत्रों में रहती है, जहां बैंकिंग तक सीमित पहुंच है।

## 'मेड इन इंडिया चिप्स, स्वर्णिम भारत की नई पहचान' : मुख्यमंत्री साय

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प के अनुरूप आज भारत ने तकनीक के क्षेत्र में एक नया इतिहास रचा है। Semicon India 2025 सम्मेलन में देश का पहला स्वदेशी 32–बिट माइक्रोप्रोसेसर 'विक्रम' लॉन्च किया गया है। यह उपलब्धि भारत की तकनीकी आत्मनिर्भरता और नवाचार क्षमता का सशक्त प्रमाण है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि 'विक्रम' प्रोसेसर का निर्माण पूरी तरह से स्वदेशी तकनीक पर आधारित है। यह प्रोसेसर भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) के स्पेस लॉन्च व्हीकल्स के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया है। इससे न केवल भारत की स्पेस टेक्नोलॉजी को मजबूती मिलेगी, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी भारत अपनी तकनीकी श्रेष्ठता का परिचय देगा।

मुख्यमंत्री ने इस उपलब्धि को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दृढ़ इच्छाशक्ति और निर्णायक नेतृत्व का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन में भारत ने अर्धचालक निर्माण के क्षेत्र में जिस तीव्रता से प्रगति की है, वह विकसित भारत की दिशा में एक बड़ा मील का पत्थर है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह उपलब्धि भारत की युवा इंजीनियरिंग प्रतिभा और वैज्ञानिक समुदाय की मेहनत का भी परिणाम है। आत्मनिर्भर भारत के संकल्प के अनुरूप स्वदेशी माइक्रोप्रोसेसर का निर्माण यह संदेश देता है कि भारत अब केवल उपभोक्ता नहीं बल्कि निर्माता और वैश्विक तकनीकी नेतृत्वकर्ता के रूप में उभर रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसे अभियानों को यह सफलता और अधिक गति प्रदान करेगी। स्वदेशी माइक्रोप्रोसेसर न केवल अंतरिक्ष अनुसंधान बल्कि रक्षा, संचार और अन्य उच्च तकनीकी क्षेत्रों में भी उपयोगी सिद्ध होगा। यह भारत को तकनीकी रूप से आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में क्रांतिकारी कदम है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर प्रधानमंत्री और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव जी को हार्दिक बधाई और अभिनंदन दिया। उन्होंने कहा कि यह सफलता स्वर्णिम भारत की नई पहचान है और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी।

## सुकमा में नक्सलियों ने दो ग्रामीणों की हत्या की

**सुकमा (प्रतिदिन राजधानी)**

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित जिला सुकमा के केरलापाल के ग्राम सिरसेटी के नंदापारा में दो ग्रामीणों की नक्सलियों ने मुखबिरी के आरोप में हत्या कर दी। साथ ही दो ग्रामीणों के साथ मारपीट की गई है। उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

सुकमा एसडीओपी परमेश्वर तिलकवार ने मंगलवार को घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि सोमवार रात 11 बजे ग्राम सिरसेटी के नंदापारा में बड़ी संख्या में नक्सली पहुंचे। नक्सलियों ने रात में गांव के दो ग्रामीण पदाम



पोजा और पदाम देवेंद्र की हत्या कर दी और दो ग्रामीणों की पिटाई कर दी। घायल ग्रामीणों को गांव से लाने की तैयारी की जा रही है। इस इलाके में सड़क नहीं होने की वजह से इन ग्रामीणों को अभी तक केरलापाल लाया नहीं गया है। सुकमा के जिला पुलिस अधीक्षक किरण चौहान ने बताया कि घटना की जानकारी ग्रामीणों द्वारा प्राप्त हुई है। जांच के लिए घटनास्थल पर टीम भेजी गई है।

बस्तर पुलिस के अनुसार, साल 2025 में अब तक माओवादी हिंसा में कुल 32 लोगों की जान जा चुकी है। इस वर्ष अब तक नौ शिक्षादूतों की मुखबिरी के आरोप में नक्सलियों द्वारा हत्या की जा चुकी है। इनमें सुकमा जिले के अर्जुन डोडी, कवासी सुक्का और राम–लक्ष्मण बादसे तथा बीजापुर जिले के विनोद मनडे, सुरेश मेट्टा, अशोक मुचाकी, बामन राम कश्यप, कुंजाम भीमा तथा लालू ताती शामिल हैं।

### रेलवे ने यात्रियों को दिया तोहफा

## दिवाली एवं छठ पर्व पर चलेगी स्पेशल ट्रेन

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

दीपावली और छठ पूजा में घर जाने वालों की सुविधा के लिए स्पेशल ट्रेनें चलाने के साथ ही नियमित ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाए जायेंगे।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा जानकारी दी गई है कि दिवाली के अवसर पर दुर्ग एवं पटना के मध्य रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन के द्वारा दो फेरे के लिए दिवाली स्पेशल गाड़ी 08795/08796 दुर्ग–पटना–दुर्ग के मध्य एक फेरे के लिये चलाई जायेगी। यह गाड़ी गोंदिया से 08795 नंम्बर के साथ 19 अक्टूबर, 2025 को तथा



पटना से 08796 नम्बर के साथ 20 अक्टूबर, 2025 को चलेगी। इस स्पेशल ट्रेन में 2 एसएलआर, 5 सामान्य, 8 स्लीपर, 2 एसी थ्री, 1 एसी टू सहित कुल 18 कोच रहेंगे।

इसी तरह छट पूजा के लिए सुलतानपुर के मध्य रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन के द्वारा दो फेरे के लिए फेस्टिवल स्पेशल गाड़ी 08763/08764 दुर्ग–सुलतानपुर–दुर्ग के मध्य 12 फेरे के लिये चलाई जायेगी। यह गाड़ी दुर्ग से 08763 नंम्बर के साथ प्रत्येक शनिवार को 13 सितम्बर से 29 नवम्बर, 2025 तक तथा सुलतानपुर से 08764 नम्बर के साथ प्रत्येक रविवार को 14 सितम्बर से 30 नवम्बर, 2025 तक फेस्टिवल एक्सप्रेस स्पेशल चलेगी।

इस स्पेशल ट्रेन में 3 एसएलआर, 04 स्लीपर, 08 एसी थ्री, 01 एसी टू, 02 एसी टू कम एसी थ्री, 02 चेयर कार सहित कुल 20 कोच रहेंगे।

## पवन खेड़ा को चुनाव आयोग का नोटिस

**एजेंसी, नई दिल्ली**

चुनाव आयोग ने कांग्रेस नेता पवन खेड़ा पर दिल्ली के दो विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के आरोप में उन्हें नोटिस जारी कर 08 सितंबर तक जवाब दाखिल करने को कहा है। दिल्ली के राज्य निर्वाचक अधिकारी कार्यालय के नोटिस के मुताबिक पवन खेड़ा नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र के काकानगर और जंगपुरा विधानसभा क्षेत्र के निजामुद्दीन ईस्ट में मतदाता के तौर पर पंजीकृत हैं। नोटिस में कहा गया है कि जनप्रतिनिधि कानून–1950 के तहत एक से अधिक स्थानों पर पंजीकरण कराना अपराध है।

### चैतन्य बघेल ने हिरसत को दी हाईकोर्ट में चुनौती

## ईडी ने रखा पक्ष, 8 सितंबर को अगली सुनवाई

**बिलासपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाले मामले में मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में हिरासत में लिए गए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल की याचिका पर मंगलवार को छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में सुनवाई हुई।

जस्टिस अरविंद वर्मा की एकल पीठ के समक्ष हुई इस सुनवाई में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अपना पक्ष रखा। बहस के बाद कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई की तारीख 8 सितंबर तय की है।

प्रवर्तन निदेशालय ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया था कि चैतन्य बघेल को 18 जुलाई को उनके जन्मदिन के दिन गिरफ्तार किया गया। ईडी के अनुसार, चैतन्य ने कथित तौर पर 16 करोड़ 70 लाख रुपये की अवैध कमाई की है, जिसे उन्होंने अपने रियल एस्टेट प्रोजेक्ट में निवेश किया।

ईडी का दावा है कि यह



धनराशि छत्तीसगढ़ के 2161 करोड़ रुपये के शराब घोटाले से जुड़ी हुई है।

### क्या है छत्तीसगढ़ का शराब घोटाला?

प्रवर्तन निदेशालय की जांच के मुताबिक, साल 2019 से 2022 के बीच छत्तीसगढ़ में एक संगठित तरीके से करीब 2161 करोड़ रुपये का शराब घोटाला अंजाम दिया गया। इस घोटाले में नेताओं, अधिकारियों और ठेकेदारों के गठजोड़ की बात सामने आई है। जांच एजेंसी का कहना है कि इस घोटाले को सत्ता के संरक्षण में अंजाम दिया गया और अवैध रूप से अर्जित रकम को कई माध्यमों से वैध बनाने की कोशिश की गई।

## मराठा समाज की मांगें मानने के बाद मनोज जारांगे ने खत्म की अपनी भूख हड़ताल

### मंत्री राधाकृष्ण ने मनोज जारांगे को पिलाया जूस

एजेंसी, मुंबई

महाराष्ट्र के मुंबई के आजाद मैदान पर पिछले पांच दिनों से मराठा आरक्षण के लिए भूख हड़ताल कर रहे मराठा नेता मनोज जारांगे पाटिल ने मंगलवार को अपना आंदोलन और भूख हड़ताल वापस ले ली। राज्य सरकार के मंत्री राधाकृष्ण विखे पाटिल के हाथों शाम को जूस पीकर जारांगे पाटिल ने अपनी भूख हड़ताल खत्म की। इसके बाद जारांगे पाटिल ने सभी कार्यकर्ताओं को शांतिपूर्वक वापस घर लौटने की अपील की। इसके बाद मंत्री पाटिल ने मनोज जारांगे सहित सभी मराठा कार्यकर्ताओं को मांगें पूरी होने पर बधाई दी।



महाराष्ट्र के मंत्री और कैबिनेट उप–समिति के प्रमुख राधाकृष्ण विखे पाटिल, मंत्री शिवेंद्रराजे भोसले, मंत्री माणिकराव कोकाटे, मंत्री प्रताप सरनाईक , माणिकराव कोकाटे आज मनोज जारांगे से मुलाकात करने के लिए गए थे। राधाकृष्ण ने कैबिनेट उप समिति की ओर से मराठा आरक्षण और मांगों के लिए गए निर्णय की प्रति मनोज जारांगे को दिखायी। इसके बाद जारांगे ने कार्यकर्ताओं को बताया कि राज्य सरकार ने हमारी माँगें मान ली हैं। हमारी पहली माँग थी कि हैदराबाद गैजेट तुरंत लागू किया जाए। उप–समिति ने हैदराबाद गैजेट लागू करने की माँग को मंजूरी दे दी है, यानी उप–समिति हैदराबाद गैजेट लागू करने के निर्देश देगी। हमने सतारा गैजेट के बारे में माँग की थी यानी पश्चिमी महाराष्ट्र मराठा के अंतर्गत आता है। औंध और सतारा में कुछ त्रुटियाँ हैं। इस बारे में सरकार ने कहा कि अगले 15 दिनों में कानूनी त्रुटि का अध्ययन करके उसे लागू किया जाएगा।

मराठा नेता जारंगे ने कहा कि इसकी गारंटी खुद मंत्री शिवेंद्र राजे ने ली है। हमारी माँग मराठा प्रदर्शनकारियों के मामले वापस लेने की थी। अब सितंबर के अंत तक सभी मामले वापस लेने का सरकारी फैसला जारी हो जाएगा, यह एक लंबी प्रक्रिया है। हमने 58 लाख अभिलेखों का मुद्दा उठाया है।




## बीजापुर में विस्फोटक सामग्री के साथ 16 नक्सली गिरफ्तार



बीजापुर (प्रतिदिन राजधानी)

बीजापुर जिले में चलाये जा रहे नक्सल विरोधी अभियान के तहत सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है। जिले के गंगालुर, जांगला व बासागुड़ा थाना क्षेत्रों में चलाए गए संयुक्त सर्च ऑपरेशन के दौरान कुल 16 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से विस्फोटक सामग्री और नक्सली प्रचार सामग्री भी बरामद की गई है।

यह कार्रवाई डीआरजी, थाना बासागुड़ा, थाना गंगालूर, थाना जांगला, कोबरा बटालियन 210 एवं 202 तथा सीआरपीएफ 229 की संयुक्त टीम द्वारा अंजाम दी गई। इस कार्रवाई में थाना बासागुड़ा से 2, थाना गंगालूर से 6 व थाना जांगला से 8 नक्सली गिरफ्तार किए है। पकड़े गये नक्सलियों के कब्जे से विस्फोटक सामग्री बरामद की गई है।

### आईईडी से हमले की थी योजना

पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे पुलिस बल को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से आईईडी विस्फोट की योजना बना रहे थे। इसी उद्देश्य से उन्होंने विस्फोटक सामग्री और प्रचार सामग्री एकत्र की थी। गिरफ्तार सभी आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

## वायु सेना ने पाकिस्तानी एयरबेस के पास अरब सागर में शुरू किया हवाई अभ्यास

एजेंसी, नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर जारी रहने के बीच अरब सागर में भारत–पाकिस्तान के तटीय इलाके में विभिन्न तरह के सैन्य अभ्यासों की हलचल तेज है। अब भारतीय वायु सेना ने मंगलवार से गुजरात और राजस्थान के पास अरब सागर में दो दिवसीय सैन्य अभ्यास शुरू किया है। यह अभ्यास आज सुबह लगभग 11 बजे से शुरू हुआ, जो 3 सितंबर को दोपहर 2 बजे तक चलेगा। हवाई अभ्यास का यह क्षेत्र पाकिस्तान के कराची तट से केवल 200 समुद्री मील की दूरी पर स्थित है, जो पाकिस्तान–नियंत्रित वायु क्षेत्र से 70 समुद्री मील के करीब है।



भारतीय वायु सेना के अनुसार यह एक नियमित अभ्यास है और इसी के तहत पहले ही नोटम (एयरमैन को नोटिस) जारी किया गया था। नोटम या एयर मिशन को नोटिस एक प्रकार की सूचना है, जो विमानन क्षेत्र में किसी विशिष्ट स्थान या स्थिति से संबंधित आवश्यक जानकारी या चेतावनी देती है। इसका उद्देश्य उड़ान संचालन में शामिल लोगों को उन परिस्थितियों के बारे में सूचित करना है, जो मानक प्रकाशनों के माध्यम से वितरित करने के लिए पर्याप्त समय से पहले उपलब्ध नहीं हैं। नोटम का मतलब राष्ट्रीय हवाई क्षेत्र प्रणाली के किसी भाग को प्रभावित करने वाली किसी भी असामान्य या असामान्य परिस्थितियों के बारे में जानकारी देना है।

अरब सागर में दो दिवसीय वायुसेना अभ्यास पाकिस्तानी हवाई क्षेत्र के करीब हो रहा है। पाकिस्तान के कराची तट से केवल 200 समुद्री मील की दूरी परयह अभ्यास 2 सितंबर को सुबह 11 बजे शुरू होगा और 3 सितंबर को दोपहर 2:00 बजे समाप्त होगा। वायु सेना के अधिकारियों ने इस गतिविधि को एक नियमित प्रशिक्षण अभियान बताया है, इसलिए नियमानुसार विमानन हितधारकों को सचेत करने के लिए आधिकारिक तौर परनोटिस टू एयरमैन जारी किया गया है।

## नागपुर में इंडिगो फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग

**एजेंसी, नागपुर**



महाराष्ट्र के नागपुर एयरपोर्ट से कोलकाता के लिए उड़ान भरने वाली इंडिगो की एक फ्लाइट को मंगलवार सुबह आपातकालीन स्थिति में वापस नागपुर हवाई अड्डे पर आपातकालीन स्थिति में उतारना पड़ा। सीनियर एयरपोर्ट डायरेक्टर ने इसकी पुष्टि की है।

नागपुर एयरपोर्ट से कोलकाता के लिए फ्लाइट संख्या 6ई–812 ने जैसे ही उड़ान भरी तभी एक पक्षी विमान के अगले हिस्से से टकरा गया, जिससे इंजन में खराबी आ गई और विमान लड़खड़ाने लगा।

इस विमान में कुल 272 यात्री सवार थे। इस स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पायलट ने तुरंत सूझबूझ दिखाते हुए वापस एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग की, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। सभी यात्री पूरी तरह सुरक्षित हैं और उन्हें विमान से सुरक्षित बाहर निकाल उतार लिया गया है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टेकऑफ के कुछ ही क्षणों बाद अचानक जोरदार आवाज हुई और विमान कुछ समय के लिए असंतुलित हो गया। इससे यात्रियों में हलचल मच गई, लेकिन क्रू मेंबर्स ने सभी को शांत रहने और सीट बेल्ट बांधे रखने की सलाह दी।

## गणेश प्रतिमाओं के स्थल साज सजावट / झांकी विसर्जन निरीक्षण किये जाने रायपुर नगर निगम संस्कृति विभाग ने डॉ. प्रवीण शर्मा को निर्णायक के रूप में किया आमंत्रित

**रायपुर, प्रतिदिन राजधानी**

नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चौबे और सभापति श्री सूर्यकान्त राठौड़ और संस्कृति विभाग अध्यक्ष श्री अमर गिदवानी और आयुक्त श्री विश्वदीप के निर्देश पर नगर निगम संस्कृति विभाग ने महाकोशल कला वीथिका रायपुर के मानसेवी निदेशक डॉक्टर प्रवीण शर्मा को निर्णायक के रूप में श्री गणेश उत्सव 2025 के अंतर्गत श्री गणेश पंडालों में की गयी स्थल साज सजावट, झांकी विसर्जन का निरीक्षण करने दिनांक 3,4,5 सितम्बर 2025 को शाम 7 बजे से स्थल निरीक्षण करने आमंत्रित किया है. इस सम्बन्ध में नगर निगम संस्कृति विभाग की उपायुक्त डॉक्टर अंजलि शर्मा ने डॉक्टर अंजलि शर्मा को पत्र लिखकर नगर निगम संस्कृति विभाग की ओर से आमंत्रित किया है।

नगर पालिक निगम रायपुर संस्कृति विभाग के अध्यक्ष श्री अमर गिदवानी ने बताया कि रायपुर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग समितियों द्वारा गणेश, प्रतिमाओं की स्थापना की गई है। मेयर-इन-कौंसिल की बैठक में लिये गये निर्णयानुसार इन गणेश पंडाल समितियों के उत्साहवर्धन हेतु इन गणेश पंडालों में स्थापित गणेश मूर्ति, स्थल सजावट एवं विसर्जन झांकी का निरीक्षण / चयन कर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी में पुरस्कार वितरण किया जाना है।

अतएव दिनांक 3, 4 एवं 5 सितंबर 2025 को शाम 7 बजे से स्थल निरीक्षण किये जाने हेतु निर्णायक के रूप में महाकोशल कला वीथिका के मानसेवी निदेशक डॉक्टर प्रवीण शर्मा को निर्णायक के रूप में नगर निगम संस्कृति विभाग की ओर से आमंत्रित किया गया है।

## एमवे के न्यूट्रिलाइट को मिली एनएफएसयू की मान्यताः सुरक्षित न्यूट्रिशन की दिशा में अहम उपलब्धि

**एजेंसी, नई दिल्ली।** जब बाजार में उपलब्ध न्यूट्रिशन उत्पादों की सुरक्षा और प्रामाणिकता को लेकर उपभोक्ताओं की चिंताएँ तेजी से बढ़ रही हैं, ऐसे समय में स्वास्थ्य और भलाई का समर्थन करने वाली अग्रणी कंपनियों में से एक एमवे इंडिया ने घोषणा की है कि उसके प्रमुख ब्रांड न्यूट्रिलाइट के पाँच उत्पादों को राष्ट्रीय फॉरेंसिक साइंसेज़ यूनिवर्सिटी – न्यूट्रिशनल सप्लीमेंट टेस्टिंग फॉर स्पोर्ट्सपर्सन (ह्वस्ञ्स) के प्रतिष्ठित ट्रस्टेड सर्टिफिकेशन प्रोग्राम के तहत प्रमाणन प्राप्त हुआ है। यह मान्यता एमवे की उस अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है जिसके तहत वह उच्च गुणवत्ता वाले, सुरक्षित और वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित न्यूट्रिशन उत्पाद उपलब्ध कराता है। मान्यता प्राप्त पाँच प्रमुख उत्पाद हैं –– – न्यूट्रिलाइट ऑल प्लांट प्रोटीन, न्यूट्रिलाइट कैल मैग डी प्लस के2, बोसवेलिया के साथ न्यूट्रिलाइट ग्लूकोसामाइन एचसीएल, न्यूट्रिलाइट सैल्मन ओमेगा 3 सॉफ्टजेल, और न्यूट्रिलाइट डेली प्लस। ये उत्पाद वर्ल्ड एंटी-डोपिंग एजेंसी (ङ्खड्ड) द्वारा निर्धारित अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुपालन हेतु




प्रमाणित हैं। इन उत्पादों की स्वतंत्र रूप से जाँच की गई है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ये उत्पाद स्पोर्ट्स न्यूट्रिशन मानकों का उल्लंघन न करें।

इस उपलब्धि पर एमवे इंडिया के प्रबंध निदेशक रजनीश चोपड़ा ने कहा: फ्ऐसे समय में जब न्यूट्रिशन सप्लीमेंट्स की सुरक्षा और प्रामाणिकता पर चर्चा जोर पकड़ रही है, यह मान्यता हमारे 90 वर्ष पुराने विरासती ब्रांड न्यूट्रिलाइट के प्रति उपभोक्ताओं के स्पष्ट विश्वास और आत्मविश्वास को और मजबूत करती है। यह हमें एक भरोसेमंद पारिवारिक ब्रांड के रूप में स्थापित करता है और साथ ही प्रमाणित गुणवत्ता की तलाश करने वाले एथलीटों और फिटनेस प्रेमियों के लिए भी इसे और प्रासंगिक बनाता है। एमवे इंडिया में, हमने हमेशा गुणवत्ता, सुरक्षा और पारदर्शिता को प्राथमिकता दी है। लोगों को बेहतर जीवन जीने में मदद करने के हमारे विज़न के अनुरूप हम यह सुनिश्चित करते हैं कि हमारे हर प्रयास में यही उद्देश्य झलके। न्यूट्रिशन के क्षेत्र में हमारी दशकों की विशेषज्ञता, जो दुनिया के ू1 बिकने वाले विटामिन और डाइटरी सप्लीमेंट ब्रांड न्यूट्रिलाइट द्वारा समर्थित है, समग्र भलाई को समर्थन देने वाले भरोसेमंद न्यूट्रिशन उत्पाद उपलब्ध कराने की हमारी इस दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को और मजबूत करती है। न्यूट्रिलाइट उत्पाद पारंपरिक रूप से सभी आयु वर्ग के लोगों के व्यक्तिगत और पारिवारिक स्वास्थ्य को समर्थन देने पर केंद्रित रहे हैं। हमारी 800 से अधिक वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और तकनीशियनों की वैश्विक टीम लगातार विश्व स्तरीय उत्पाद विकसित करने और पहुँचाने के लिए अथक प्रयास करती है और हर साल 5,00,000 से अधिक गुणवत्ता परीक्षण करते हैं।

## सेम्प्रे न्युट्रिशन्स लिमिटेड ने तोलाराम वेलनेस लिमिटेड के साथ 10 करोड़ रुपये प्रति वर्ष मूल्य के मेन्युफेक्चरिंग एग्रिमेन्ट पर हस्ताक्षर किए

**मुंबई।** सेम्प्रे न्युट्रिशन्स लिमिटेड, लिडिंग कन्फेक्शनरी मेन्युफेक्क्ररिंग, सेम्प्रे न्यूट्रिशन्स लिमिटेड ने आज अनाउन्समेन्ट की है कि कंपनी ने 16 अगस्त, 2025 को नाइजीरिया की तोलाराम वेलनेस लिमिटेड के साथ एक मेन्युफेक्क्ररिंग एग्रिमेन्ट किया है। इस करार के तहत, सेम्प्रे न्यूट्रिशन्स, स्पेसिफिकेशन्स और क्वोलिटी स्टान्डर्स के अनुसार, तोलाराम वेलनेस को न्यूट्रास्युटिकल और खाद्य उत्पादों का निर्माण और आपूर्ति करेगा। इस एग्रिमेन्ट से 10 करोड़ रुपये का वार्षिक कारोबार होने की उम्मीद है, जो तीन वर्षों में लगभग 30 करोड़ रुपये तक बढ़ जाएगा। यह एग्रिमेन्ट सेम्प्रे के राजस्व में महत्वपूर्ण योगदान देगा और इसके न्यूट्रास्युटिकल और खाद्य निर्माण कार्यों को मजबूत करेगा। अनुबंध की शर्तों में 50 प्रतिशत अग्रिम भुगतान और बेलेन्स ओन डिस्पेन्स पर शामिल है; ट्रान्सपोर्टेशन तोलाराम वेलनेस द्वारा किया जाएगा। यह एग्रिमेन्ट एक रिलेटेड पार्टी ट्रान्झेक्शन नहीं है और कार्यान्वयन के अनुसार, तोलाराम वेलनेस की सेम्प्रे न्यूट्रिशन्स में कोई हिस्सेदारी नहीं है। इसके अलावा, कंपनी ने हाल ही में न्यूट्रास्युटिकल और खाद्य उत्पादों के निर्माण के लिए 19 अगस्त, 2025 को रामा एक्सपोर्ट्स के साथ तीन साल का विनिर्माण समझौता किया है। इस समझौते के तहत, सेम्प्रे न्यूट्रिशन्स उत्पादों के मेन्युफेक्क्ररर, सप्लाय, क्वोलिटी अस्योरन्स और पैकेजिंग के लिए ज़िम्मेदार होगा, जो कंपनी के ब्रांड स्पेसिफिकेशन्स और ट्रेडमार्क के पूर्ण अनुपालन में होगा। इस समझौते से इस अवधि के दौरान 15 करोड़ रुपये का कारोबार होने का अनुमान है, जो न्यूट्रास्युटिकल और फुट सेक्टर में सेम्प्रे की परिचालन क्षमता और दीर्घकालिक साझेदारी

## एचडीएफसी बैंक का स्वदेशी समाधानों को समर्थन - क्वांटम साइबर सुरक्षा स्टार्टअप, क्यूएनयू लैब्स में किया निवेश




**मुंबई।** भारत के अग्रणी निजी क्षेत्र के बैंक, एचडीएफसी बैंक ने क्यूएनयू लैब्स में निवेश की घोषणा की है, जो फुल-स्टैक एंड-टू-एंड क्वांटम-सेफ साइबर सुरक्षा प्लेटफ़ॉर्म में अग्रणी है। यह पहल क्वांटम सुरक्षा को आगे बढ़ाने और स्वदेशी नवाचार के माध्यम से भारत की डिजिटल संप्रभुता को मज़बूत करने की क्यूएनयू की प्रतिबद्धता को बल देती है। एचडीएफसी बैंक के ट्रेजरी के समूह प्रमुख, अरूप रक्षित ने कहा, क्यूएनयू में निवेश हमें एक स्वदेशी और भविष्य के लिए तैयार नवाचार का समर्थन करने का अवसर देता है। क्वांटम साइबर सुरक्षा क्षेत्र में सक्रिय समाधान विकसित करके, क्यूएनयू लैब्स अपने क्वांटम-सेफ संचार नेटवर्क के साथ वित्तीय क्षेत्र में एक बहुमूल्य योगदान देता है।

## सिट्रॉएन इंडिया ने व्यापक खुदरा और डीलर वित्त समाधान प्रदान करने के लिए एचडीएफसी बैंक के साथ की साझेदारी

**मुंबई।** वाहन स्वामित्व को सरल बनाने और ग्राहकों और डीलरों दोनों के लिए वित्तीय पहुँच बढ़ाने के साझा दृष्टिकोण के साथ सिट्रॉएन इंडिया ने सर्वश्रेष्ठ खुदरा और डीलर वित्त समाधान प्रदान करने के लिए भारत के सबसे बड़े निजी क्षेत्र के बैंक, एचडीएफसी बैंक के साथ साझेदारी की है। यह रणनीतिक कदम स्टेलंटिस-एचडीएफसी गठबंधन को और मजबूत करता है, जिससे एचडीएफसी बैंक भारत में जीप, मासेराती और अब सिट्रॉएन सहित सभी स्टेलंटिस ब्रांडों के लिए एकमात्र पसंदीदा वित्तपोषक बन गया है। इस समझौता ज्ञापन पर स्टेलंटिस इंडिया के बिजनेस हेड और डायरेक्टर – स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप्स × इंस्टीटूशनल बिज़नेस, श्री शिशिर मिश्रा और एचडीएफसी बैंक के बिजनेस हेड – ऑटो लोन, इन्वेंट्री फाइनेंस और टू-व्हीलर लोन, श्री अखिलेश कुमार रॉय ने हस्ताक्षर किए।

---

### न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)

–: ईश्तहार :–

रा.प्र.क्रमांक / 202509115600003/ अ-6/2024-2025
रायपुर, दिनांक 01/09/2025
ग्राम-भाठागांव, प.ह.नं.- 60,
तहसील व जिला रायपुर

एतद द्वारा सर्वसाधारण का सूचित किया आवेदकगण 01. जितेन्द्र बड़वानी 02. मुरलीधर दोनो पिता स्व.श्री जोधाराम बड़वानी निवासी फाफाडीह, नाका रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर आवेदन पत्र में आवेदकगण के पिता स्व. श्री जोधराम बड़वानी व गुलाबमल के स्वामित्व एवं आधिपत्य में ग्राम भाठागांव प.ह.नं. 60, रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि जिसका खसरा नं. 1015, रकबा 0.202 हे., 1016 रकबा 0.571 हे., 1017 रकबा 0.380 हे., 1018/1 रकबा 0.081 हे., 1018/2 रकबा 0. 918 हे., 1019 रकबा 0.890 हे., 1020/1 रकबा 0.404 हे., 1022/1 रकबा 0.065 हे., 1022/2 रकबा 0.065 हे., 1022/3 रकबा 0.065 हे., 1022/4 रकबा 0.065 हे., 1022/5 रकबा 0.065 हे., 1022/7 रकबा 0.065 हे., 1022/8 रकबा 0.061 हे., 1022/9 रकबा 0.065 हे. व 1022/10 रकबा 0.061 हे., कुल 16 खसरों की भूमि कुल रकबा 4.023 हे., भूमि है आवेदकगण के पिता स्व. श्री जोधाराम बड़वानी ने अपने जीवनकाल में उक्त संपत्ति व अन्या संपत्ति का पंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 12/04/2002 को निष्पादित किया था उपरोक्त वर्णित 16 खसरों की भूमि वसीयत में आवेदकगण के पिता द्वारा आवेदकगण को प्रदान की गई है आवेदकगण के पिता स्व.श्री जोधाराम बड़वानी की मृत्यु दिनांक 17/07/2013 को हो चुका है जिसका मृत्यु प्रमाण पत्र की छाया प्रति इस आवेदन के साथ संलग्न है जिनके विधिक वारिसान में आवेदकगण 01. जितेन्द्र बड़वानी 02. मुरलीधर दोनो पिता स्व. श्री जोधाराम बड़वानी इनके अलावा कोई वारिसान नही है। अतः मृतक भूमिस्वामी का नाम राजस्व अभिलेखों से विलोपित कर विधिक वारिसान की हैसियत से वारिसानो का नाम तथा शेष खातेदार का नाम यथावत राजस्व अभिलेखों में दर्ज किये जाने हेतु आवेदक का निवेदन है

उक्त प्रकरण की सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 22/09/2025 को होगी।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा / आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से मय दस्तावेज अपनी लिखित दावा/आपत्ति दिनांक 22/09/2025 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति। पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01/09/2075 का मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार,
रायपुर (छ.ग.)

---

### शपथ-पत्र

मैं श्रीमती दीपाली मोहता (**DEEPALI MOHTA**) उम्र-43 वर्ष पति श्री जयंत कुमार मोहता निवासी- A 15 सेंचुरी कालोनी दीनदयाल उपाध्याय नगर डंगनिया रायपुर, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. की हूँ शपथ पूर्वक निम्न कथन करती हूँ कि :-

1. यह कि मैं उपरोक्त पते की निवासिनी हूँ मेरी जन्मतिथि 19-01-1982, तथा मेरा आधार कार्ड क्रमांक 7590 9082 5362 है एवं मेरा पैन कार्ड नं. BLHPM 0815L है।

2. यह कि मेरा विवाह श्री जयंत कुमार मोहता पिता सूरज भान मोहता निवासी – A15 सेंचुरी कालोनी दीनदयाल उपाध्याय नगर डंगनिया रायपुर, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. के साथ दिनांक 11.07.2008 को हिन्दू रीती रिवाज के अनुसार सम्पन्न हुआ है।

3. यह कि विवाह पूर्व मैं कु. पिंकी मंत्री पिता श्री सुरेश मंत्री निवासी – सावित्री निवास मंत्री निकेतन सुंदर नगर भिलाई जिला दुर्ग छ.ग. के नाम से जानी पहचानी पुकारी जाती थी। हमारे समाज की रीति-रिवाज अनुसार विवाह उपरान्त वधु का नया नाम रखा जाता है इसी परिपेक्ष्य में मेरे ससुराल में मेरा नया नाम पति के सरनेम सहित दीपाली मोहता पति श्री जयंत कुमार मोहता रखा गया है जो मुझे भी स्वीकार है अब मैं अपने नए नाम श्रीमती दीपाली मोहता पति श्री जयंत कुमार मोहता निवासी दीनदयाल उपाध्याय नगर डंगनिया रायपुर से जानी पहचानी पुकारी जाती हूँ।

4. यह कि आज दिनांक से मुझे मेरे इसी नाम दीपाली मोहता पति श्री जयंत कुमार मोहता नाम से जाना पहचाना एवं पुकारा जावे तथा मुझसे सम्बन्धित सभी शासकीय गैर शासकीय दस्तावेजों में मेरा यही नाम दर्ज किया जावे।

5. यह कि यह शपथ पत्र मैं सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किये जाने हेतु निष्पादित कर रही हूँ।

सत्यापन :-

मैं उपरोक्त शपथकर्ती ने इस शपथ पत्र की कंडिका एक से पांच में वर्णित तथ्यों को पढ़कर समझकर सही होना पाकर अपने हस्ताक्षर से आज दिनांक को मुकाम रायपुर में सत्यापित किया।

शपथकर्ती
श्रीमती दीपाली मोहता

---

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.- 06)
:: आई .एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर ::
Email ID-rmczone6@gmail.com

पत्र क्र./23998/न.पा.नि./ जोन क्र.-06/2025
रायपुर, दिनांक 02/09/2025

// इश्तिहार //

नामांतरण प्र.क्र. 23998
वार्ड का नाम- 63- ब्रिगेडियर उस्मान वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 63 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपटी आई.डी. **RPR455I0114B** जो की निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **NARAYAN SINGH** पिता/पति श्री/श्रीमती **PARSA RAM THAKUR** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **KRISHNA THAKUR** पिता/पति श्री/श्रीमती **LATE NARAYAN PRASAD THAKUR** ने मृत्यु प्रमाण पत्र सह पत्र शपथ पत्र दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**SAHMATI PATRA**/ वंशानुक्रम अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

(जोन कमिश्नर)
जोन क्र. 6
नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

---

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.- 06)
:: आई .एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर ::
Email ID-rmczone6@gmail.com

पत्र क्र./23999/न.पा.नि./ जोन क्र.-06/2025
रायपुर, दिनांक 02/09/2025

// इश्तिहार //

नामांतरण प्र.क्र. 23999
वार्ड का नाम- 63- ब्रिगेडियर उस्मान वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 63 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपटी आई.डी. **RPR455I0114B** जो की निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **NARAYAN SINGH** पिता/पति श्री/श्रीमती **PARSA RAM THAKUR** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **PARMANAND THAKUR** पिता/पति श्री/श्रीमती **LATE NARAYAN PRASAD THAKUR** ने मृत्यु प्रमाण पत्र सह पत्र शपथ पत्र दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**SAHMATI PATRA**/ वंशानुक्रम अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

(जोन कमिश्नर)
जोन क्र. 6
नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

---

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.- 06)
:: आई .एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर ::
Email ID-rmczone6@gmail.com

पत्र क्र./24000/न.पा.नि./ जोन क्र.-06/2025
रायपुर, दिनांक 02/09/2025

// इश्तिहार //

नामांतरण प्र.क्र. 24000
वार्ड का नाम- 63- ब्रिगेडियर उस्मान वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 63 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपटी आई.डी. **RPR455I00114** जो की निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **NARAYAN SINGH** पिता/पति श्री/श्रीमती **PARSA RAM THAKUR** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **ASHA THAKUR** पिता/पति श्री/श्रीमती **W/O LATE DURGA PRASAD THAKUR** ने मृत्यु प्रमाण पत्र सह पत्र शपथ पत्र दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**SAHMATI PATRA**/ वंशानुक्रम अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

(जोन कमिश्नर)
जोन क्र. 6
नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

---

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.- 06)
:: आई .एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर ::
Email ID-rmczone6@gmail.com

पत्र क्र./24002/न.पा.नि./ जोन क्र.-06/2025
रायपुर, दिनांक 02/09/2025

// इश्तिहार //

नामांतरण प्र.क्र. 24002
वार्ड का नाम- 63- ब्रिगेडियर उस्मान वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 63 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपटी आई.डी. **RPR455N0056A** जो की निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **Sarharam** पिता/पति श्री/श्रीमती **Somnath** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **SHIV KUMAR NISHAD** पिता/पति श्री/श्रीमती **W/O LATE RATAN LAL NISHAD** ने मृत्यु प्रमाण पत्र सह पत्र शपथ पत्र दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**SAHMATI PATRA**/ वंशानुक्रम अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

(जोन कमिश्नर)
जोन क्र. 6
नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

---

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.- 10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email ID-rmczone10@gmail.com

पत्र क्रं. /23941/ न.पा.नि./ जोन क्रं. 10/2025
रायपुर दिनांक 02/09/2025

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 23941
वार्ड का नाम-53- बाबू जगजीवन राम वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR651L00626** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **Khediya gayakwad** पिता/पति श्री/श्रीमती **Khorbahra gayakwad** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती गंगा गायकवाड़ पिता/पति श्री श्रीमती खोरबाहरा गायकवाड़ ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/शपथ पत्र, टैक्स रसीद, परिचय दस्तावेज, सहमती पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र व अन्य दस्तावेज / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

(जोन कमिश्नर)
जोन क्र. 10
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

---

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.- 06)
:: आई .एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर ::
Email ID-rmczone6@gmail.com

पत्र क्र./23969/न.पा.नि./ जोन क्र.-06/2025
रायपुर, दिनांक 02/09/2025

// इश्तिहार //

नामांतरण प्र.क्र. 23969
वार्ड का नाम- 59- मोरेश्वर राव गद्रे वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 59 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपटी आई डी **RPR653G00049** जो की निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **SHAHISTA BEGUM** पिता/पति श्री/श्रीमती **LATE. MAHMUD BAKSH** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **HAKKANI BAKSA** पिता/पति श्री/श्रीमती **LATE. MAHAMUD BAKSA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र सह पत्र शपथ पत्र दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**SAHMATI PATRA**/ वंशानुक्रम अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

(जोन कमिश्नर)
जोन क्र. 6
नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

---

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.- 06)
:: आई .एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर ::
Email ID-rmczone6@gmail.com

पत्र क्र./23697/न.पा.नि./ जोन क्र.-06/2025
रायपुर, दिनांक 02/09/2025

// इश्तिहार //

नामांतरण प्र.क्र. 23697
वार्ड का नाम- 60- चन्द्रशेखर आजाद वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 60 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपटी आई डी **RPR652F01105** जो की निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **RAJENDRA KUMAR DHIWAR** पिता/पति श्री/श्रीमती **LATE AMRU RAM DHIWAR** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **DURPATI GHRITLAHARE** पिता/पति श्री/श्रीमती **W/O ASHWANI GHRITLAHARE** ने मृत्यु प्रमाण पत्र सह पत्र शपथ पत्र दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

(जोन कमिश्नर)
जोन क्र. 6
नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

---

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.- 06)
:: आई .एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर ::
Email ID-rmczone6@gmail.com

पत्र क्र./23971/न.पा.नि./ जोन क्र.-06/2025
रायपुर, दिनांक 02/09/2025

// इश्तिहार //

नामांतरण प्र.क्र. 23971
वार्ड का नाम- 59- मोरेश्वर राव गद्रे वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 59 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपटी आई डी **RPR653F00125** जो की निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **SHEIKH ARIF** पिता/पति श्री/श्रीमती **A. RAHIM** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **reshama begum** पिता/पति श्री/श्रीमती **anwar hussain** ने मृत्यु प्रमाण पत्र सह पत्र शपथ पत्र दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**malma bikri nama**/ वंशानुक्रम अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

(जोन कमिश्नर)
जोन क्र. 6
नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

---

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.- 06)
:: आई .एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर ::
Email ID-rmczone6@gmail.com

पत्र क्र./23965/न.पा.नि./ जोन क्र.-06/2025
रायपुर, दिनांक 02/09/2025

// इश्तिहार //

नामांतरण प्र.क्र. 23965
वार्ड का नाम- 61- श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 61 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपटी आई डी **RPR663R01364** जो की निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **ALISHA** पिता/पति श्री/श्रीमती **DINESH MALTI KINNAR** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **HARSHITA MANIKPURI** पिता/पति श्री/श्रीमती **W/O ARPIT KHARE** ने मृत्यु प्रमाण पत्र सह पत्र शपथ पत्र दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

(जोन कमिश्नर)
जोन क्र. 6
नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

---

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.- 06)
:: आई .एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर ::
Email ID-rmczone6@gmail.com

पत्र क्र./24003/न.पा.नि./ जोन क्र.-06/2025
रायपुर, दिनांक 02/09/2025

// इश्तिहार //

नामांतरण प्र.क्र. 24003
वार्ड का नाम- 63- ब्रिगेडियर उस्मान वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 63 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपटी आई.डी. **RPR455N00056** जो की निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **Sarharam** पिता/पति श्री/श्रीमती **Somnath** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **ANAND KUMAR NISHAD** पिता/पति श्री/श्रीमती **LATE RATAN LAL NISHAD** ने मृत्यु प्रमाण पत्र सह पत्र शपथ पत्र दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**SAHMATI PATRA**/ वंशानुक्रम अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

(जोन कमिश्नर)
जोन क्र. 6
नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

---

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.- 06)
:: आई .एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर ::
Email ID-rmczone6@gmail.com

पत्र क्र./23997/न.पा.नि./ जोन क्र.-06/2025
रायपुर, दिनांक 02/09/2025

// इश्तिहार //

नामांतरण प्र.क्र. 23997
वार्ड का नाम- 62- शहीद राजीव पांडे वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 62 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपटी आई.डी. **RPR654K00167** जो की निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **NEERA VERMA** पिता/पति श्री/श्रीमती **NILKANTHA VERMA** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **TANIYA SULTANA** पिता/पति श्री/श्रीमती **W/O MIRAJUL HAQ** ने मृत्यु प्रमाण पत्र सह पत्र शपथ पत्र दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

(जोन कमिश्नर)
जोन क्र. 6
नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

---

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.- 06)
:: आई .एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर ::
Email ID-rmczone6@gmail.com

पत्र क्र./24008/न.पा.नि./ जोन क्र.-06/2025
रायपुर, दिनांक 02/09/2025

// इश्तिहार //

नामांतरण प्र.क्र. 24008
वार्ड का नाम- 62- शहीद राजीव पांडे वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 62 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपटी आई.डी. **RPR650C00513** जो की निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **SHUDHA TIWARI** पिता/पति श्री/श्रीमती **PRAMOD KUMAR TIWARI** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **RUPA SAHU** पिता/पति श्री/श्रीमती **W/O KRISHNA KUMAR SAHU** ने मृत्यु प्रमाण पत्र सह पत्र शपथ पत्र दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**MALMA BIKRINAMA**/ वंशानुक्रम अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

(जोन कमिश्नर)
जोन क्र. 6
नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

---

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.- 3)
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
Email ID-rmczone3@gmail.com

पत्र क्रं. / 23984/ न.पा.नि./ जोन क्रं. 3/2025
रायपुर दिनांक 02/09/2025

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र.23984
वार्ड का नाम-31-नेताजी सुभाषचंद्र बोस वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 31 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR229E0306D** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **AJAY** पिता/पति श्री/श्रीमती **RAMCHAND** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती श्रीमती संध्या सेन पिता/पति श्री/श्रीमती पति विनोद सेन ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

श्री रमेश कुमार जायावाल
(जोन कमिश्नर)
जोन क्र. 3
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

---

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.- 3)
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
Email ID-rmczone3@gmail.com

पत्र क्रं. / 23985 न.पा.नि./ जोन क्रं. :/2025
रायपुर दिनांक 02/09/2025

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र.23985
वार्ड का नाम-31-नेताजी सुभाषचंद्र बोस वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 31 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR328R00077** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **G.G.K. MURTI** पिता/पति श्री/श्रीमती ...... के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती 1.जी.सुनील मूर्ति,2.श्रीमती बी.अनीता राव,3.श्रीमती वडली सुनीता राव पिता/पति श्री/श्रीमती 1.पिता स्व. जी.जी. के.मूर्ति,2.पति बी सत्य प्रसाद राव,3.वडली कामेश्वर राव ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **shapath patr,sahmati patr,adhar card,mrityu parman patr, old ragistri** / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

श्री रमेश कुमार जायावाल
(जोन कमिश्नर)
जोन क्र. 3
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

---

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.- 04)
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
Email ID-rmczone4@gmail.com

पत्र क्रं. / 23414/ न.पा.नि./ जोन क्रं. 4/2025
रायपुर दिनांक 27/08/2025

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र.23414
वार्ड का नाम-43- ब्राम्हणपारा वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 43 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR758E0216A** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **INDRANI SENDEKAR** पिता/पति श्री/श्रीमती **ASHWANI SANDEKAR** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती मोहन सांडेकर पिता/पति श्री/श्रीमती स्व. प्रेमलाल सांडेकर ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ शपथ पत्र, टैक्स रसीद,परिचय दस्तावेज,पारिवारिक व्यवस्था पत्र व अन्य दस्तावेज / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

श्री अरूण ध्रुव
(जोन कमिश्नर)
जोन क्र. 4
नगर पालिक निगम, रायपुर छ.ग.

---

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.- 04)
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
Email ID-rmczone4@gmail.com

पत्र क्रं. / 23415/ न.पा.नि./ जोन क्रं. 4/2025
रायपुर दिनांक 27/08/2025

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र.23415
वार्ड का नाम-43- ब्राम्हणपारा वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 43 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR758E0216B** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **INDRANI SENDEKAR** पिता/पति श्री/श्रीमती **ASHWANI SANDEKAR** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती नन्द कुमार सांडेकर पिता/पति श्री/श्रीमती स्व. प्रेमलाल सांडेकर ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ शपथ पत्र, टैक्स रसीद,परिचय दस्तावेज,पारिवारिक व्यवस्था पत्र व अन्य दस्तावेज / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

श्री अरूण ध्रुव
(जोन कमिश्नर)
जोन क्र. 4
नगर पालिक निगम, रायपुर छ.ग.

---

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.- 04)
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
Email ID-rmczone4@gmail.com

पत्र क्रं. / 23555/ न.पा.नि./ जोन क्रं. 4/2025
रायपुर दिनांक 31/08/2025

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र.23555
वार्ड का नाम-46- सिविल लाईन वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 46 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR440P0005A** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **HAKIMUDDDIN ALI** पिता/पति श्री/श्रीमती **LATE. MULLA ABDUL ALI** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती 1.मोहम्मद सलीम खान पिता गुलाम रसूल खान 2.नसरीन खान पति मोहम्मद सलीम खान पिता/पति श्री/श्रीमती **N/A** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

श्री अरूण ध्रुव
(जोन कमिश्नर)
जोन क्र. 4
नगर पालिक निगम, रायपुर छ.ग.

---

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.- 04)
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
Email ID-rmczone4@gmail.com

पत्र क्रं. / 23554/ न.पा.नि./ जोन क्रं. 4/2025
रायपुर दिनांक 31/08/2025

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र.23554
वार्ड का नाम-46- सिविल लाईन वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 46 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR440P0005B** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **HAKIMUDDDIN ALI** पिता/पति श्री/श्रीमती **LATE. MULLA ABDUL ALI** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती 1.खैरूनिसा जमील पति अहमद जमील 2.जुमाना जमील पति जफर जमील पिता/पति श्री/श्रीमती **N/A** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

श्री अरूण ध्रुव
(जोन कमिश्नर)
जोन क्र. 4
नगर पालिक निगम, रायपुर छ.ग.

---

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. 5)
ईदगाह भाठा, नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID –rmczone5@gmail.com

पत्र क्र./22880/न.पा.नि./जोन क्र.– 5/2025
रायपुर, दिनांक 02.09.2025

इश्तिहार

नामांतरण प्र. क्र. 22880
वार्ड का नाम – 67–भक्तमाता कर्मा वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 67 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR663H0054C** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **KAMLESH DEVI AGRAWAL** पिता/पति श्री/श्रीमती **KISHOR KUMAR AGRAWAL** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/ श्रीमती **MAMTA GAVEL** पिता/पति श्री/श्रीमती **TARA CHAND GAVEL** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह. पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख /वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक 5
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

---

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. 5)
ईदगाह भाठा, नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID –rmczone5@gmail.com

पत्र क्र./22833/न.पा.नि./जोन क्र.– 5/2025
रायपुर, दिनांक 02.09.2025

इश्तिहार

नामांतरण प्र. क्र. 22833
वार्ड का नाम – 67–भक्तमाता कर्मा वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 67 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR567K0318E** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **KAMLESH DEVI AGRAWAL** पिता/पति श्री/श्रीमती **KISHOR KUMAR AGRAWAL** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/ श्रीमती **ARTI SHARMA** पिता/पति श्री/श्रीमती **RAJESH SHUKLA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह. पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख /वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक 5
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

# पापा, मैं ठीक हो जाऊंगी ना? दिल की बीमारी से जूझ रही मासूम शांभवी गुरला का सवाल

### स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने भोपालपटनम से आए परिवार को दिया संपूर्ण इलाज का भरोसा



**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )**

बीजापुर जिले भोपालपटनम ब्लॉक के वरदली गांव की 7वीं कक्षा में पढ़ने वाली 11 वर्षीय शांभवी गुरला की मासूम आंखों में एक ही सवाल था- पापा, मुझे क्या हुआ है, मैं ठीक हो जाऊंगी ना?

खेती-किसानी कर परिवार का गुजारा करने वाले उसके पिता इस सवाल पर अक्सर चुप हो जाते थे। तीन महीने पहले जिला अस्पताल बीजापुर में जब डॉक्टरों ने बताया कि शांभवी को रियूमेटिक हार्ट डिजीज (RHD) है, तो पिता के पांव तले जमीन खिसक गई। डॉक्टरों ने रायपुर में इलाज कराने की बात कही, लेकिन परिवार को लगा कि रायपुर में इलाज में तो बहुत ज्यादा खर्च लगता होगा, ये सोच कर परिवार की उम्मीदें टूटने लगीं।

घर में हर रोज यही चर्चा होती-अब क्या होगा? हम अपनी बेटी का इलाज कैसे कराएंगे? मां रोती और शांभवी को सीने से लगाकर कहती- बेटा, सब ठीक होगा। लेकिन उसके पिता की आंखों में चिंता साफ झलकती थी। आखिरकार उन्होंने हिम्मत जुटाई और बेटी को लेकर सीधे स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के पास पहुंचे। स्वास्थ्य मंत्री ने बच्ची से मुलाकात की और तुरंत ही रायपुर के एडवांस कार्डियक इंस्टिट्यूट में डॉ. स्मित श्रीवास्तव से बात की। स्वास्थ्य मंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज तुरंत शुरू किया जाए। खर्च की चिंता मत करें, सरकार पूरी जिम्मेदारी लेगी।

स्वास्थ्य मंत्री की यह बात सुनते ही शांभवी की मां की आंखों से आंसू बह निकले। उन्होंने कांपती आवाज़ में कहा- 卐मंत्री जी, आप हमारी बेटी को नया जीवन दे रहे हैं। आप हमारे लिए किसी डाक्टर से कम नहीं।卐 स्वास्थ्य मंत्री के निर्देश पर शांभवी को इलाज के लिए एसीआई रायपुर में लाया गया है। यहां डॉक्टरों की टीम उसकी जांच करेगी और उसका इलाज शुरू करेगी।

गौरतलब है कि सरकार का यह कदम सिर्फ एक बच्ची के लिए नहीं, बल्कि राज्य के हर एक गरीब परिवार के लिए भरोसे का संदेश है।

अब माता पिता के चेहरे पर खुशी के भाव देखकर आज शांभवी भी मुस्कुरा रही है और पिता से बार-बार पूछती है- पापा, मैं जल्दी खेल पाऊंगी ना? और इस बार पिता की आंखों में आंसू नहीं, बल्कि उम्मीद की चमक है।

# छत्तीसगढ़ सिन्धु महापंचायत के प्रमुख पदाधिकारी नियुक्त हुए











**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )**

छत्तीसगढ़ सिन्धु महापंचायत के संरक्षक श्री लक्ष्मीचंद गुलवानी, व मुखी श्री बसंत कुकरेजा बने एवं वाइस चेयरमैन बने श्री चंदर विधानी, संजय रहेजा, लक्ष्मण जगवानी,और श्री शिव ग्वालानी को सलाहकार कानून एवं साहित्य विचारक के रूप में नियुक्त किया गया 7 छत्तीसगढ़ सिन्धु महापंचायत के अध्यक्ष श्री अमर गिदवानी ने नियुक्ति की घोषणा की यदि समय रहते कार्रवाई की जाती तो इस तरह की गंभीर घटना नहीं होती।

# पूर्व विधायक कार्यालय में धूम धाम से मनाया नुआखाई



**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )**

पूर्व विधायक . श्रीचंद सुन्दरानी के देवेन्द्र नगर स्थित कार्यालय के एक सभा हॉल सभा मंडप का आज लोकार्पण हुआ सौभाग्य से भगवान् जगन्नाथ जी की पूजा अर्चना से नुआखाई पर्व मनाकर किया गया सर्व प्रथम भगवान् जगन्नाथ जी की पूजा अर्चना के पश्चात सभी उत्कल समाज के साथ मिलकर मनाया और भगवान् जगन्नाथ जी को नव अन्न का भोग लगाया गया तत्पश्चात प्रसाद ग्रहण किया गया इस दौरान छत्तीसगढ़ भाजपा प्रदेश के नेता पूर्व मंत्री किशोर महानंद, मती सावित्री जगत , एम्.आई.सी. सदस्य अमर गिदवानी, पार्षद खगपति सोनी, राधेश्याम बाघ, गोपाल सोना, गोरेलाल नायक, अनूप खेलकर, प्रीतम महानंद, राजेश गुरनानी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनीता महानंद, वीणा सेंद्रे, अशोक बघेल, मेनका बघेल, रेखा विभार, हेमा नायक, निशा पाण्डेय, यशोदा सारथि, लता भारती, नमिता नायक, संतोष निहाल, कृष्णा राणा एवं अन्य सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए 7

# सुषमा के स्नेहिल सृजन



सुषमा के स्नेहिल सृजन
विधा- मुक्तक *
ऐतिहासिक गणेश मेला
चक्रधर समारोह रायगढ़
समारोह संगीत का,
भव्य सजा पाण्डाल।
कथक नृत्य शैली यहाँ,
करती बहुत कमाल।
राज घराना रायगढ़,
जग में हुआ प्रसिद्ध-
नाम चक्रधर सिंह से,
उत्सव सुर-लय ताल।।
नर्तक सह नृत्याँगना,
पाते नित सम्मान।
घुँघरू पग में बाँधकर,
मिली श्रेष्ठ पहचान।
शुभ सुषमा साहित्य में,
आयोजन यह दिव्य-
गीत गजल संगीत के,
संस्थापक विद्वान।।
...कवयित्री सुषमा प्रेम पटेल(रायपुर छ.ग.)

# SSP डॉ. लाल उमेद सिंह का निर्देश, अब दोपहिया वाहन के साथ अनिवार्य होगा हेलमेट



**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )**

राजधानी रायपुर में सड़क हादसों की बढ़ती घटनाओं और दोपहिया चालकों की मौतों पर नियंत्रण के लिए पुलिस अब सख्त रुख अपना रही है। इसी क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) डॉ. लाल उमेद सिंह ने शहर और आसपास के सभी दोपहिया वाहन डीलर्स की बैठक लेकर स्पष्ट निर्देश दिया कि अब हर वाहन के साथ हेलमेट अनिवार्य रूप से बेचना होगा। बैठक यातायात कार्यालय में आयोजित की गई, जिसमें रायपुर शहर के 51 वाहन डीलर्स के अलावा रायपुर ऑटो डीलर्स एसोसिएशन (राडा) के उपाध्यक्ष कैलाश खेमानी और एमजी रोड व्यापारी संघ के अध्यक्ष संजय जदवानी भी मौजूद रहे। इस अवसर पर क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी आशीष देवांगन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत शुक्ला, एएसपी यातायात/प्रोटोकॉल डॉ. अनुराग झा, डीएसपी सतीश ठाकुर और गुरजीत सिंह भी उपस्थित रहे।

**हादसों का आंकड़ा चिंताजनक**

एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह ने बैठक में बताया कि रायपुर जिले में बीते सात महीनों में सड़क हादसों में 214 लोगों की मौत हुई है, जिनमें अधिकांश मौतें सिर पर चोट लगने से हुई हैं। उन्होंने कहा कि सड़क हादसे केवल एक व्यक्ति की जिंदगी नहीं छीनते, बल्कि एक पूरे परिवार और उनकी आने वाली पीढ़ियों को प्रभावित करते हैं। डॉ. सिंह ने कहा कि युवाओं में तेज रफ्तार, स्टंट और रील बनाने की प्रवृत्ति बढ़ रही है। खासकर नवा रायपुर जैसे इलाकों में युवा वर्ग स्पीड बाइक लेकर खतरनाक स्टंट करता है, जिससे हादसे होते हैं और कई बार मौत भी हो जाती है।

डीलर्स की भूमिका अहम

एसएसपी ने डीलर्स से कहा कि जैसे आप वाहन बेचते समय ग्राहकों को कई विकल्प देकर उन्हें प्रभावित करते हैं, वैसे ही अब उनकी सुरक्षा के बारे में भी समझाना होगा। वाहन खरीदने वालों को यह बताना आवश्यक है कि हेलमेट क्यों जरूरी है। क्या वाहन खरीदने वाला बालिग है या नाबालिग।

क्या उसके पास वैध ड्राइविंग लाइसेंस है।

स्पीड बाइक खरीदने पर उसकी सुरक्षा प्रणाली, ब्रेकिंग सिस्टम और भार वहन क्षमता की पूरी जानकारी दी जाए।

## दुर्घटनाओं में जान गंवाने वालों के परिजनों को जिला प्रशासन ने दी राहत

**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार जिला प्रशासन आपदा और दुर्घटनाओं के मामलों में तेजी से कार्रवाई कर रही है। आरबीसी 6-4 के तहत मुआवजा वितरण की प्रक्रिया को शीघ्र पूरा कर प्रभावित परिवारों को सहायता राशि प्रदान की जा रही है। इसी कड़ी में कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देश पर दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं में जान गंवाने वाले जिले के दो मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। बनरसी निवासी निर्मला जोशी (आग में जलने) तथा जोरापारा रायपुरा निवासी नजीर मोहम्मद (नदी में डूबने से मृत्यु) हो गई थी। जिनके परिजनों को मुआवजा राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। राज्य सरकार द्वारा प्रभावित परिवारों को शीघ्र राहत पहुंचाने की इस पहल से संकटग्रस्त परिजनों को आर्थिक संबल मिलेगा।

# 6वीं नेशनल थाई बॉक्सिंग चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ ने हासिल किया दूसरा स्थान

## महापौर मीनल ने बच्चों को बधाई देकर की उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना



**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )**

थाई बॉक्सिंग इंडिया 6वीं नेशनल थाई बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2025 का आयोजन थाई बॉक्सिंग एसोसिएशन उत्तरप्रदेश द्वारा दिनांक 29 अगस्त से 31अगस्त 2025 तक बनारस में किया गया।

इसमें पूरे देश भर से 22 राज्यों ने प्रतिनिधित्व कर बनारस में अपना तीनों कैटेगरी सब जूनियर, जूनियर और सीनियर कैटेगरी खेल में अपना जौहर सभी राज्यों द्वारा प्रदर्शित किया गया।

छत्तीसगढ़ राज्य से भी सभी जिलों से अपने स्कूलों से बच्चों को प्रतिनिधित्व के लिए उत्तर प्रदेश भेजा गया था। जिसमें मुख्य रूप से दंतेवाड़ा जिला, रायपुर जिला, कोरबा जिला एवं बिलासपुर जिले से लगभग 91 बच्चे खेल में भाग लिए।

थाई बॉक्सिंग में बच्चे अपनी प्रतिभा दिखाते हुए छत्तीसगढ़ को दूसरा स्थान दिलाकर राज्य का गौरव बढ़ाया।

जीत से लबरेज बच्चों का रायपुर आगमन पर रायपुर नगर पालिक निगम की महापौर मीनल चौबे ने बच्चों से मिलकर उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की एवं साथ में उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की एवं बच्चों को बधाई दी।

वर्ल्ड बीयर अवॉर्ड्स 2025

# छत्तीसगढ़ की सिंबा ने भारत का बढ़ाया मान, जीता सिल्वर और ब्रॉन्ज




**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )**

सिंबा बीयर ने वर्ल्ड बीयर अवॉर्ड्स 2025 में सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल जीतकर इतिहास रच दिया है और साबित कर दिया है कि भारतीय क्राफ्ट बीयर अब वैश्विक स्तर पर सम्मान पाने के लिए पूरी तरह तैयार है। भारत की बीयर इंडस्ट्री अब तक बड़े नामों और मास-मार्केट लेगर्स तक ही सीमित रही थी, जहाँ पैमाने को स्वाद और क्रिएटिविटी से ऊपर रखा जाता था। लेकिन इस अगस्त कहानी बदल गई। देश की होमग्रोन क्राफ्ट पायनियर सिंबा बीयर ने अपने विटबियर और स्टाउट के लिए यह प्रतिष्ठित अवॉर्ड हासिल किया। शायद आम उपभोक्ताओं के लिए यह एक और अवॉर्ड सूची जैसा लगे, लेकिन बीयर इंडस्ट्री और विशेषज्ञों के लिए इसका महत्व कहीं ज्यादा है। वर्ल्ड बीयर अवॉर्ड्स में जजिंग प्रक्रिया बेहद सख्त और निष्पक्ष होती है। हर बीयर को ब्लाइंड टेस्ट किया जाता है। जूरी को न तो ब्रांड का नाम पता होता है, न देश और न ही पृष्ठभूमि। वे सिर्फ बीयर की स्टाइल के आधार पर उसे अंतरराष्ट्रीय मानकों से परखते हैं। ऐसे में सिंबा का यह जीतना इस बात का सबूत है कि भारतीय क्राफ्ट बीयर न केवल घरेलू स्तर पर बल्कि वैश्विक मानकों पर भी खरी उतरती है।

सिंबा के लिए यह मेडल वर्षों की मेहनत और जुनून का परिणाम हैं। सिंबा बीयर के सह-संस्थापक और सीओओ ईश्वराज सिंह भाटिया ने इस उपलब्धि पर कहा, हम बेहद गर्व महसूस कर रहे हैं कि सिंबा ने वैश्विक मंच पर अपनी चमक बिखेरी है। शुरुआत से ही हमारा सपना था कि भारतीय क्राफ्ट बीयर को दुनिया के नक्शे पर जगह दिलाई जाए और यह अवॉर्ड्स हमारी टीम की मेहनत, इनोवेशन और क्वालिटी के प्रति समर्पण का प्रमाण हैं।यह अवॉर्ड सिर्फ एक जीत नहीं बल्कि इंडस्ट्री के लिए बड़ा संदेश भी है। भारत का क्राफ्ट बीयर सेक्टर अभी युवा है और अलग-अलग राज्यों के जटिल नियम, डिस्ट्रीब्यूशन की मुश्किलें और उपभोक्ताओं में जागरूकता की कमी जैसी चुनौतियों से गुजर रहा है। ऐसे में वैश्विक मान्यता मिलना सिर्फ मार्केटिंग नहीं बल्कि असली वैलिडेशन है। यह दर्शाता है कि कठिन परिस्थितियों में भी भारत की बीयर ऐसी क्वालिटी बना सकती है जिसे दुनिया के विशेषज्ञ सम्मान दें।

सिंबा हमेशा से मुख्यधारा की भीड़ से अलग पहचान बनाने की राह पर चला है। जहां बड़े ब्रांड एकरूपता और वॉल्यूम के पीछे भागते हैं, सिंबा ने फ्लेवर, क्रिएटिविटी और ओरिजिनैलिटी पर फोकस किया। यही कारण है कि उसने न सिर्फ बीयर बनाई बल्कि संगीत, कला और क्रिएटिविटी की दुनिया से भी जुड़ाव बनाया। इस सांस्कृतिक जुड़ाव के कारण ही आज उसके मेडल केवल तकनीकी जीत नहीं बल्कि एक सांस्कृतिक जीत भी माने जा रहे हैं।इस सफलता का असर केवल सिंबा तक सीमित नहीं रहेगा बल्कि पूरे भारतीय क्राफ्ट सेक्टर तक पहुंचेगा। ऐसे अवॉर्ड्स नए बेंचमार्क सेट करते हैं, अन्य ब्रुअर्स को प्रोत्साहित करते हैं और सबसे महत्वपूर्ण, भारतीय बीयर की छवि को बदलते हैं।

# राष्ट्रपति स्काउट्स एंड गाइड्स अलंकरण समारोह में छत्तीसगढ़ के 8 स्काउट्स

**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )**

स्थित भारत मंडपम में आयोजित राष्टपति स्काउट्स एंड गाइड्स अलंकरण समारोह में छत्तीसगढ़ के आठ प्रतिभावान स्काउट्स, गाइड्स और रेंजर्स को सम्मानित किया गया। यह प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। इस अवसर पर रायपुर सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता बृजमोहन अग्रवाल तथा भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के राष्टीय अध्यक्ष अनिल कुमार जैन ने बताया कि सम्मानित होने वाले स्काउट्स, गाइड्स और रेंजर्स में शामिल हैं स्काउट सौरभ कुमार धृतलहरे, स्काउट निखिल साहू, गाइड रोशनी पटेल गाइड आकृति खुंटे, गाइड सुरेखा कंवर, रेंजर राजेश्वरी साहू, रेंजर कोमल शर्मा और रेंजर गीता वैष्णव शामिल है।




यह उपलब्धि छत्तीसगढ़ की प्रतिभाओं और राज्य में स्काउट आंदोलन की निरंतर प्रगति को दर्शाती है। सांसद श्री अग्रवाल ने इन सभी को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के ये होनहार युवा न केवल अपने परिवार और संस्थान का नाम रोशन कर रहे हैं बल्कि पूरे प्रदेश का गौरव बढ़ा रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि स्काउट्स एंड गाइड्स जैसी संस्थाएँ बच्चों और युवाओं में अनुशासन, सेवा भाव, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्रभक्ति की भावना का विकास करती हैं। भविष्य में भी प्रदेश के अधिक से अधिक युवाओं को इस आंदोलन से जुड़ने का आह्वान करते हुए उन्होंने आशा व्यक्त की कि छत्तीसगढ़ की प्रतिभाएँ राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसी प्रकार उपलब्धियाँ हासिल करती रहेंगी।

सम्पादकीय

## तुरंत मदद जरूरी

कई दशकों की सबसे बड़ी विनाशकारी बाढ़ की त्रासदी झेल रहे पंजाब में जन-धन की व्यापक क्षति हुई है। खेतों में खड़ी फसलें ही नष्ट नहीं हुई हैं बल्कि खेतों की उर्वरता की भी हानि हुई है। लेकिन जिस गति से उत्तर भारतीय राज्यों को बाढ़ ने अपनी चपेट में लिया है, उसको लेकर राहत की तत्काल प्रतिक्रिया केंद्र सरकार की तरफ से नजर नहीं आती। फिलहाल पंजाब, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और जम्मू-कश्मीर विनाशकारी बाढ़ की चपेट में हैं। विनाशकारी बाढ़ ने व्यापक पैमाने पर फसलों को तबाह किया, घरों को तहस-नहस किया, पशु धन की बर्बादी हुई है और बाढ़ के पानी ने महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को तहस-नहस कर दिया है। इस आसमानी आफत के सामने लोग लाचार व असहाय नजर आ रहे हैं। नागरिक इस संकट के वक्त में शासन से जिस सहानुभूति और निर्णायक मदद की कार्रवाई की उम्मीद कर रहे थे, उसके बजाय नौकरशाही की सुस्ती और नाममात्र की घोषणाओं ने उन्हें निराश किया है। इस संकट की घड़ी में वे तंत्र की काहिली बर्दाश्त करने को तैयार नहीं हैं। इसमें दो राय नहीं है कि पंजाब पहले ही कृषि संकट से जूझ रहा था। लेकिन बाढ़ की तबाही ने उसके बड़े उपजाऊ क्षेत्र के संकट को और गंभीर बना दिया है। किसानों को अब सामान्य स्थिति बहाल करने में सालों लग जाएंगे। इसी तरह हिमाचल लगातार दूसरे वर्ष भी अतिवृष्टि जनित व्यापक तबाही की मार झेल रहा है। आपदाग्रस्त हिमाचल में सड़कों का ताना-बाना बिखर गया है। बादल फटने की घटनाओं में अप्रत्याशित वृद्धि ने व्यापक जन-धन की हानि की है। राज्य अभी बीते वर्ष की आपदा के जख्मों से उबरा नहीं था कि इस साल अतिवृष्टि ने भयावह तबाही का मंजर पैदा कर दिया। तमाम इलाकों से भूस्खलन और तबाही की खबरें आ रही हैं। राज्य ढहे पुलों और फंसे पर्यटकों के संकट से जूझ रहा है। इससे इस संवेदनशील पहाड़ी राज्य की अर्थव्यवस्था भी खतरे में पड़ गई है।

इसी तरह हरियाणा के अनेक गांव मुख्य भू-भाग से कट गए हैं। सड़कें नष्ट हुई हैं और मवेशी बह गए हैं। जम्मू-कश्मीर में बादल फटने की घटनाओं और बाढ़ ने व्यापक जन-धन की हानि की है। बाढ़ ने हजारों लोगों को विस्थापित कर दिया है। जिसके चलते राज्य का नाजुक सामाजिक और आर्थिक ताना-बाना बिगड़ गया है। केंद्र सरकार आपदा राहत की अनुग्रह राशि के चेक देकर और राहत से जुड़े बयानों तक सीमित नहीं रह सकती। इन राज्यों में विनाश के स्तर को देखते हुए तत्काल और ठोस हस्तक्षेप करने की जरूरत है। वक्त की मांग है कि इन क्षेत्रों के लिये विशेष राहत पैकेज की घोषणा हो। आपदा राहत निधि का त्वरित वितरण किया जाए।

# ड्रैगन और हाथी की मुलाकात से वैश्विक राजनीति में बड़ी हलचल हो गयी है

**प्र भारत हमेशा से अपनी रणनीतिक स्वायत्तता को महत्व देता रहा है। डोनाल्ड ट्रंप की 'मेरा कहना मानो वरना टैरिफ झेलो' वाली नीतियों ने इस सिद्धांत की सबसे बड़ी परीक्षा ली। मोदी ने न ट्रंप की 'नोबेल पुरस्कार' वाली हठधर्मिता को महत्व दिया, न ही उनकी टीम की उकसावे भरी बातों पर प्रतिक्रिया दी। भारत ने रूसी तेल खरीदने का निर्णय भी जारी रखा और पीछे नहीं हटा। तिआनजिन में शी जिनपिंग के साथ बैठक का सबसे बड़ा संदेश यही था कि भारत अपने निर्णय स्वतंत्र रूप से लेगा और किसी तीसरे देश की इच्छा से प्रभावित नहीं होगा। यह भी बता दें कि चीन की 'वुल्फ वॉरियर डिप्लोमेसी' अब नरम पड़ती दिखाई दे रही है। इसके पीछे कई कारण हैं। जैसे- चीन की धीमी होती अर्थव्यवस्था, रियल एस्टेट जैसे क्षेत्रों की समस्याएँ और बढ़ती युवा बेरोज़गारी, जिसने 'नकली काम' करने वाली कंपनियों तक को जन्म दिया है। हालाँकि, चीनी राजनीति में फिर से अतिराष्ट्रवाद लौट सकता है। भारत इस संभावना को समझता है और इसी कारण एलएसी पर अपनी रक्षा क्षमता मज़बूत करते हुए चीन के साथ रिश्तों को नए सिरे से संतुलित कर रहा है।**



नीरज कुमार दुबे।

तियानजिन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाक़ात को सिर्फ़ औपचारिक कूटनीतिक शिष्टाचार मान लेना भूल होगी। यह दरअसल उन जटिल और उलझे रिश्तों को नया आकार देने का प्रयास था, जिन्हें पूर्वी लद्दाख में चीनी घुसपैठ ने गहरी चोट पहुँचाई थी। सीमा पर खून बहने के बाद अब बीजिंग नरमी दिखा रहा है, तो यह उसकी मज़बूरी है— भारत की नहीं। भारत ने यह बार-बार साफ किया है कि रिश्ते तभी आगे बढ़ेंगे जब सीमा पर शांति होगी। मोदी ने तियानजिन में यही संदेश दोहराया कि सीमा स्थिर रहेगी तभी भरोसा टिकेगा। देखा जाये तो चीन की पंचशील वाली बात भारत के लिए खोखले आश्वासन से ज्यादा मायने नहीं रखती क्योंकि पिछले वर्षों का अनुभव यही कहता है कि बीजिंग के शब्द और ज़मीन पर उसका व्यवहार मेल नहीं खाते। असली सवाल अब यही है कि क्या बीजिंग अपने वादों को ज़मीन पर उतारेगा, या फिर एक बार फिर हाथ मिलाओ और पीछे से वार करो वाली नीति अपनाएगा? फिलहाल तस्वीरें चमकीली हैं, लेकिन भारत ने बहुत स्पष्ट कर दिया है कि रिश्तों की असली परीक्षा सीमा पर होगी, कूटनीतिक भोज या लाल कालीन पर नहीं।

देखा जाये तो भारत और चीन के द्विपक्षीय संबंध शुरू से ही जटिल रहे हैं। यह 1949 से कभी गहरे मतभेदों तो कभी सीमित सामंजस्य के उतार-चढ़ाव से गुज़रे हैं। पूर्वी लद्दाख में चीनी घुसपैठ से शुरू हुई कठिनाइयों के बाद अब विश्व की दो बड़ी अर्थव्यवस्थाएँ भारत और चीन, अपने संबंधों को पटरी पर लाने के इच्छुक दिख रही हैं। कज़ान (रूस) में पिछले वर्ष आयोजित ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से यह प्रक्रिया शुरू हुई थी जिसे तिआनजिन में आगे बढ़ाया गया है। देखा जाये तो ट्रंप के टैरिफ ने वैश्विक व्यापार के नियम बदल दिए हैं। ऐसे में भारत को नए बाज़ारों की तलाश है। नई दिल्ली चाहती है कि बीजिंग भारतीय निर्यात को निष्पक्ष पहुँच दे। यह सच है कि इससे अमेरिका के बाज़ार में हुए नुकसान की पूरी भरपाई नहीं होगी, लेकिन व्यापार असंतुलन को चीनी निवेश से संतुलित किया जा सकता है। यदि चीन भारतीय उद्योग के लिए रेयर अर्थ मैग्नेट जैसे महत्वपूर्ण कच्चे माल की आपूर्ति फिर शुरू करता है, तो भारत दूरसंचार, रक्षा, सेमीकंडक्टर और अन्य रणनीतिक क्षेत्रों जैसी निगेटिव लिस्ट को छोड़कर बाकी क्षेत्रों में धीरे-धीरे चीनी एफडीआई की अनुमति दे सकता है। दूसरी ओर, ट्रंप-युग की उथल-पुथल में चीन को भी आर्थिक अवसरों की ज़रूरत है। ऐसे में वह भारत के करीब आना चाह रहा है लेकिन भारत के लिए आगे बढ़ने के दौरान सतर्कता बरतना भी जरूरी है। वैसे कुल मिलाकर देखें तो तियानजिन में शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग की भेंट ने अंतरराष्ट्रीय कूटनीति के गलियारों में गहरी हलचल पैदा कर दी है। यह सिर्फ दो पड़ोसी देशों के बीच एक औपचारिक मुलाक़ात नहीं थी, बल्कि वैश्विक राजनीति के बदलते समीकरणों के बीच एक महत्वपूर्ण संकेत भी थी। मुलाकात के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने एक बार फिर स्पष्ट कर दिया कि भारत की विदेश नीति किसी तीसरे देश की नज़र से नहीं देखी जानी चाहिए। मोदी ने स्पष्ट कहा कि सीमा पर शांति और स्थिरता रिश्तों के लिए बीमा पॉलिसी जैसी है। दोनों पक्षों ने पिछले साल की सफल डिसएंगेजमेंट प्रक्रिया पर संतोष जताया और सीमा विवाद का न्यायपूर्ण, तर्कसंगत और स्वीकार्य समाधान निकालने की प्रतिबद्धता दोहराई। हालाँकि, चीनी बयान ने पंचशील सिद्धांतों का हवाला देते हुए यह कहा कि सीमा विवाद पूरे रिश्तों को परिभाषित नहीं करना चाहिए। यह भारतीय दृष्टिकोण से थोड़ा भिन्न था। कुछ विश्लेषकों का मानना है कि भारत-चीन निकटता से भारत-अमेरिका संबंध प्रभावित हो सकते हैं। परंतु यह दृष्टिकोण सतही है क्योंकि भारत कोई लेन-देन वाली शक्ति नहीं, बल्कि एक सभ्यतागत शक्ति है जो दीर्घकालिक दृष्टिकोण से संबंध बनाती है। लोकतांत्रिक मूल्य, बहुलतावादी समाज और मुक्त हिंद-प्रशांत के साझा हित भारत-अमेरिका साझेदारी की नींव हैं। यह साझेदारी अस्थायी मतभेदों को झेल सकती है।

तियानजिन में मोदी-शी मुलाक़ात भारत की रणनीतिक स्वायत्तता, आर्थिक हितों की सुरक्षा और वैश्विक संतुलन बनाने के प्रयासों का हिस्सा भी है। भारत अब यह स्पष्ट संकेत दे रहा है कि वह अमेरिका और चीन दोनों के साथ संबंध रख सकता है— लेकिन अपनी शर्तों पर, अपने हितों के आधार पर। भारत-चीन संबंधों की दिशा आगे इस बात पर निर्भर करेगी कि बीजिंग अपने आश्वासनों को ठोस कार्यवाही में बदल पाता है या नहीं। तब तक यह यात्रा अभी शुरुआती चरण में ही मानी जाएगी। वैसे यह मुलाकात बताती है कि 21वीं सदी की भू-राजनीति और भू-अर्थशास्त्र में भारत और चीन की भूमिका निर्णायक होगी। राजीव गांधी से लेकर नरेंद्र मोदी तक, यानि तबसे लेकर अब तक हर भारतीय प्रधानमंत्री ने चीन के साथ स्थिर संबंध बनाने की कोशिश की है। वर्तमान सरकार भी इसी दिशा में आगे बढ़ रही थी लेकिन 2020 में पूर्वी लद्दाख, विशेषकर गलवान घाटी में चीनी सैन्य कार्रवाई ने इस प्रक्रिया को गहरी चोट पहुँचाई।

भारत ने तब यह स्पष्ट किया था कि जब तक सीमा विवाद का समाधान संतोषजनक ढंग से नहीं होता, तब तक सामान्य संबंध निलंबित रहेंगे।

अक्टूबर 2024 में पूर्वी लद्दाख में सैन्य गतिरोध के समाधान की घोषणा के बाद दोनों देशों ने वार्ता और आदान-प्रदान को पुनः आरंभ करने का निर्णय लिया। वीज़ा नियमों में ढील, सांस्कृतिक कार्यक्रम, सीमापार नदियों पर आँकड़ों का साझा करना और सीधी हवाई सेवाओं की बहाली जैसे कदम इसी क्रम में उठाए गए हैं। हाल ही में चीनी विदेश मंत्री वांग यी की भारत यात्रा भी इसी प्रक्रिया का हिस्सा रही।

# न्याय होता हुआ दिखे, तारीख पर तारीख की संस्कृति बदले

ललित गर्ग।

देश के सर्वोच्च न्यायालय ने अपने 75 वर्ष का गरिमामय सफर पूरा किया है। यह केवल एक ऐतिहासिक पड़ाव नहीं, बल्कि भारतीय लोकतंत्र की आत्मा को परखने का अवसर भी है। न्यायपालिका ने इन आठ दशकों में अनेक युगांतरकारी फैसले दिये, जिन्होंने संविधान की मर्यादा और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा की। किंतु आज सबसे बड़ी चुनौती न्याय में विलंब की है। समय पर न्याय न मिले तो न्याय का वास्तविक अर्थ ही खो जाता है। शायद यही कारण है कि न्यायिक बिरादरी के आयोजनों में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्य न्यायाधीशों ने एक स्वर से कहा कि अब 'तारीख़ पर तारीख़' की संस्कृति को समाप्त करने का समय आ गया है। जिला न्यायपालिका के दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि त्वरित न्याय सुनिश्चित करने के लिये अदालतों में स्थगन की संस्कृति को बदलने के प्रयास करने की सख्त जरूरत है। उन्होंने स्वीकारा कि अदालतों में बड़ी संख्या में लंबित मामलों का होना हम सभी के लिये बड़ी चुनौती है।

आजादी के अमृतकाल में 140 करोड़ देशवासियों का एक ही सपना है विकसित भारत, नया भारत बनने का। नया भारत, यानी सोच और संकल्प से एक आधुनिक भारत। हमारी न्यायपालिका इस विजन का एक मजबूत स्तम्भ है। भारत में लोकतंत्र और उदारवादी मूल्यों को मजबूत करने में



**सुप्रीम कोर्ट के 75 वर्ष पूरे होने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि ये केवल एक संस्था की यात्रा नहीं है। ये यात्रा है भारत के संविधान और संवैधानिक मूल्यों की। ये यात्रा है एक लोकतंत्र के रूप में भारत के और परिपक्व होने की। भारत के लोगों ने सुप्रीम कोर्ट पर, हमारी न्यायपालिका पर विश्वास किया है। इसलिए सुप्रीम कोर्ट के ये 75 वर्ष 'मदर ऑफ डेमोक्रेसी' के रूप में भारत के गौरव को और बढ़ाते हैं।**

न्यायपालिका ने बेहद महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। संविधान का रखवाला, ग़रीबों के अधिकार एवं सरकार की ज्यादतियों के खिलाफ़ कमजोर समूहों का योग्य संरक्षक और करोड़ों नागरिकों के लिए आखरी उम्मीद वाला संस्थान है सुप्रीम कोर्ट। कुछ अपवादों को छोड़कर पिछले 75 वर्षों में ज्यादातर समय भारतीय न्यायपालिका संविधान की रक्षा और क़ानून के शासन को बनाए रखने में सफल रही है। लेकिन भारतीय कानून व्यवस्था के सामने अनेक जटिल स्थितियां भी हैं, न्यायाधीशों की नियुक्ति, बढ़ते केसों की संख्या, जवाबदेही, भ्रष्टाचार एवं विलम्बित न्याय आदि। न्याय को लेकर अदालतों तक आम नागरिकों की पहुंच एवं खर्च के मुद्दों और इसी तरह की दूसरी चीजों के मामले में सुधार के बारे में न्यायपालिका की अपनी महत्वपूर्ण चिंताएं हैं। हमारे कानूनों की भावना है-नागरिक पहले, सम्मान पहले और न्याय पहले है। इससे पहले जिला न्यायपालिका के राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामलों में त्वरित न्याय की आवश्यकता पर बल दिया था ताकि महिलाओं में अपनी सुरक्षा को लेकर भरोसा बढ़ सके। निस्संदेह, हाल के वर्षों में महिलाओं के खिलाफ अपराधों में तेजी से वृद्धि हुई है, जिससे हमारे समाजशास्त्री और कानून लागू करवाने वाली विभिन्न एजेंसियां भी हैरान-परेशान हैं। महिलाओं के खिलाफ अपराधों बढ़ोतरी से पूरा समाज हिला हुआ है। कोलकाता मेडिकल कॉलेज की महिला डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या की घटना ने यह स्पष्ट कर दिया कि अपराधियों के मन से कानून का भय लगभग समाप्त हो चुका है। यही कारण है कि अब न केवल कठोर कानून बल्कि त्वरित और निष्पक्ष न्याय की मांग बलवती हो रही है। आज न्यायपालिका के सामने सबसे बड़ी चुनौती है-न्याय में विलंब। जिला अदालतों से लेकर उच्चतम न्यायालय तक करोड़ों मामले लंबित हैं। केवल जिला अदालतों में ही साढ़े चार करोड़ से अधिक मामले अटके पड़े हैं। यह स्थिति लोकतंत्र की आत्मा को आहत करती है, क्योंकि न्याय में विलंब, न्याय के इनकार के समान है।

# चीन-भारत के मिठास भरे संबंधों से नयी विश्व संरचना संभव

ललित गर्ग।

शंघाई कोऑपरेशन ऑर्गनाइजेशन (एससीओ) शिखर बैठक में हिस्सा लेने पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच रविवार को हुई द्विपक्षीय बातचीत पर अगर दुनिया भर की नजरें टिकी थीं तो यह उद्देश्यपूर्ण एवं वजहपूर्ण थी, क्योंकि बदलती दुनिया में हाथी और ड्रैगन का साथ-साथ चलना जरूरी हो गया है। दोनों शीर्ष नेताओं की सौहार्दपूर्ण बातचीत ने न केवल दोनों देशों के रिश्तों में बढ़ते सामंजस्य की प्रक्रिया को मजबूती दी है बल्कि कई तरह की अनिश्चितताओं के बीच विश्व अर्थ-व्यवस्था के लिए भी नई संभावनाएं पैदा की हैं, चीन में दिखे दोनों देशों के मिठासभरे संबंध अनेक नई आशाओं एवं उम्मीदों को नया आकाश देने वाले बनते हुए प्रतीत हुए हैं। दोनों देशों के रिश्तों में लंबे समय बाद सकारात्मकता की नई हवा बहती दिखाई दे रही है। एससीओ शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी और चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग की मुलाकात ने संकेत दिया है कि दोनों देश पुराने मतभेदों और अविश्वास को पीछे छोड़कर साझेदारी की नई इबारत लिखना चाहते हैं। यह मुलाकात केवल कूटनीतिक शिष्टाचार नहीं थी, बल्कि बदलते वैश्विक परिदृश्य में सहयोग और संवाद की अपरिहार्यता को स्वीकार करने का प्रयास थी।

भारत और चीन के बीच यह संवाद केवल दो देशों तक सीमित नहीं है, बल्कि अमेरिका और पश्चिमी देशों के दबदबे के बीच एशियाई शक्ति संतुलन को नई दिशा दे सकता है। यदि



**भारत-चीन दोनों ही विश्व की बड़ी अर्थव्यवस्थाएं और विशाल जनसंख्या वाले देश हैं। ऐसे में यदि दोनों साथ आते हैं तो न केवल आपसी विकास संभव है, बल्कि वैश्विक संतुलन और शांति की दिशा में भी बड़ा योगदान होगा। हालांकि सीमाई विवाद और विश्वास की कमी जैसे मुद्दे अब भी बने हुए हैं, परंतु यदि इन्हें परे रखकर साझा आर्थिक, सामरिक और सांस्कृतिक सहयोग को प्राथमिकता दी जाए तो यह संबंध नई ऊँचाइयों को छू सकते हैं।**

दोनों राष्ट्र व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाकर आपसी हितों पर ध्यान केंद्रित करें तो न केवल तनाव कम होंगे, बल्कि विश्व राजनीति में एशिया की भूमिका भी मजबूत होगी। निश्चित ही लंबे समय से चली आ रही आपसी अविश्वास की दीवारों और तनाव की बर्फ को पिघलाने का प्रयास हुआ है। सबसे पहले, इन वार्ताओं ने यह संकेत दिया है कि भारत और चीन अब केवल मतभेदों में उलझे रहने के बजाय साझेदारी की संभावनाओं पर ध्यान दे रहे हैं। व्यापार, निवेश और तकनीकी सहयोग की दिशा में नए आयाम खुल सकते हैं। चीन भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है और यदि यह संबंध संतुलन और पारस्परिक विश्वास पर आधारित हो जाए, तो दोनों देशों की अर्थव्यवस्था को अपार गति मिल सकती है। इस मुलाकात ने अमेरिका की दादागिरी पर भी चोट की है। डोनाल्ड ट्रंप की आक्रामक आर्थिक नीतियां और संरक्षणवादी रुख एशिया के उभरते राष्ट्रों को नई गठबंधन राजनीति की ओर धकेल रहा है। भारत-चीन के बीच बढ़ती समझदारी और रूस की भूमिका के साथ एक त्रिकोणीय शक्ति का उभार संभव है, जो पश्चिमी वर्चस्व को चुनौती देगा। यह न केवल शक्ति-संतुलन की नई धुरी बनेगा, बल्कि विश्व शांति और सौहार्द की दिशा में भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है। पाकिस्तान पर भी इसका असर दिखना स्वाभाविक है। भारत-चीन की नजदीकी पाकिस्तान के लिए असुविधा का कारण बनेगी, क्योंकि उसकी विदेश नीति लंबे समय से चीन पर आश्रित रही है। भारत-चीन संबंधों का यह नया अध्याय यदि संतुलित, यथार्थवादी और सावधानीपूर्वक आगे बढ़ाया जाए तो एशिया ही नहीं, पूरे विश्व की राजनीति में एक स्थिरता और संतुलन स्थापित हो सकता है। यह विश्व को बहुध्रुवीय बनाने की दिशा में ठोस कदम होगा। लेकिन, इन सकारात्मक संकेतों के बावजूद भारत को सावधानी बरतनी होगी। इतिहास गवाह है कि चीन के साथ हर मित्रवत वार्ता के पीछे उसका रणनीतिक हित गहराई से काम करता है। डोकलाम, गलवान और सीमाई विवाद आज भी अधर में हैं। चीन की आर्थिक नीतियों और विस्तारवादी प्रवृत्ति को अनदेखा करना भारत के लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है। इसलिए यह साझेदारी अवसर तो है, लेकिन चुनौती भी।

बॉलीवुड समाचार

## शाहरुख की बेटी ने किसानों को अलॉट सरकारी जमीन खरीदी

### सुहाना पर बिना परमीशन जमीन खरीदने का आरोप, मुंबई पुलिस ने तहसीलदार से रिपोर्ट मांगी



बॉलीवुड एक्टर शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान जमीन के सौदे के कारण मुश्किल में फंस गई हैं। अलीबाग के थल गांव में महाराष्ट्र सरकार ने खेती के लिए किसानों को जमीन दी थी। सुहाना ने यह जमीन खरीदी है। ऐसी जमीन खरीदने के लिए कलेक्टर की मंजूरी जरूरी होती है, लेकिन सुहाना पर आरोप है कि उन्होंने जमीन खरीदने के लिए अनुमति नहीं ली और न ही कागजी प्रक्रिया पूरी की। सुहाना ने यह जमीन मुंबई के कफ परेड में रहने वाले खोटे परिवार से करीब 12.91 करोड़ रुपए में खरीदी दी। उन्होंने 77.46 लाख रुपए स्टांप ड्यूटी भी दी। ट्रांसफर 30 मई 2023 को स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक के जरिए हुआ। मुंबई पुलिस के रेजिडेंट डिप्टी कमिश्नर ने इस डील की जांच के लिए अलीबाग तहसीलदार से रिपोर्ट मांगी है।

### किसानों की जमीन खरीदने के लिए कलेक्टर की परमिशन जरूरी

महाराष्ट्र कृषि भूमि अधिनियम, 1961 के मुताबिक जो व्यक्ति खुद किसान है (या जिसके परिवार के पास पहले से कृषि भूमि है), वही खेती की जमीन खरीद सकता है। गैर-किसान सीधे ऐसी जमीन नहीं खरीद सकते हैं। अगर जमीन सरकार ने केवल खेती के लिए किसी किसान परिवार को दी है, तो वह जमीन सीधे नहीं बेची जा सकती। इसके लिए कलेक्टर की मंजूरी लेना जरूरी है। खरीदार और विक्रेता दोनों को तहसीलदार कलेक्टर से एनओसी लेना होता है।

# बीकानेर में संजय लीला भंसाली पर एफआईआर


## फिल्म लव एंड वॉर में लाइन प्रोड्यूसर बनाया, बाद में बिना पैसे दिए बाहर कर दिया

बीकानेर के बीछवाल थाने में फिल्म निर्माता, निर्देशक संजय लीला भंसाली के खिलाफ जोधपुर के एक युवक ने एफआईआर दर्ज कराई है। आरोप है कि फिल्म लव एंड वॉर के लिए उसे लाइन प्रोड्यूसर बनाया गया। सारे अरेंजमेंट करवाए गए और बाद में बिना पेमेंट किए ही बाहर कर दिया। इतना ही नहीं बीकानेर के एक होटल में उसे धक्का दिया गया और बेइज्जती की गई। पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की तो कोर्ट की शरण ली। वहां से आदेश के बाद रिपोर्ट लिखी गई है।

**भंसाली के प्रोडक्शन मैनेजर पर भी लगाए आरोप :** बीछवाल थाने के सीआई गोविंद सिंह चारण ने बताया- राधा फिल्म्स एंड हॉस्पिटैलिटी के सीईओ और लाइन प्रोड्यूसर प्रतीक राज माथुर ने एफआईआर में संजय लीला भंसाली, उनकी कंपनी भंसाली प्रोडक्शन्स, प्रोडक्शन मैनेजर उत्कर्ष बाली और अरविंद गिल पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

**कोई लिखित एग्रीमेंट नहीं किया :** एफआईआर में कहा गया है कि फिल्म लव एंड वॉर के लिए प्रतीक राज को पहले लाइन





प्रोड्यूसर बनाया गया था। इसका एक मेल भी उन्हें बार-बार कहने पर किया गया।

इसके लिए कोई लिखित एग्रीमेंट नहीं किया गया। माथुर ने लाइन प्रोड्यूसर के रूप में सारे अरेंजमेंट किए, प्रशासनिक व सरकारी सुविधाओं के लिए काम किया। सुरक्षा उपलब्ध कराई।

**होटल में बदतमीजी करने का आरोप :** आरोप है कि प्रतीक होटल नरेंद्र भवन पहुंचा तो संजय लीला भंसाली, उत्कर्ष बाली और अरविन्द गिल ने उसके साथ बदतमीजी की। धक्का दिया और किसी तरह का एग्रीमेंट करने से इनकार कर दिया। उसके साथ धोखाधड़ी की गई। विश्वासघात करने के साथ ही धमकी दी गई कि उसकी कंपनी का काम नहीं होने देंगे। धक्का देने और दुर्व्यवहार का मामला 17 अगस्त का बताया जा रहा है।

**दिसम्बर में रिलीज होगी लव एंड वॉर :** लव एंड वॉर दिसम्बर में रिलीज होगी। फिल्म की शूटिंग बीकानेर के जूनागढ़ सहित कई लोकेशन पर अगस्त में हुई थी। रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विक्की कौशल अभिनीत यह रोमांटिक ड्रामा फिल्म खूब चर्चा में है। 28 सितंबर को रणबीर के जन्मदिन पर एक खास तोहफा देने की योजना है, जिसमें फिल्म का पहला पोस्टर या मुख्य कलाकारों का एक टीजर जारी किया जा सकता है। यह फिल्म युद्ध की पृष्ठभूमि पर आधारित है और इसमें 2 सैन्य अधिकारियों के बीच एक नाटकीय प्रेम त्रिकोण दिखाया गया है।

## मृणाल का अनुष्का शर्मा पर तंज : कहा- वो अब काम नहीं कर रही, मैं कर रही हूं, ये अपने आप में जीत है, सुल्तान से रिप्लेस हुई थीं

बिपाशा बासु पर दिए गए विवादित बयान के बाद अब मृणाल ठाकुर का एक और पॉडकास्ट सामने आया है, जिसमें वो एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा पर अजीबो-गरीब बयान देती नजर आई हैं। उन्होंने बिना नाम लिए न सिर्फ अपनी तुलना अनुष्का से की बल्कि खुद को उनसे बेहतर कहा। एक पॉडकास्ट में मृणाल से पूछा गया था कि क्या उन्होंने कोई ऐसी फिल्म छोड़ी है, जो बाद में सुपरहिट हो गई हो। इस पर मृणाल ने कहा, ऐसी बहुत सी हैं, दरअसल, मैंने न कर दिया, क्योंकि मैं




तैयार नहीं थी। जरूर कंट्रोवर्सी हो जाएंगी। फिल्म सुपरहिट रही, लेकिन फीमेल एक्ट्रेस को आगे बढ़ने में फायदा नहीं मिला। लेकिन फिर मैंने एहसास किया कि अगर मैंने उस समय वो फिल्म कर ली होती, तो मैं खुद को खो देती। वो इस वक्त काम नहीं कर रही हैं, लेकिन मैं कर रही हूं, ये अपने आप में एक जीत है। आगे मृणाल ने कहा, मुझे इंस्टेंट आनंद, इंस्टेंट पहचान और इंस्टेंट फेम नहीं चाहिए, क्योंकि जो चीजें जल्दी मिलती हैं वो जल्दी चली भी जाती हैं। मृणाल का ये वीडियो वायरल होने के बाद अनुष्का शर्मा के फैंस उनकी जमकर आलोचना कर रहे हैं। एक फैन ने लिखा है, मुझे लगता है ये अनुष्का की बात कर रही है। इसके जवाब में एक यूजर ने लिखा, ऐसा है तो ये बहुत बेवकूफ है, क्योंकि एक्टिंग छोड़ना अनुष्का की खुद की मर्जी थी। दूसरे यूजर ने लिखा है, अनुष्का एक खूबसूरत एक्ट्रेस हैं, ये उसके लेवल पर नहीं पहुंच सकती चाहे अनुष्का सालों तक काम न करे और ये करे। एक यूजर ने लिखा है, हिम्मत, अगर वो अनुष्का की बात कर रही है तो गौर करने वाली बात है कि उन्होंने काम न करने का फैसला किया है। उनका हमेशा से यही तरीका रहा है। पीआर से इंस्पायर होकर। नच बलिए के टाइम भी उन्होंने पिक मी गर्ल की तरह रवैया रखा और मतलबी बातें कीं।

**मृणाल ने नहीं छोड़ी थी सुल्तान, रिप्लेस किया गया था :** बताते चलें कि शुरुआत में मृणाल ठाकुर फिल्म सुल्तान का हिस्सा होने वाली थीं, लेकिन सलमान ने उनकी जगह अनुष्का की कास्टिंग करवाई थी। एक बार शाहिद कपूर और मृणाल ठाकुर बिग बॉस में एक फिल्म प्रमोट करने पहुंचे थे, इस दौरान सलमान ने खुद बताया था कि उनके एक जानकर मृणाल को फार्म पर लाए थे।

# शिक्षा गुणवत्ता सुधार पर मंत्री गजेंद्र यादव सख्त

**स्कूल शिक्षा विभाग की व्यवस्था को मजबूत करने के लिए मंत्री गजेंद्र यादव ने लोक शिक्षण संचालनालय की समीक्षा बैठक ली**



रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी ) छत्तीसगढ़ के स्कूल शिक्षा विभाग की व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए आज कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव ने रायपुर में लोक शिक्षण संचालनालय की समीक्षा बैठक ली। बैठक में मंत्री ने प्रदेश के हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी परीक्षाओं के परिणाम सुधार को प्राथमिकता देते हुए अधिकारियों और शिक्षकों को ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए।

मंत्री गजेंद्र यादव ने स्पष्ट किया कि शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि प्रत्येक जिले में स्कूलों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और कक्षा-कक्ष में पठन-पाठन की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। साथ ही, शिक्षकों को समय-समय पर प्रशिक्षण (ट्रेनिंग) उपलब्ध कराया जाए ताकि वे आधुनिक शिक्षण पद्धतियों को अपनाकर विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा दे सकें।

**छात्र हितैषी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश**

बैठक में मंत्री यादव ने कहा कि छात्रों को मिलने वाली सभी योजनाओं का लाभ समय पर और पारदर्शी तरीके से पहुँचना चाहिए। इसके लिए उन्होंने निःशुल्क गणवेश, पाठ्यपुस्तक वितरण, सरस्वती साइकिल योजना और शिक्षा का अधिकार अधिनियम को प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए। उनका कहना था कि इन योजनाओं का लाभ विद्यार्थियों की शिक्षा यात्रा को आसान और सुगम बनाने के लिए है, इसलिए इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।

**रजत जयंती समारोह के तहत विशेष आयोजन**

बैठक में इस वर्ष शिक्षा विभाग द्वारा मनाए जाने वाले रजत जयंती समारोह की रूपरेखा पर भी चर्चा की गई। इस दौरान पुस्तक वाचन दिवस, बाल पंचायत, एल्युमिनी मीट, शिक्षक दिवस और प्रदर्शनी जैसे आयोजनों की तैयारी करने के निर्देश दिए गए। मंत्री ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों और शिक्षकों दोनों को प्रेरित करेंगे और शिक्षा के प्रति सकारात्मक माहौल बनाने में सहायक होंगे।

**जिलों से शिक्षकों की पूरी जानकारी मांगी**

शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए मंत्री ने जिलों से शिक्षकों की संपूर्ण जानकारी और रिक्त पदों का विवरण प्रस्तुत करने को कहा। उन्होंने निर्देश दिए कि रिक्त पदों को समयबद्ध तरीके से भरा जाए ताकि कक्षाओं में पढ़ाई बाधित न हो। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि जहां शिक्षकों की कमी है वहां अतिशीघ्र समाधान निकालना सरकार की प्राथमिकता है।

परीक्षाओं के परिणाम सुधार पर जोर बैठक का सबसे बड़ा फोकस हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी परीक्षाओं के परिणामों पर रहा।

मंत्री गजेंद्र यादव ने कहा कि यदि विद्यार्थियों की नींव मजबूत करनी है तो कक्षा 9वीं से ही उनकी पढ़ाई की सतत समीक्षा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जिलेवार और स्कूलवार परीक्षाफल का विश्लेषण किया जाए और कमजोर विषयों में सुधार के लिए विशेष कक्षाएं और रेमेडियल टीचिंग का आयोजन किया जाए। बैठक के अंत में मंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था न केवल गुणवत्तापूर्ण हो बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में भी सहायक बने।

## कर्मचारी भविष्य निधि के क्षेत्रीय कार्यालय में खेल दिवस पर विभिन्न आयोजन



रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी ) कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर में केन्द्रन सरकार के निदेशानुसार खेल दिवस पर दिनांक 29.08.2025 से 30.08.2025 तक विभिन्न आयोजन किए गए।

जिसमें कार्यालयीन कर्मियों के मानसिक एवं शारीरिक स्वा.स्कर को ध्यानि में रखते हुए तथा उसके विकास के लिए मेजर ध्याकनचंद की जयंती पर केन्द्र सरकार के मार्गदर्शन अनुसार विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया।

दिनांक 29.08.2025 को कार्यालय प्रमुख एवं क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त, श्री जयवदन इंगले के मार्गदर्शन में इन खेलों का शुभारंभ किया गया जिसमें रस्सीत कूद, पुशअप, मित्र को उठाओ, निंबू रेस, बकेट बाल जैसे खेलों का आयोजन किया गया। इसका विधिवत शुभारंभ श्री जयवदन इंगले, क्षेत्रीय भविष्यन निधि आयुक्त–1 द्वारा कार्यालय परिसर में किया गया। इन खेलों में कार्यालयीन स्टाकफ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया एवं मनोरंजन के साथ-साथ शारीरिक क्षमता का भी परिचय दिया। कुल 54 कर्मचारियों ने इन प्रतियोगिताओं में भाग लिया जिसमें से 15 कर्मचारियों को पुरस्कृ त किया गया।

इसी क्रम में दिनांक 30.08.2025 को मेसर्स एगोरा ईको टूरिज्म के संयुक्त तत्वाधान में ट्रेकिंग कैम्प का आयोजन किया गया जिसमें कार्यालयीन स्टोफ को उदंती टाइगर रिजर्व में भ्रमण कराया गया तथा पर्यावरण संरक्षण के विषय में महत्वपूर्ण एवं उपयोगी जानकारी दी गयी साथ ही जिम्मे दारी से जंगल भ्रमण कैसे किया जाय के संबंध में निदेश देते हुए तदनुसार उदंती टाइगर रिजर्व में ट्रेकिंग का आयोजन किया गया।

## छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल पंजीयन एवं नवीनीकरण कराए जाने के संबंध में दिशा-निर्देश जारी

रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी ) छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के सचिव ने प्रदेश के सभी जिलों के सहायक श्रमायुक्त एवं श्रम पदाधिकारियों को पत्र जारी कर छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अंतर्गत पंजीयन एवं नवीनीकरण कराए जाने के निर्देश दिए हैं। जारी पत्र में कहा गया है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए लक्ष्य का निर्धारण किया गया है। जिस संबंध में विभागीय वेबपोर्टल पर संलग्न सूची के अनुसार आपके जिलों में पंजीयन नवीनीकरण किए जाने हेतु अनवीनीकृत पंजीयन प्रदर्शित हो रहे हैं। श्रम मंत्री की अध्यक्षता में 01 सितम्बर को आयोजित समीक्षा बैठक में अनवीनीकृत पंजीयनों का तत्काल नवीनीकरण कराए जाने के निर्देश सभी जिलों को दिए गए हैं। अतः इस संबंध में आपके जिलों में शिविर का आयोजन कर भोजन केन्द्रों, मोबाइल रजिस्ट्रेशन वेन, मुख्यमंत्री श्रम संसाधन केन्द्र के माध्यम से अभियान चलाकर अधिक से अधिक आवेदन प्राप्त कर दो माह के भीतर नियमानुसार शत-प्रतिशत नवीनीकरण करने को कहा गया है।

## पॉवर कंपनी में छह सेवानिवृत्त कर्मियों को विदाई

रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी ) छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी में छह सेवानिवृत्त कर्मियों को विदाई दी गई। डंगनिया मुख्यालय स्थित विद्युत सेवा भवन में आयोजित विदाई समारोह में उन्हें दीर्घ सेवा के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिकारियों ने सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों की लंबी सेवा को रेखांकित करते हुए उनकी निष्ठा, समर्पण और लगन की प्रशंसा की। डंगनिया मुख्यालय में आयोजित सेवानिवृत्ति समारोह में सहायक प्रबंधक ईश्वर



प्रसाद वर्मा रायपुर, निज सचिव देवेंद्र कुमार बिसेन रायपुर, वरिष्ठ पर्यवेक्षक (परीक्षण) ब्रिजेश कुमार अगस्टिन मोहन्ती भिलाई, प्रीतम लाल बनपेला भिलाई, लाइन सहायक श्रेणी-01 मधुसूदन वैष्णव बिलासपुर एवं वाहन चालक भक्त प्रहलाद देवांगन रायपुर को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यपालक निदेशक एमएस चौहान, संजय पटेल एवं मुख्य अभियंता एएम परियल, केबी पात्रे, अब्राहम वर्गीस एवं अतिरिक्त मुख्य अभियंता मनोज कुमार राय उपस्थित थे। संचालन प्रबंधक(जनसंपर्क) गोविंद पटेल एवं आभार प्रदर्शन प्रबंधक (पी एंड एस) पंकज चौधरी ने किया।

## आदमी की रोजी-रोटी के साधन खेती-बाड़ी सभी बर्बाद हो गये -दीपक बैज

रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी ) प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि पूरे बस्तर में पिछले एक हफ्ते में बारिश ने जो कहर बरपाया है। ऐसा मंजर पिछले 100 साल में देखने को नहीं मिला। यह बड़ी त्रासदी है जो बस्तर के लोगों को झेलनी पड़ रही है। इस बरसात ने सड़कों, पुल-पुलियों को तबाह किया है है, आम आदमी की रोजी-रोटी के साधन खेती-बाड़ी सभी बर्बाद हो गये है।। लगातार तीन दिनों तक बस्तर दंतेवाड़ा एवं अन्य बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर हमने सभी जगह की स्थिति देखी, लोग बहुत परेशानी में है, खाना, पीना, दवाइयां कुछ भी नहीं उनके पास।



2 लोगों के घर टूट गये, घर में रखे सामान गंज-बर्तन, दाल-चावल, गैस-चुल्हा, टीवी, फ्रीज, कम्प्यूटर, कपड़ा, बेड, सोना-चांदी, नगद पैसा, आलमारी सभी बह गया।

3 स्कूल बच्चों का कॉपी-पुस्तक, ड्रेस, अंकसूची सभी बह गये। 4 किराना दुकान का सामान, ट्रैक्टर, मोटर सायकल, कार, सोफा-सेट सभी बह गये। 5 मुर्गा, बकरा, गाय-बैल सब बह गये। 6 किसानों का फसल, जमीन का कागजात बह गया। 7 घरों में रखा कपड़ा अनाज, नगदी रुपया सब कुछ बह गया, बर्बाद हो गया। जीवन थम गया है, लोगों के चेहरे में बेबसी, लाचारी साफ दिख रही है हमने अनेकों गांव का दौरा कर बाढ़ पीड़ित परिवारों की समस्याएं सुना और हाल-चाल जाना। दंतेवाड़ा भी गया था। चौंगपाल, बड़े तुमनार, दंतेवाड़ा, आवराभाटा, सुरभि कॉलोनी, बालपेट (भैरमबद) का दौरा किया। छोटी टिफरा, मांदर, नेगानार, चित्रकोट, हारमपारा, बास्तानार, बड़े किलेपाल, छोटे किलेपाल, बड़े काकलूर, कुमार साडरा, बोधेनार सहित दर्जनों गांव का दौरा किया। बालपेट हाई स्कूल व (भैरमबद) के राहत शिविर भी गया था पीड़ितों से मुलाकात की। बाढ़ पीड़ितों ने बताया कि जो राहत सामग्री मिल भी रहा है तो वो नाकाफी है।

## छत्तीसगढ़ी नृत्य-संस्कृति के रंगों से सजा आजाद क्लब का गणेश उत्सव

रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी ) चन्द्र शेखर आजाद सोशल एंड स्पोर्ट्स क्लब आजाद क्लब जोरापारा में गणेश उत्सव के अवसर पर पारंपरिक नृत्य और अन्य संस्कृति कार्यक्रम में मोहल्ले के छोटे बच्चे बढ़ चढ़ का हिस्सा ले रहे है। मंगलवार की रात्रि में प्रतिदिन की तरह संगीतमय भव्य आरती के साथ प्रतिदिन भोग प्रसादी भंडारे का आयोजन किया गया। साथ ही प्रतिदिन बच्चों बड़ों सभी के विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया जा रहा है। जिसमें वार्ड मोहल्ले के बच्चे बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रहे है। मंगलवार को छोटे बच्चों के नृत्य डांस का आयोजन किया गया था। जिसमें लगभग 30 बच्चों ने एकल एवं सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति दी। छोटे छोटे बच्चों ने छत्तीसगढ़ी गानों पर बहुत ही सुंदर प्रस्तुति देकर सब का मन मोह लिया। प्रमुख आकर्षण के रूप में गौरा गौरी, जवारा विसर्जन नृत्य की प्रस्तुति छत्तीसगढ़ परिधान के साथ अद्भुत प्रदर्शन आकर्षण का केंद्र रही। महिला



मंडल की प्रमुख श्रीमती प्रिया टावरे ने बताया कि इंटरनेट सोशल मीडिया के आज के इस युग में अपने धर्म एवं संस्कृति को सहेज कर रखना अत्यंत आवश्यक है। इसी को ध्यान में रखते हुए गणेश उत्सव के इस महापर्व में प्रतिवर्ष समिति द्वारा तरह तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम करवाए जाते है। ताकि हमारे धर्म और संस्कृति को बच्चे सीखे और कुछ समय के सोशल मीडिया इंटरनेट से दूर रह कर शारीरिक क्रियाएं डांस खेल कूद के माध्यम से करते रहे।

**क्षेत्रवासियों की समस्याओं का समाधान करना मेरी पहली प्राथमिकता हैं- अनुज**

## सिलयारी रेलवे स्टेशन में एक्सप्रेस ट्रेनों की स्टॉपेज के लिए विधायक अनुज ने रेल मंत्री को लिखा पत्र

रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी ) विधानसभा क्षेत्र धरसींवा जिला रायपुर के रेल्वे स्टेशन सिलयारी में(अम्बिकापुर-दुर्ग एक्सप्रेस और इतवारी-बिलासपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस ) ट्रेनों के स्टॉपेज के संबंध में ग्रामवासियों ने विधायक अनुज शर्मा के निज निवास पर मिल कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया/ ग्रामीणों की समस्याएं सुनते हुए विधायक अनुज ने तत्काल केन्द्रीय रेल मंत्री श्री अश्वनी वैष्णव को पत्र लिखकर सिलयारी स्टेशन में एक्सप्रेस ट्रेनों के स्टॉपेज को बहाल करने का आग्रह किया है 7 इस अवसर पर विधायक शर्मा ने कहा कि क्षेत्रवासियों ने अपनी समस्याओं से मुझे अवगत कराया कि पूर्व में रेल्वे स्टेशन सिलयारी अम्बिकापुर-दुर्ग एक्सप्रेस और इतवारी-बिलासपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेनों का स्टॉपेज था जिसे कोविड के समय बंद कर दिया गया था जो कि



आज पर्यन्त तक बंद है। ग्राम सिलयारी एक औद्योगिक क्षेत्र है जहां पर सभी वर्ग जैसे मजदूर, व्यापारी, नौकरी पेशा एवं छात्र-छात्राओं का आना-जाना होता है। ट्रेनों का स्टॉपेज बंद होने से लोगों आने-जाने में परेशानी हो रही है। वर्तमान में रेल्वे प्रशासन द्वारा बहुत सारे बंद हुए ट्रेनों के स्टॉपेज को पुनः चालू किया गया है किन्तु रेल्वे स्टेशन सिलयारी में ट्रेनों के स्टॉपेज को बहाल नहीं किया गया है। मैंने पत्र के माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह किया हैं कि जनभावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए विधानसभा क्षेत्र धरसींवा के रेल्वे स्टेशन सिलयारी में ट्रेनों के स्टॉपेज को पुनः शुरू करने की स्वीकृति प्रदान करेंध बहुत जल्द ही मंत्री जी से मिल कर इस समस्या को उनके समक्ष रखूँगा 77 इस अवसर पर विधायक शर्मा ने कहा कि क्षेत्रवासियों ने अपनी समस्याओं से मुझे अवगत कराया कि पूर्व में रेल्वे स्टेशन सिलयारी अम्बिकापुर-दुर्ग एक्सप्रेस और इतवारी-बिलासपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेनों का स्टॉपेज था जिसे कोविड के समय बंद कर दिया गया था जो कि आज पर्यन्त तक बंद है। ग्राम सिलयारी एउ इस अवसर पर विधायक शर्मा ने कहा कि क्षेत्रवासियों ने अपनी समस्याओं से मुझे अवगत कराया कि पूर्व में रेल्वे स्टेशन सिलयारी अम्बिकापुर-दुर्ग एक्सप्रेस और इतवारी-बिलासपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेनों का स्टॉपेज था जिसे कोविड के समय बंद कर दिया गया था जो कि आज पर्यन्त तक बंद है। ग्राम सिलयारी एक औद्योगिक क्षेत्र है जहां पर सभी वर्ग जैसे मजदूर, व्यापारी, नौकरी पेशा एवं छात्र-छात्राओं का आना-जाना होता है। ट्रेनों का स्टॉपेज बंद होने से लोगों आने-जाने में परेशानी हो रही है। वर्तमान में रेल्वे प्रशासन द्वारा बहुत सारे बंद हुए ट्रेनों के स्टॉपेज को पुनः चालू किया गया है किन्तु रेल्वे स्टेशन सिलयारी में ट्रेनों के स्टॉपेज को बहाल नहीं किया गया है। मैंने पत्र के माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह किया हैं कि जनभावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए विधानसभा क्षेत्र धरसींवा के रेल्वे स्टेशन सिलयारी में ट्रेनों के स्टॉपेज को पुनः शुरू करने की स्वीकृति प्रदान करेंध बहुत जल्द ही मंत्री जी से मिल कर इस समस्या को उनके समक्ष रखूँगा ।

## होटल रेस्टोरेंट,ढाबों, ठेलो, में बेचे जाने वाले नॉनवेज झटका है या हलाल बड़े बोर्ड लगाए-छत्तीसगढ़ सिक्ख समाज ने कलेक्टर से की मांग

रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी ) रायपुर, छत्तीसगढ़- छत्तीसगढ़ सिक्ख समाज ने जिलाधीश गौरव कुमार सिंह से मांग की है कि जिले के सभी होटलों, रेस्टोरेंटों, ढाबों, ठेलों और स्ट्रीट फूड स्टॉलों में नॉनवेज परोसने वाले प्रतिष्ठानों में यह अनिवार्य किया जाए कि वे स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करें कि उनका नॉनवेज हलाल है या झटका। सिक्ख धर्म की मर्यादा और धार्मिक आस्था के अनुसार झटका ही स्वीकार्य है, और यदि उपभोक्ता को पहले से इसकी जानकारी नहीं दी जाती है, तो यह उनकी धार्मिक भावनाओं को आहत करता है और धार्मिक स्वतंत्रता के संवैधानिक अधिकार का हनन है छत्तीसगढ़ सिक्ख समाज के प्रदेश अध्यक्ष सुखबीर सिंह सिंघोत्रा ने बताया कि जिलाधीश छ्ह. गौरव कुमार सिंह ने इस पर तुरंत कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है 7 छत्तीसगढ़ सिक्ख समाज ने कलेक्टर छ्ह. गौरव कुमार सिंह से यह भी अनुरोध किया है कि जो प्रतिष्ठान इस निर्देश का पालन नहीं करेंगे, उनके खिलाफ धार्मिक भावनाओं से खिलवाड़ करने की धाराओं के तहत जुर्म दर्ज कर कठोर कार्रवाई की जाए।

जिलाधीश को ज्ञापन सौंपने छत्तीसगढ़ सिक्ख समाज के प्रदेश अध्यक्ष सुखबीर सिंह सिंघोत्रा, सुरजीत सिंह छाबड़ा, मनजीत सिंह भाटिया, स्वर्णपाल सिंह चावला, नरेंद्र सिंह हरगोत्रा, गुरमीत सिंह टोनी, परमजीत सिंह सलूजा, स्वर्ण सिंह चावला, गुरमीत सिंह छाबड़ा, बलविंदर सिंह कलसी, सतपाल सिंह खनूजा, बलजीत सिंह भाटिया, रणवीर सिंह चावला, जागीर सिंह बावा सहित कई अन्य सदस्य उपस्थित रहे7

**5 सितम्बर शिक्षक दिवस के अवसर पर राज्यपाल द्वारा सम्मानित**

## राज्यपाल शिक्षक सम्मान पुरस्कार 2024-25 के लिए 64 शिक्षक चयनित

रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी ) शिक्षक दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट शैक्षणिक कार्य एवं सेवाओं के लिए राज्यपाल शिक्षक सम्मान पुरस्कार वर्ष 2024-25 हेतु प्रदेशभर के कुल 64 शिक्षकों का चयन किया गया है। राज्यपाल शिक्षक सम्मान पुरस्कार अंतर्गत चयनित शिक्षकों को आगामी 5 सितम्बर शिक्षक दिवस के अवसर पर राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

स्कूल शिक्षा विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार, चयनित शिक्षकों में प्राचार्य, प्राचार्य (एल.बी.), प्रधान पाठक, व्याख्याता, व्याख्याता (एल.बी.), सहायक शिक्षक (एल.बी.) सहित विभिन्न श्रेणियों के शिक्षक शामिल हैं। पुरस्कार हेतु चयनित शिक्षकों में रायपुर जिले से प्रधान पाठक गोपाल राम यादव एवं सहायक शिक्षक एल.बी. कामिनी साहू,



धमतरी से प्रधान पाठक किरण साहू एवं सहायक शिक्षक एल.बी. कु. प्रीति शांडिल्य का नाम शामिल है। इसी प्रकार सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिला से प्रधान पाठक से प्रियंका गोस्वामी एवं व्याख्याता एल.बी. समय लाल काठे, राजनांदगांव से प्राचार्य डॉ. शोभा बास्तव एवं प्रधान पाठक मुन्हेलाल लिल्हारे, दंतेवाड़ा से प्रधान अध्यापक सुमन जॉर्ज एवं सहायक शिक्षक एल.बी. सुनीता अजीत, कबीरधाम से व्याख्याता रमेश कुमार चंद्रवंशी एवं व्याख्याता कामिनी जोशी, सरगुजा से शिक्षक बंदना महथा एवं व्याख्याता अनिता मंडिलवार का नाम शामिल है। नारायणपुर जिला से शिक्षक एल.बी. उमेश कुमार सलाम एवं प्रधान अध्यापक सु सविता यादव, जशपुर से प्रधान पाठक सरिता नायक एवं प्रधान पाठक प्रवीण कुमार पाठक, कोरिया से व्याख्याता/(प्रभारी प्रचार्य) अमित लाल गुप्ता एवं जेल शिक्षक मती विवेक सिद्धकी का नाम शिक्षक सम्मान पुरस्कार के लिए चयन किया गया है। इसी प्रकार मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिला से व्याख्याता एल.बी. राजेश कुमार द्विवेदी एवं प्रधान पाठक मती मीना जायसवाल, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई से प्रधान अध्यापक किशोर कुमार शर्मा एवं सहायक शिक्षक एल.बी. राजेश कुमार प्रजापति, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी से प्रधान पाठक मती संध्या साहू एवं व्याख्याता एल.बी. संजय देवांगन का नाम शामिल है। बलरामपुर-रामानुजगंज जिला से शिक्षक एल.बी. मती चन्द्रमुखी मेहता, दुर्ग से शिक्षक एल.बी. नरोत्तम कुमार साहू एवं मती शिक्षक एल.बी. मती खेमलता गोस्वामी, कोरबा से शिक्षक एल.बी. मती मधुलिका एवं प्रधान पाठक मती प्रिया दुबे, सूरजपुर से प्रधान पाठक प्रदीप कुमार जायसवाल, बलौदाबाजार-भाटापारा से शिक्षक एल.बी. मोहन लाल कुमार डड्सेना एवं शिक्षक एल.बी. शिवचरण साहू, रायगढ़ से सहायक शिक्षक एल.बी. टिकेश्वर प्रसाद पटेल एवं प्रधान पाठक नंद किशोर सतपथी का नाम शामिल है।

## प्रदेश में यूरिया खाद की किल्लत और कालाबाज़ारी के खिलाफ आप का प्रदेशव्यापी धरना प्रदर्शन

रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी ) प्रदेश में यूरिया खाद की किल्लत और कालाबाज़ारी के खिलाफ आम आदमी पार्टी ने आज 1 सितम्बर 2025 को प्रदेशव्यापी धरना प्रदर्शन किया गया। आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू ने बताया है कि आज रायपुर के कलेक्टर कार्यालय के सामने अम्बेडकर चौक पर प्रदेश में किसानों की समस्याओं पर धरना प्रदर्शन किया गया। उन्होंने कहा कि आधा खरीफ सीजन गुजर जाने के बाद भी राज्य में यूरिया की कमी किसानों के लिए चिंताजनक है। इस बार सरकार समय पर डीएपी खाद भी उपलब्ध नहीं करा पायी है। आज जो यूरिया और खाद की कमी हुई है इसमें सरकार की नाकामी है। कुछ दिन पहले मुख्यमंत्री जी ने खाद और यूरिया कि पर्याप्त आपूर्ति की बात कही थी लेकिन वो भी एक जुमला ही निकला? कृषि विभाग ने यूरिया और खाद की आपूर्ति के लिए कोई योजना नहीं बनाई थी। प्रदेश के कुछ जगहों पर परेशान किसानों द्वारा आत्महत्या करने की भी कोशिश की है। लेकिन सरकार को किसानों की समस्याओं से कोई वास्ता नहीं है। प्रदेश



महासचिव (मीडिया, सोशल मीडिया प्रभारी, मुख्य प्रवक्ता) सूरज उपाध्याय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में इस खरीफ सीजन के लिए किसानों ने करीब 1200 करोड रुपए का कर्ज लेकर धान और अन्य फसलों की जैसे तैसे खाद की कमी के बावजूद बुवाई की है लेकिन सही समय पर यूरिया की कमी से उनकी मुश्किलें बढ़ गई हैं। बारिश के इस महत्वपूर्ण समय में यूरिया की अनुपलब्धता से फसल उत्पादन पर असर पड़ने का भी खतरा मंडरा रहा अब तक किसानों की जरूरत का आधा या उससे भी कम यूरिया मिल पाया है

# पर्यूषण पर्व के छठे दिन सुगंध दशमी का पर्व हर्षोल्लास से मनाया



**रायपुर , प्रतिदिन राजधानी** । पर्यूषण पर्व के छठे दिन सुगंध दशमी का पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। साथ ही उत्तम संयम धर्म की विशेष पूजा अर्चना कर अष्टकर्मो के नाश को हवन कुंड में आहुति दी गई। राजधानी रायपुर के आदिनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर मालवीय रोड में पर्यूषण महापर्व के छठे दिन सुगंध दशमी के पर्व पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। बड़ा मंदिर जी में अष्टकर्मो के नाश को हवन कुंड में निर्वाण कांड पढ़ आहुति दी। इस दौरान दशलक्षण पर्व का छठा दिन उत्सव संयम धर्म अपनी इंद्रियों को वश में कर संयम से रहने की सीख देता है। संयम से जीवन व्यतीत करने वाला प्राणी सुखी रहता है। सुगंध दशमी का शाब्दिक अर्थ है सुगंधित दशमी। सुगंध का अर्थ है अपने सद्कर्मों से फैलने वाली आध्यात्मिक सुगंध, जबकि धूप कर्मों के नाश का प्रतीक है। सुगंध दशमी आत्मशुद्धि और तपस्या का पर्व है।

आज दिगंबर जैन समाज की महिलाओं ने आज सुहाग दशमी व्रत का पर्व मनाया। महिलाओं ने उपवास रखकर मंदिरों में जिनेंद्र प्रभु के समक्ष विशेष पूजा अर्चना भी की। समाज की पूर्व महिला मंडल की अध्यक्ष मती आराधना नायक जैन ने बताया कि जैन धर्म में सुहाग दशमी का विशेष महत्व है। सुहाग दशमी का उपवास स्त्री द्वारा अपने पति की लंबी आयु और पारिवारिक सुख-समृद्धि के लिए रखा जाता है। यह व्रत आत्मशुद्धि का माध्यम भी है।पूरे कार्यक्रम के दौरान वातावरण भक्तिमय बना रहा। मंदिरों को विशेष रूप से सजाया गया था और महिलाओं की उपस्थिति ने आयोजन को अत्यंत प्रभावशाली बना दिया।

धार्मिकता और सामाजिक एकजुटता की मिसाल इस पर्व के माध्यम से समाज की महिलाओं ने धार्मिक अनुशासन, सद्भावना, और आध्यात्मिक बल का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। उपस्थित महिलाओं ने एक दूसरे को सुहाग की सामग्री का वितरण भी किया। आज के कार्यकम में विशेष रूप से समाज की महिला मंडल अध्यक्ष मती सरिता जैन एवं महिला की सदस्य महिलाएं उपस्थित थी।



# बाढ़ प्रभावितों से मिले सीएम

**दंतेवाड़ा, प्रतिदिन राजधानी**

दंतेवाड़ा में बाढ़ से प्रभावित नागरिकों से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सोमवार को मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने प्रभावित ग्रामीण के ध्वस्त मकानों का अवलोकन किया। प्रभावितों के राहत के लिए संचालित कार्यों की जानकारी ली। मुख्यमंत्री श्री साय ने दंतेवाड़ा के चूड़ीटिकरा वार्ड में बने अस्थायी शिविर में पहुंचकर बाढ़ प्रभावित परिवारों से सीधे बातचीत की। उन्होंने यहां लगाए गए स्वास्थ्य शिविर का भी निरीक्षण किया और मेडिकल टीम से दवाइयों की उपलब्धता, डॉक्टरों की तैनाती, मरीजों को दी जा रही प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने राहत शिविरों में पर्याप्त भोजन, स्वच्छ पेयजल और सुरक्षित आवास की व्यवस्था निरंतर बनाए रखने हेतु प्रशासन को विशेष रूप से निर्देशित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ से प्रभावित प्रत्येक परिवार तक समय पर सहायता पहुँचना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसके लिए सभी स्तरों पर संवेदनशीलता और तत्परता आवश्यक है। उन्होंने कलेक्टर कुणाल दुदावत से राहत कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। कलेक्टर ने जिला प्रशासन के अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा संचालित गहन राहत एवं पुनर्वास कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने ग्रामीणों को हर प्रकार की सहायता त्वरित उपलब्ध कराने की जानकारी दी। जिससे प्रभावितों को जीवन यापन में सुविधा मिल सके। इस दौरान, वन मंत्री केदार कश्यप, विधायक चैतराम, कमिश्नर डोमन सिंह, आईजी सुंदरराज पी., डीआईजी कमलोचन कश्यप और पुलिस अधीक्षक गौरव राय मौजूद थे।

# मरार समाज ग्राम समिति बनियागांव ने बाढ़ पीड़ितों के लिए बढ़ाये मदद के हाथ

**कोंडागांव, प्रतिदिन राजधानी**

बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदा में सामाजिक एकता और सहयोग का अद्भुत उदाहरण पेश करते हुए मरार समाज ग्राम समिति बनियागांव, जिला कोंडागांव ने बस्तर जिले के ग्राम मांदर में बाढ़ से पीड़ित परिवारों की मदद के लिए आर्थिक व खाद्य सामग्री का वितरण किया।

समिति की ओर से 20,111 (बीस हजार एक सौ ग्यारह रुपए) तथा 20 किलो सेब (1 पेटी सेवफल) पीड़ित परिवारों को प्रदान किए गए। यह सहायता गांव के प्रमुख सदस्यों की उपस्थिति में पीड़ितों को सौंपी गई, जो समाजिक संवेदनशीलता और सहयोग की भावना को दर्शाता है। इस सहयोग में समाज के कई सदस्यों ने व्यक्तिगत रूप से भी योगदान दिया- गोकुल पटेल (ग्राम केरावाही) - 101, नोहर सिंह पटेल (कोंडागांव) - 1000, पिंकेश पटेल (केरावाही, कोंडागांव) - 101 रु.।

इस मानवीय पहल की अगुवाई में समाज के प्रमुख



सदस्य सक्रिय रूप से शामिल रहे, जिनमें प्रमुख रूप से कृष्णा पटेल, मूलचंद पटेल, कोषाराम पटेल, खगेश्वर पटेल, गेंदराम पटेल, देवेंद्र पटेल, तेलसिंह पटेल, टोपचंद पटेल, यशवंत पटेल, बालेश्वर पटेल, लोकेश पटेल, सुरेश पटेल, तथा भुनेश्वर पटेल आदि उपस्थित रहे।

# लोकेश साहू के घर में 15 वर्षों से हो रही गणपति स्थापना

**दंतेवाड़ा, प्रतिदिन राजधानी**

रायपुर। लोकेश साहू ने बताया कि उनके घर में गणपति बप्पा की प्रतिमा स्थापना का यह 15वां वर्ष है। उनका कहना है कि गणपति जी के आगमन से घर में सुख-समृद्धि और आनंद का विशेष वातावरण बन जाता है। विघ्नहर्ता गणेश जी की आराधना से घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

लोकेश साहू आदर्श नगर मोवा रायपुर ने हर वर्ष गणेश चतुर्थी से 15 दिन पहले अपने हाथों से गणपति जी के आसन को सजाना शुरू कर देते हैं। उनका मानना है कि यह सजावट उनके लिए सिर्फ



सजावट नहीं बल्कि भक्ति का रूप है। गणेश जी की स्थापना से उन्हें निरंतर आध्यात्मिक और व्यक्तिगत लाभ प्राप्त हुए हैं। उन्होंने कहा कि बप्पा के दर्शन और आराधना से हर कठिनाई दूर होती है और घर के सदस्यों के बीच प्रेम और सौहार्द बना रहता है।लोकेश साहू आदर्श नगर मोवा रायपुर ने हर वर्ष गणेश चतुर्थी से 15 दिन पहले अपने हाथों से गणपति जी के आसन को सजाना शुरू कर देते हैं। उनका मानना है कि यह सजावट उनके लिए सिर्फ सजावट नहीं बल्कि भक्ति का रूप है। गणेश जी की स्थापना से उन्हें निरंतर आध्यात्मिक और व्यक्तिगत लाभ प्राप्त हुए हैं। उन्होंने कहा कि बप्पा के दर्शन और आराधना से हर कठिनाई दूर होती है और घर के सदस्यों के बीच प्रेम और सौहार्द बना रहता है।लोकेश साहू आदर्श नगर मोवा रायपुर ने हर वर्ष गणेश चतुर्थी से 15 दिन पहले अपने हाथों से गणपति जी के आसन को सजाना शुरू कर देते हैं। उनका मानना है कि यह सजावट उनके लिए सिर्फ सजावट नहीं बल्कि भक्ति का रूप है। गणेश जी की स्थापना से उन्हें निरंतर आध्यात्मिक और व्यक्तिगत लाभ प्राप्त हुए हैं। उन्होंने कहा कि बप्पा के दर्शन और आराधना से हर कठिनाई दूर होती है ।



# ईद मिलादुन्नबी पर रजा यूनिटी फाउंडेशन ने की बीजापुर में शराबबंदी की मांग

**बीजापुर, प्रतिदिन राजधानी**

आगामी जश्ने ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर रज़ा यूनिटी फ़ाउंडेशन बीजापुर द्वारा जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर एनपी गवेल को सौंपा गया। जिसमें इस दिन जिले में शराबबंदी की मांग की गई है।

फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने बताया कि यह दिन इस्लाम धर्म के आखिरी पैग़म्बर हज़रत मुहम्मद सलल्लाहु अलैहि वसल्लम के जन्मदिवस के रूप में मनाया जाता है, जो पूरी दुनिया के मुसलमानों के लिए एक अत्यंत आदर और श्रद्धा होता है। इस मौके पर शांति, भाईचारे और करुणा का संदेश दिया जाता है।

ज्ञापन में कहा गया है कि इस पवित्र दिन जिले में शराब की बिक्री और सेवन पर रोक लगाने से धार्मिक गरिमा और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने में मदद मिलेगी। साथ ही, इससे किसी भी तरह की संभावित अप्रिय घटनाओं से भी बचा जा सकेगा।

रज़ा यूनिटी फ़ाउंडेशन ने जनहित और सामाजिक समरसता को ध्यान में रखते हुए जिले के समस्त शराब दुकानों को बंद रखने तथा सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन पर रोक लगाने हेतु प्रशासन से उचित आदेश जारी करने की अपील की है।

# नैमेड पोटाकेबिन में नौवीं की छात्रा ने की खुदकुशी

**बीजापुर, प्रतिदिन राजधानी**

यहां नैमेड में संचालित कन्या रेसिडेंशियल स्कूल की एक छात्रा ने विद्यालय में ही आत्महत्या कर ली है। छात्रा ने किस कारण से आत्महत्या की, इसका कारण भी अज्ञात है।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक बीजापुर के नैमेड में संचालित कन्या रेसिडेंशियल स्कूल नैमेड की नौवीं क्लास की छात्रा पिंकी कुरसम ने आत्महत्या कर ली।

बताया गया है कि छात्रा पिंकी ग्राम चिन्नाकवाली की रहने वाली थी और वह नैमेड कन्या आवासीय विद्यालय में रहकर पढ़ाई कर रही थी। बताया जा रहा है कि छात्रा के शव को जिला अस्पताल लाया गया है। पुलिस जांच में जुटी है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बस्तर संभाग के बाढ़ प्रभावित जिलों दंतेवाड़ा और बस्तर का हवाई और जमीनी सर्वेक्षण



# सुशासन की सरकार में विकास की रफ्तार तेज - विक्रांत सिंह

**खैरागढ़ , प्रतिदिन राजधानी**

ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पंचायत कुकुरमुड़ा में पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला के बालवाड़ी हेतु निर्मित अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण किया गया। साथ ही कबड्डी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। मुख्य अतिथि रहे विक्रांत सिंह कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत अध्यक्ष डॉ. राजेश्री शैलेन्द्र त्रिपाठी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद पंचायत उपाध्यक्ष लखन साहू, भाजपा नेता विकेश गुप्ता, जिला पंचायत सदस्य जमुना नरेश कुर्रे, शैलेन्द्र मिश्रा, शैलेन्द्र त्रिपाठी, दीक्षा पूर्णाचंद गुप्ता, सरपंच चित्ररेखा गोलू पाल, खेमलाल पाल, यादराम साहू, हरप्रसाद वर्मा व जगन्नाथ वर्मा मौजूद रहे।

नवनिर्मित भवन का लोकार्पण कार्यक्रम की शुरुआत नवनिर्मित भवन का फीता काटकर लोकार्पण से हुई। इसके बाद अतिथियों ने कबड्डी प्रतियोगिता में शिरकत की और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। विक्रांत सिंह ने रखे विचार कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के रफ्तार तेज हुई है। उन्होंने कहा कोई कमी नहीं रखी जाएगी। विक्रांत सिंह ने कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में कोई विकास कार्य नहीं हुआ।

# परिवहन विभाग: 25 वर्षों की यात्रा-नवाचार जनसुविधा और पर्यावरण संरक्षण का संगम

**धमतरी, प्रतिदिन राजधानी**

छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के साथ ही परिवहन विभाग ने नागरिकों को बेहतर और पारदर्शी सेवाएँ उपलब्ध कराने का संकल्प लिया था। विगत 25 वर्षों की यात्रा में इस विभाग ने तकनीकी नवाचार, डिजिटलीकरण, नागरिक सेवाओं के विस्तार तथा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति की है। आज परिवहन विभाग न केवल प्रशासनिक कार्यप्रणाली में आधुनिक तकनीक का उपयोग कर रहा है, बल्कि नागरिकों तक सेवाएँ पहुँचाने में भी देश के अग्रणी विभागों में गिना जा रहा है।



### डिजिटलीकरण एवं आईटी नवाचार

सेवाओं को आसान और सुलभ बनाने के लिए विभाग ने डिजिटलीकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। सारथी एवं वाहन ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से लाइसेंस एवं वाहन पंजीयन संबंधी कार्य पूरी तरह ऑनलाइन किए जाने लगे। क्यूआर कोड आधारित ड्राइविंग लाइसेंस और पंजीयन प्रमाण पत्र जारी होने लगे, जिनका सत्यापन तुरंत संभव है। यही नहीं, छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य बना जिसने लाइसेंस हेतु ऑनलाइन फार्म-1ए (मेडिकल सर्टिफिकेट) की सुविधा प्रारंभ की। ई-चालान ऐप और फोटो फिटनेस ऐप ने पारदर्शिता को बढ़ाया और भ्रष्टाचार पर प्रभावी अंकुश लगाया।

### लाइसेंस और पंजीयन प्रमाण पत्र वितरण में सुविधा

' धमतरी जिले में अब तक 31,560 ड्राइविंग लाइसेंस और 88,188 पंजीयन प्रमाण पत्र घर-घर पहुँचाए जा चुके हैं। इससे आम नागरिकों को कार्यालयों के चक्कर लगाने से मुक्ति मिली और विभाग की सेवाएँ जनसुलभ बनीं।'

विभाग ने राजस्व वृद्धि में भी उल्लेखनीय प्रगति की। वाहन कर, फिटनेस, परमिट एवं पंजीयन शुल्क से लगातार आय में वृद्धि हुई। वर्तमान में वाहन से जुड़ी 19 तथा लाइसेंस से जुड़ी 15 सेवाएँ ऑनलाइन उपलब्ध हैं। आधार सत्यापन आधारित फेसलेस सुविधा ने पारदर्शिता सुनिश्चित की और ऑनलाइन स्लॉट बुकिंग से नागरिकों को तय समय पर सेवाएँ मिलने लगीं। नागरिकों की सुविधा के लिए जिले में कुल 24 परिवहन सुविधा केन्द्र खोले गए हैं धमतरी ब्लॉक में 14, कुरूद में 7, नगरी में 2 और मगरलोड में 1। इन केन्द्रों के माध्यम से शिक्षार्थी लाइसेंस सहित अन्य में भी विभाग ने अहम पहल की है। राज्य में वर्ष 2022 से लागू इलेक्ट्रिक वाहन नीति के अंतर्गत धमतरी जिले में अगस्त 2025 तक 73 लाभार्थियों को 17.88 लाख रुपये की सब्सिडी वितरित की जा चुकी है।

# हर्षोल्लास से मना नुआखाई

**कोंडागांव, प्रतिदिन राजधानी**

प्रकृति,परंपरा और मातृभूमि के प्रति आभार व्यक्त करने के साथ ही सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना सहित नए फसल की बीज का प्रथम उपभोग करने नुआखाई - पुनांग पण्डुम (नयाखानी पर्व) विकासखंड बड़ेराजपुर के ग्राम ढोन्डरा में गायता मरकाम परिवार ने हर्षोल्लास के साथ मनाया।



इस अवसर पर गायता मरकाम परिवार कुम्हड़ा के पत्तों से नए बीज का उपभोग करते हैं, वहीं क्षेत्र के बाकी सभी लोग किड़ंगी पत्ता से नया बीज का प्रथम उपभोग करते हैं । परन्तु गायता मरकाम परिवार गांव के मुख्य( भूमियार)होने के कारण ये परिवार कुम्हड़ा के पत्तों से नए धान बीज का सेवन करते हैं।


इस दौरान परिवार के सभी लोग अपने पेन स्थल में पहुंच कर बूढ़ाल पेन का सेवा अर्जी कर नया धान बीज का अर्पण किया गया।वहीं पेन पुरखा स्थल पर छोटे छोटे बच्चों का खिलौना जैसे नंदिया बैल, बर्तन अन्य खिलौने का भी सेवा अर्जी किया गया। तत्पश्चात परिवार के प्रत्येक घर के मुख्य सदस्यों के नाम से बीज वितरण किया गया, साथ ही उपस्थित सभी लोगों को भी वितरित किया गया। गायता प्रमुखों ने बताया कि हम कई पीढ़ी से यह पुनांग पंडुम मनाते आ रहे हैं जो अपने रीति रिवाज, परंपरा, संस्कृति,गांव की खुशहाली, सुख समृद्धि की कामना के लिए सेवा अर्जी करते हैं।

की सफाई हर साल पुनांग तिंदाना( नयाखानी )के अवसर पर परिवार में नव विवाहित बहू के हाथों सफाई करना रहता है। इस साल शुरुआत में ही शादी होने के कारण किस्मत में रही ललिता मरकाम नई बहू के द्वारा पेन स्थल पर अर्पण किया गया। नए धान बीज,उड़द बड़ा, महुआ फूल रस इत्यादि को उसके आँचल में समेट कर घर के छत पर फेंका गया। ज्ञात हो कि पुनांग तिंदाना( नयाखानी) पंडुम के अवसर पर परिवार के सभी सदस्यों को पेन पुरखा स्थल एक दूसरे के साथ जोहार भेंट करना अनिवार्य रहता है इससे परिवार की एकता,प्रेम,भाईचारा बनी रहती है।

# आदि कर्मयोगी अभियान से केंद्र-राज्य सरकार की योजनाओं को शत-प्रतिशत पूरा करें-प्रतिष्ठा ममगाई

**नारायणपुर, प्रतिदिन राजधानी**

केंद्र और राज्य सरकार की सभी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक समयबद्ध, पारदर्शी और प्रभावी ढंग से पहुंचाने एवं आदिवासी समुदाय को सशक्त बनाने के उद्देश्य से जनजाति कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आदि कर्मयोगी राष्ट्रीय अभियान का शुभारंभ किया गया है । इसी क्रम में अभियान के सुचारु संचालन, बहुविभागीय समन्वय तथा प्रभावी क्रियान्वयन हेतु नारायणपुर जिला पंचायत सभागार में जिला स्तरीय उन्मुखीकरण एवं संवेदीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम के शुभारंभ में अभियान की संक्षिप्त जानकारी और उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए अपर कलेक्टर श्री बिरेंद्र बहादुर पंचभाई ने अधिकारियों-कर्मचारियों से संवेदनशीलता, प्रतिबद्धता और समयबद्धता के



साथ कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सभी विभाग बेहतर समन्वय स्थापित कर योजनाओं से वंचित जनों तक लाभ पहुंचाएं और नारायणपुर जिले में उत्कृष्ट परिणाम लाने का प्रयास करें।इसके बाद राज्य स्तर से प्रशिक्षण प्राप्त प्रशिक्षकों ने अभियान के विभिन्न पहलुओं पर जानकारी दी। मुख्य कार्यपालन अभियंता पी.एच.ई. श्री एस. के. वर्मा ने बताया कि आदि कर्मयोगी दल का गठन और उसकी कार्यप्रणाली कैसे होगी। श्री वासुदेव भारद्वाज मंडल संयोजक आदिवासी विकास विभाग ने कहा कि यह अभियान विश्व के सबसे बड़े जनजातीय समुदाय को योजनाओं से जोड़ने, पारदर्शिता सुनिश्चित करने और 2047 तक विकसित भारत निर्माण के लक्ष्य की प्राप्ति में सहायक होगा।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री नारायण मरकाम ने कहा कि आदि कर्मयोगी अभियान आदिवासी अंचल में विकास की नई दिशा तय करेगा। इस अभियान के माध्यम से गांव-गांव तक योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित होगी। उन्होंने जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और समुदाय को मिलकर कार्य करने का आह्वान करते हुए कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही आदिवासी परिवारों के जीवन में ठोस बदलाव लाया जा सकता है।

कलेक्टर नारायणपुर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने अभियान की सफलता हेतु बहुविभागीय समन्वय, सामुदायिक सहभागिता और समयबद्धता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सभी विभाग अपने सर्वोत्तम प्रयासों से केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को शत-प्रतिशत पूरा करें तथा आने वाली समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करें। यह अभियान स्मार्ट गवर्नेंस आधारित है, जो शिकायत निवारण, स्थानीय नियोजन और सेवाओं के निर्बाध वितरण में सहायक सिद्ध होगा।मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी सुश्री आकांक्षा शिक्षा खालको ने कहा कि ग्राम सभाओं, आदि सहयोगी, आदि साथी और जनजातीय नेतृत्व को साथ लेकर अभियान को सफल बनाया जाएगा। उन्होंने नारायणपुर एवं ओरछा विकासखंड के 138 ग्रामों में आदि सेवा केंद्र स्थापित करने की जानकारी दी।

# मिचेल स्टार्क ने टी-20 इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लिया

## 2027 वनडे वर्ल्ड कप और एशेज पर फोकस करेंगे, 2024 में खेला था आखिरी मुकाबला

नई दिल्ली।

ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने टी-20 इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। 35 साल के स्टार्क ने यह फैसला टेस्ट और 2027 में होने वाले वनडे वर्ल्ड कप पर फोकस करने के लिए लिया है। उन्होंने आखिरी टी-20 मुकाबला 2024 में वर्ल्ड कप में खेला था।

### टी-20 करियर का शानदार सफर

स्टार्क ने 65 टी-20 इंटरनेशनल मैच खेले, जिनमें उन्होंने 79 विकेट लिए। वे ऑस्ट्रेलिया के लिए टी-20 में दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उनका बेस्ट परफॉर्मेंस 2022 में वेस्टइंडीज के खिलाफ (4 विकेट) रहा।स्टार्क 2021 में श्व में हुए टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम का हिस्सा रहे। उन्होंने कहा, मैंने ऑस्ट्रेलिया के लिए हर टी-20 मैच का लुत्फ उठाया, खासकर 2021 वर्ल्ड कप का, न सिर्फ जीत की वजह से, बल्कि उस शानदार टीम और उस दौरान की मस्ती की वजह से।

**सिलेक्शन कमेटी के अध्यक्ष ने स्टार्क की तारीफ :** सिलेक्शन कमेटी के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने स्टार्क के टी-20 करियर की तारीफ की और कहा, मिचेल को अपने टी-20 करियर पर गर्व होना चाहिए। वह 2021 वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम का अहम हिस्सा थे।

उनकी विकेट लेने की काबिलियत ने कई बार मैच का रुख पलटा। हम सही समय पर उनके टी-20 करियर को सम्मान देंगे, लेकिन यह खुशी की बात है कि वह टेस्ट और वनडे क्रिकेट में लंबे समय तक खेलना चाहते हैं।

### टेस्ट और वनडे पर फोकस करेंगे

स्टार्क ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट हमेशा उनकी पहली प्राथमिकता रहा है। 2026 में ऑस्ट्रेलिया का टेस्ट शेड्यूल काफी व्यस्त है, जिसमें बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू सीरीज, साउथ अफ्रीका का दौरा, न्यूजीलैंड के खिलाफ चार टेस्ट मैचों की सीरीज, जनवरी 2027 में भारत में पांच टेस्ट, इंग्लैंड के खिलाफ मेलबर्न में 150वीं सालगिरह का एक स्पेशल टेस्ट, और फिर 2027 में इंग्लैंड में एशेज सीरीज शामिल है। इसके अलावा, अक्टूबर-नवंबर 2027 में साउथ अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया में वनडे वर्ल्ड कप होगा, जिसमें ऑस्ट्रेलिया मौजूदा चैंपियन के रूप में उतरेगा। स्टार्क ने कहा, भारत में टेस्ट दौरे, एशेज और 2027 वनडे वर्ल्ड कप को देखते हुए, यह फैसला मुझे इन बड़े टूर्नामेंट्स के लिए तरोताजा और फिट रहने में मदद करेगा। साथ ही, इससे नई गेंदबाजी इकाई को अगले टी-20 वर्ल्ड कप की तैयारी का समय भी मिलेगा।

### ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 का ऐलान किया

स्टार्क के संन्यास की घोषणा के साथ ही ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड के खिलाफ अक्टूबर में होने वाली तीन टी-20 मैचों की सीरीज के लिए टीम की घोषणा की है। इस दौरे पर कैमरन ग्रीन नहीं होंगे, क्योंकि वह शेफील्ड शील्ड के पहले राउंड में वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलेंगे। नाथन एलिस भी नहीं खेलेंगे। मैट शॉर्ट, जो हाल ही में चोट के कारण वेस्टइंडीज और साउथ अफ्रीका के खिलाफ सीरीज नहीं खेल पाए थे और मिशेल ओवेन, जो पिछले महीने डार्विन में कन्कशन का शिकार हुए थे, की टीम में वापसी हुई है। मार्कस स्टोइनिस भी इस दौरे के लिए टीम में शामिल हैं।



# कॉमनवेल्थ गेम्स : भारत के साथ नाइजीरिया का भी मेजबानी का प्रस्ताव

### नवंबर में स्कॉटलैंड में फैसला, भारत की 2036-ओलिंपिक की भी दावेदारी



नई दिल्ली।

भारत के साथ ही नाइजीरिया ने भी 2030 में होने वाले सेंटेनरी (100वें) कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी के लिए प्रस्ताव जमा किया है। 31 अगस्त मेजबानी के लिए प्रस्ताव दिए जाने की आखिरी तारीख थी। कॉमनवेल्थ स्पोर्ट्स (सीएस) के अध्यक्ष डॉ. डोनाल्ड रुकारे ने कहा, हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि भारत और नाइजीरिया ने 2030 के सेंटेनरी कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी के लिए प्रस्ताव जमा किए हैं। इन दो खेल महाशक्ति राष्ट्रों की ओर से मिले सकारात्मक जवाब से पता चलता है कि कॉमनवेल्थ गेम्स का महत्व और इसकी विरासत की संभावनाएं अभी भी बरकरार हैं।

### मूल्यांकन समिति का गठन

कॉमनवेल्थ स्पोर्ट्स के कार्यकारी बोर्ड ने मूल्यांकन समिति का गठन कर दिया है। इस समिति की अध्यक्षता सीएस उपाध्यक्ष सैंड्रा ओसबोर्न केसी करेंगी, जो बारबाडोस कॉमनवेल्थ गेम्स एसोसिएशन और ओलिंपिक समिति की अध्यक्ष भी हैं। समिति में अन्य सदस्यों में हेलेन फिलिप्स, ब्रेंडन विलियम्स, इयान रीड, और एंड्रयू रायन शामिल हैं। मूल्यांकन प्रक्रिया के तहत सितंबर 2025 के अंत में लंदन में दोनों देशों के प्रतिनिधि अपने प्रस्तावों को व्यक्तिगत रूप से पेश करेंगे। इसके बाद समिति अपनी रिपोर्ट सीएस कार्यकारी बोर्ड को सौंपेगी, जो 74 सदस्य देशों और क्षेत्रों के लिए मेजबान की सिफारिश करेगा। अंतिम मंजूरी नवंबर 2025 में ग्लासगो, स्कॉटलैंड में होने वाली सामान्य सभा में दी जाएगी।

### पिछले साल 2036 ओलिंपिक के लिए दावेदारी की थी

भारत 2036 ओलिंपिक गेम्स की मेजबानी की तैयारी भी कर रहा है। पिछले साल नवंबर में भारत ने इसकी मेजबानी हासिल करने के लिए दावेदारी पेश की थी। 2032 तक के ओलिंपिक मेजबान तय हो चुके हैं। 2032 की मेजबानी ऑस्ट्रेलिया के ब्रिस्बेन शहर को दी गई है। जबकि 2028 के ओलिंपिक लॉस एंजिलिस में होने हैं

### 2 एशियन गेम्स भी करा चुका है भारत

भारत अब तक 3 मल्टी स्पोर्ट्स गेम्स की मेजबानी कर चुका है। इनमें 1951 और 1982 के एशियन गेम्स और 2010 के कॉमनवेल्थ गेम्स शामिल हैं। 2010 में दिल्ली में कॉमनवेल्थ गेम्स हुए थे।

# जिम्बाब्वे की टी-20 टीम में ब्रेंडन टेलर की वापसी

## स्क्वॉड में शॉन विलियम्स को भी जगह, श्रीलंका से 3 मैच खेलेगी टीम

नई दिल्ली।

श्रीलंका के खिलाफ 3 टी-20 की सीरीज के लिए जिम्बाब्वे ने 16 प्लेयर्स का स्क्वॉड रिलीज कर दिया है। आईसीसी से 4 साल का बैन झेलने के बाद वनडे और टेस्ट टीम में वापसी करने वाले विकेटकीपर बैटर ब्रेंडन टेलर को टी-20 टीम में भी जगह मिल गई। वहीं 2024 में आखिरी टी-20 खेलने वाले ऑलराउंडर शॉन विलियम्स ने भी टीम में जगह बना ली।

**टेलर ने 2021 में आखिरी टी-20 खेला था :** विलियम्स ने जिम्बाब्वे के लिए आखिरी टी-20 मैच मई 2024 में बांग्लादेश के खिलाफ खेला था। उनके नाम 81 टी-20 मैचों में 1691 रन बनाने के साथ 48 विकेट लेने का रिकॉर्ड भी है। उन्होंने 2006 में ही टीम के लिए टी-20 डेब्यू कर लिया था। 39 साल के टेलर भी 4 साल बाद जिम्बाब्वे के लिए टी-20 मैच



खेलते नजर आएंगे। उन्होंने अप्रैल 2021 में पाकिस्तान के खिलाफ आखिरी टी-20 खेला था। वे टीम के लिए 45 मुकाबलों में 934 रन बना चुके हैं। आईसीसी ने उन्हें 2021 में करप्शन की खबर छिपाने के कारण 4 साल के लिए बैन किया था। जिसके बाद उन्होंने इसी साल जुलाई में न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट और श्रीलंका के खिलाफ वनडे फॉर्मेट में भी वापसी की।

**ब्रैड एवंस को भी टीम में जगह :** जिम्बाब्वे के स्क्वॉड में ब्रैड एवंस और तादिवानाशे मरुमानी को भी जगह मिली। दोनों को न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका के खिलाफ जुलाई में हुई टी-20 सीरीज के दौरान चांस नहीं मिला था। ट्राई सीरीज खेलने वाले न्यूमैन न्याम्हुरी, वेसले मधेवेरे, विंसेंट मसेकेसा और तफद्ज्वा सिगा को स्क्वॉड में जगह नहीं मिली। जिम्बाब्वे टीम फिलहाल होमग्राउंड पर श्रीलंका के खिलाफ व्हाइट बॉल सीरीज खेल रही है। वनडे सीरीज को श्रीलंका ने 2-0 से अपने नाम किया। अब 3 टी-20 की सीरीज 3 सितंबर से खेली जाएगी। तीनों मुकाबले हरारे के हरारे स्पोर्ट्स क्लब में खेले जाएंगे।

**जिम्बाब्वे का स्क्वॉड :** सिकंदर रजा (कप्तान), ब्रायन बेनेट, रायन बर्ल, ब्रैड एवंस, ट्रेवर ग्वांडू, क्लाइव मदांदे, तिनोतेंदा मपोसा, तादिवानाशे मरुमानी, वेलिंगटन मसाकाद्ज़ा, टोनी मुन्योंगा, ताशिंगा मुसेकिवा, ब्लेसिंग मुजरबानी, डायन मायर्स, रिचर्ड नगारवा, ब्रेंडन टेलर और शॉन विलियम्स।

# सिनर तीसरी बार यूएस ओपन के क्वार्टर फाइनल में

## बुब्लिक को सीधे सेटों में हराया, ओसाका से हारकर गॉफ बाहर

नई दिल्ली।

वर्ल्ड नंबर-1 इटली के जैनिक सिनर यूएस ओपन 2025 के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं। मौजूदा चैंपियन ने चौथे राउंड में एलेक्जेंडर बुब्लिक को हराया। सोमवार की रात न्यूयॉर्क के आर्थर ऐश स्टेडियम में खेले गए मैच में सिनर ने बुब्लिक 6-1, 6-1, 6-1 से हराया। इसमें उन्होंने केवल तीन गेम गंवाए। यह मुकाबला सिर्फ 1 घंटा 21 मिनट तक चला, जो इस साल के यूएस ओपन में दूसरे सबसे कम समय में खत्म होने वाला मैच था। सिनर की ग्रैंड स्लैम में हार्डकोर्ट पर यह लगातार 25वीं जीत है।



**क्वार्टर फाइनल में मुसेट्टी से भिड़ेंगे :** सिनर क्वार्टर फाइनल में सिनर का सामना इटली के लोरेंजो मुसेट्टी से होगा। मैच के बाद बुब्लिक ने मजाकिया अंदाजा में सिनर को एआई-जेनरेटेड प्लेयर बताते हुए उनकी सटीकता और मशीन जैसी स्टाइल की तारीफ की।

**मुसेट्टी पहली बार यूएस ओपन के क्वार्टर फाइनल में :** वहीं, एक अन्य मुकाबले में मुसेट्टी ने यूएस ओपन 2025 के चौथे राउंड में स्पेन के जौमे मुनार को 6-3, 6-0, 6-1 से सीधे सेटों में हराया। इसी के साथ मुसेट्टी पहली बार यूएस ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे, जहां उनका सामना मौजूदा चैंपियन सिनर से होगा।

**ओसाका ने गॉफ को हराया :** पूर्व वर्ल्ड नंबर-1 जापान की नाओमी ओसाका भी इस ग्रैंड स्लैम के विमेंस सिंगल्स के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई हैं। उन्होंने चौथे राउंड में अमेरिका की कोको गॉफ को 6-3, 6-2 से हराया। ओसाका 2020 के बाद (जिसमें उन्होंने यूएस ओपन जीता था) पहली बार इस ग्रैंड स्लैम के क्वार्टर फाइनल में पहुंची हैं। दोनों खिलाड़ियों की अब तक छह मुकाबले हुए।

ओसाका की गॉफ के खिलाफ ओवरऑल यह तीसरी जीत थी। गॉफ ने भी ओसाका को इतने ही बार हराया है।

**जोकोविच पहले ही क्वार्टर फाइनल में जगह बना चुके :** नोवाक जोकोविच ने रविवार रात यूएस ओपन के चौथे राउंड में शानदार प्रदर्शन करते हुए क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन जोकोविच ने 144वीं रैंकिंग वाले जर्मन क्वालिफायर जान-लेनार्ड स्ट्रफ को 6-3, 6-3, 6-2 से हराया।

# बिना स्पॉन्सर वाली जर्सी पहन टीम इंडिया को खेलना पड़ेगा एशिया कप, यह नियम बन गया रोड़ा

नई दिल्ली।

एशिया कप 2025 के शुरुआती मैचों में भारतीय टीम बिना किसी स्पॉन्सर के लोगो वाली जर्सी पहनकर खेल सकती है। मंगलवार को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने नए स्पॉन्सर की तलाश के लिए आवेदन भेजा है, जिसमें इंट्रेस्ट दर्ज कराने की आखिरी तारीफ 12 सितंबर है। इसके लिए 5 लाख रुपए भी जमा करने होंगे। 16 सितंबर 2025 या उसके बाद कभी भी भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड नए स्पॉन्सर का ऐलान कर सकता है। इसके पहले भारतीय टीम को 2 मैच खेलने होंगे।

**10 सितंबर को पहला मैच :** टीम इंडिया एशिया कप 2025 में अपने अभियान का आगाज 10 सितंबर को करेगी। इसके बाद 14 सितंबर को उनका दूसरा मुकाबला होगा। भारतीय टीम पहले यूएई और फिर पाकिस्तान से भिड़ेगी। यानी दोनों शुरुआती मुकाबलों में भारतीय टीम की




जर्सी पर किसी भी स्पॉन्सर का लोगो नहीं होगा। इसकी वजह ये है कि बोर्ड ने खुद ऐलान किया है कि ब्रैंड्स 12 सितंबर तक अपना इंट्रेस दर्ज कराएंगी और 16 सितंबर को मुख्य प्रायोजक का ऐलान होगा। ऐसे में ओमान के ओमान के खिलाफ टीम इंडिया स्पॉन्सर वाली जर्सी पहनकर मैदान पर उतर सकती है। इससे पहले फैंटेसी स्पोर्ट्स कंपनी ड्रीम11 के साथ भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) का नाता खत्म हो गया था। नए कानून के तहत बीसीसीआई के लिए ड्रीम11 या किसी अन्य गेमिंग कंपनी के साथ करार जारी रखना मुश्किल है। जुलाई 2023 में ड्रीम11 ने बायजू की जगह भारतीय क्रिकेट टीम के लीड स्पॉन्सर के रूप में तीन साल का करार किया था।

यह करार 358 करोड़ रुपये में हुआ था। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में ड्रीम11 की महत्वपूर्ण उपस्थिति रही। वीवो के हटने के बाद साल 2020 में यह लीड स्पॉन्सर था। अब आईपीएल को भी नया स्पॉन्सर मिलेगा।

# पैट कमिंस के कमर में दर्द : भारत और न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे-टी-20 सीरीज से बाहर, टीम मैनेजमेंट ने एशेज सीरीज के लिए लिया फैसला

नई दिल्ली।

ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज और टेस्ट कप्तान पैट कमिंस को कमर की चोट के कारण भारत और न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली आगामी सीमित ओवरों की सीरीज से बाहर कर दिया गया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने साफ किया कि कमिंस का रीहैबिलिटेशन इस तरह से मैनेज किया जा रहा है ताकि वे एशेज सीरीज के लिए पूरी तरह फिट हो सकें। न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन टी-20 मैचों की सीरीज 1 अक्टूबर से है। वहीं भारतीय टीम का ऑस्ट्रेलिया दौरा 19 अक्टूबर से है। टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया दौरे पर 19-15 अक्टूबर के बीच तीन वनडे और 29 अक्टूबर से 8 नवंबर के बीच पांच टी-20 मैचों की सीरीज खेलेगी। जबकि एशेज सीरीज का पहला टेस्ट 21 नवंबर से पर्थ में शुरू होगा। सीए ने अपने बयान में कहा,पैट कमिंस भारत और न्यूजीलैंड के खिलाफ सीमित ओवरों की सीरीज के लिए उपलब्ध नहीं होंगे।

# शुभमन गिल को मेरिट के आधार पर नहीं, इस वजह से एशिया कप की टीम में चुना, साथी खिलाड़ी का बड़ा खुलासा

नई दिल्ली।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने 19 अगस्त को एशिया कप 2025 के लिए भारतीय टीम की घोषणा की थी, लेकिन अभी भी प्लेयर्स के चयन को लेकर चर्चा जारी है। सबसे बड़ा सवाल ये है कि शुभमन गिल की टी20 टीम में वापसी और उन्हें सलामी बल्लेबाज बनाए जाने पर संजू सैमसन का भविष्य क्या होगा? श्रेयस अय्यर और यशस्वी जायसवाल को टीम से बाहर क्यों किया गया? ऐसे ही कुछ ज्वलंत प्रश्न हैं, जिनके शायद सेलेक्टर्स के पास जवाब नहीं हैं। इसी बीच पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज रॉबिन उथप्पा ने गिल के चयन को लेकर बड़ा खुलासा किया है।

### मार्केटिंग और व्यावसायिक दृष्टिकोण के चलते गिल को चुना

केकेआर में गिल के साथ ड्रेसिंग रूम शेयर कर चुके रॉबिन उथप्पा ने खुलासा किया है कि भारतीय टेस्ट कप्तान शुभमन गिल को मुख्य रूप से मार्केटिंग और व्यावसायिक दृष्टिकोण के चलते एशिया कप 2025 के लिए टीम इंडिया में चुना गया है। इंग्लैंड टेस्ट सीरीज में भारत का शानदार नेतृत्व करने और लाल गेंद के क्रिकेट में रन मशीन होने के बाद गिल को भारतीय टी20 टीम में जगह मिली है।




**स्टार संस्कृति को दिया जा रहा बढ़ावा :** गिल का चुना जाना और वह भी बतौर ओपनर बताते हुए इस बात कुछ लोग हैरान हैं, क्योंकि संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा की ओपनिंग जोड़ी काफी आक्रामक और मजबूत रही है। वहीं, बीसीसीआई के चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर ने तर्क दिया कि गिल 2024 में भारत के उप-कप्तान थे, लेकिन अन्य फॉर्मेट में वर्कलोड के चलते उन्हें टीम में शामिल होने का मौका नहीं मिला। उथप्पा ने इस पर निशाना साधते हुए कहा कि यह बीसीसीआई द्वारा स्टार संस्कृति को बढ़ावा देने का सिलसिला जारी रखने के अलावा और कुछ नहीं है।

**बीसीसीआई पर साधा निशाना :** उन्होंने कहा कि भारतीय क्रिकेट के नजरिए से हर दौर में आपके पास हमेशा सुपरस्टार रहे हैं और उन्होंने भारतीय क्रिकेट के हित में किसी खास खिलाड़ी का समर्थन किया है।

मुझे लगता है कि अभी भी इसी सोच पर काम चल रहा है। उन्होंने आगे कहा कि मुझे लगता है कि मार्केटिंग और व्यावसायिक सोच भी अहमियत रखती है, इसलिए उन्हें टीम में लाया गया है। आप चाहते हैं कि कुछ सुपरस्टार खेल को आगे बढ़ाएं। शुभमन उनमें से एक होंगे।

**आईपीएल 2025 में चौथे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी :** बता दें कि शुभमन गिल ने गुजरात टाइटन्स के लिए आईपीएल 2025 में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 15 मैचों में 650 रन बनाए। उन्होंने 50 की औसत और 155.88 की स्ट्राइक रेट से छह अर्धशतक लगाए। इस प्रदर्शन के साथ वह टूर्नामेंट में चौथे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए।

# आसिफ अली ने इंटरनेशनल क्रिकेट से लिया संन्यास

## 58 टी-20 और 21 वनडे खेले, बोले- पाकिस्तान की जर्सी पहनना जीवन का सबसे बड़ा सम्मान

नई दिल्ली।




पाकिस्तान के मिडिल ऑर्डर बैटर आसिफ अली ने 33 साल की उम्र में इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। हालांकि वे डोमेस्टिक क्रिकेट और दुनिया भर की फ्रेंचाइजी लीग में खेलना जारी रखेंगे। आसिफ ने 21 वनडे और 58 टी-20 इंटरनेशनल मैच खेले। उन्होंने 2021 टी-20 वर्ल्ड कप में अफगानिस्तान के खिलाफ सात गेंदों में 25 रन की तूफानी पारी खेल कर पाकिस्तान को जीत दिलाई। आसिफ ने सोशल मीडिया पर अपने संन्यास की घोषणा करते हुए कहा, पाकिस्तान की जर्सी पहनना मेरे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान रहा है और क्रिकेट के मैदान पर अपने देश की सेवा करना मेरा सबसे गर्व भरा अध्याय रहा है।

### विश्वास और समर्थन के लिए धन्यवाद

आसिफ ने आगे लिखा, मेरे प्रशंसकों, साथियों और कोचों, हर उतार-चढ़ाव में आपके प्यार, विश्वास और समर्थन के लिए धन्यवाद। मेरे परिवार और दोस्तों, जो खुशी के पलों में और मुश्किल हालातों में, जिसमें वर्ल्ड कप के दौरान मेरी प्यारी बेटी का निधन भी शामिल है, मेरे साथ खड़े रहे, आपकी ताकत ने मुझे आगे बढ़ाया।

### 2023 से इंटरनेशनल क्रिकेट से दूर हैं

आसिफ ने पाकिस्तान के लिए 58 टी-20 इंटरनेशनल 577 रन बनाए। 21 वनडे में उन्होंने 25.46 की औसत से 382 रन बनाए जिसमें तीन अर्धशतक शामिल हैं। पाकिस्तान के लिए उन्होंने आखिरी वनडे अप्रैल 2022 में लाहौर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था जबकि अपना अंतिम इंटरनेशनल मैच उन्होंने अगस्त 2023 में एशियन गेम्स में बांग्लादेश के खिलाफ टी-20 फॉर्मेट में खेला।

# सेंसेक्स 206 अंक गिरकर 80,157 पर बंद

## निफ्टी भी 45 अंक लुढ़का, बैंकिंग और आईटी शेयर्स में बिकवाली रही

नई दिल्ली।

घरेलू शेयर बाजार मंगलवार को जबरदस्त उतार-चढ़ाव का का सामना करने के बाद कमजोरी के साथ बंद हुआ। मंगलवार को कारोबार के दौरान शेयर बाजार में दोपहर 1 बजे तक लगातार तेजी का माहौल बना रहा, लेकिन इसके बाद बिकवाली का दबाव बन जाने की वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक जोरदार गिरावट के शिकार हो गए। मंगलवार को कारोबार में सेंसेक्स ऊपरी स्तर से 750 अंक से अधिक टूट गया, वहीं निफ्टी ने भी ऊपरी स्तर से 230 अंक से अधिक का गोता लगाया। मंगलवार को कारोबार की शुरुआत मजबूती के साथ हुई थी। दिन के पहले सत्र में खरीदारी के सपोर्ट से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों ने अच्छी बढ़त हासिल कर ली, लेकिन कमजोर ग्लोबल संकेतों, निफ्टी के फ्यूचर एंड ऑप्शंस कॉन्ट्रैक्ट्स की एक्सपायरी में हुए बदलाव की वजह से बनी अनिश्चितता और ऊपरी स्तर से हुई मुनाफा वसूली की वजह से शेयर बाजार गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुआ। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.26 प्रतिशत और निफ्टी 0.18 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए। मंगलवार को दिन भर के कारोबार के दौरान फाइनेंशियल, बैंकिंग, रियल्टी और आईटी सेक्टर के शेयरों में जबरदस्त मुनाफा वसूली होती नजर आई। इसी तरह ऑटोमोबाइल, कंज्यूमर ड्यूरेबल, हेल्थ केयर और टेक इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए। दूसरी ओर पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, ऑयल एंड गैस, मेटल, एफएमसीजी और कैपिटल गुड्स सेक्टर के शेयरों में मंगलवार को खरीदारी का रुख




बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में भी मंगलवार को आमतौर पर खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.27 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.64 प्रतिशत की तेजी के साथ मंगलवार को कारोबार का अंत किया।

मंगलवार को शेयर बाजार में आई कमजोरी के बावजूद मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में हुई खरीदारी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन मंगलवार को कारोबार के बाद बढ़ कर 449.94 लाख करोड़ रुपये (अनंतिम) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी सोमवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 448.85 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को मंगलवार को कारोबार से करीब 1.09 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया। मंगलवार को दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,285 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,529 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,612 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 144 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में मंगलवार को 2,780 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,737 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,043 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 14 शेयर बढ़त के साथ और 16 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 27 शेयर हरे निशान में और 23 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स मंगलवार को 155.60 अंक की मजबूती के साथ 80,520.09 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होने के कुछ देर बाद खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक 396.65 अंक उछल कर 80,761.14 अंक के स्तर तक पहुंच गया। हालांकि दोपहर 1 बजे के थोड़ी देर बाद बाजार में मुनाफा वसूली शुरू हो गई, जिसकी वजह से ये सूचकांक ऊपरी स्तर से 752.64 अंक टूट कर 355.99 अंक की कमजोरी के साथ 80,008.50 अंक के स्तर तक गिर गया। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 206.61 अंक की गिरावट के साथ 80,157.88 अंक के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने मंगलवार को 27.95 अंक उछल कर 24,653 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलने के कुछ देर बाद खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक 131.05 अंक की मजबूती के साथ 24,756.10 अंक के स्तर तक पहुंच गया। इसके बाद दिन के दूसरे सत्र में मुनाफा वसूली शुरू हो जाने की वजह से हुई बिकवाली के कारण ये सूचकांक ऊपरी स्तर से 233.75 अंक लुढ़क कर 102.70 अंक की कमजोरी के साथ 24,522.35 अंक के स्तर तक आ गया। अंत में इंट्रा-डे सेटलमेंट के कारण हुई खरीदारी के सपोर्ट से निफ्टी निचले स्तर से 55 अंक से अधिक की रिकवरी करके 45.45 अंक की गिरावट के साथ 24,579.60 अंक के स्तर पर बंद हुआ। मंगलवार को पूरे दिन के कारोबार के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से पावर ग्रिड कॉरपोरेशन 2.45 प्रतिशत, टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स 2.33 प्रतिशत, नेस्ले 2.26 प्रतिशत, एनटीपीसी 1.69 प्रतिशत और टाटा स्टील 1.42 प्रतिशत की मजबूती के साथ मंगलवार को टॉप 5 गेनर्स की सूची में शामिल हुए। दूसरी ओर महिंद्रा एंड महिंद्रा 2.44 प्रतिशत, डॉ रेड्डीज लेबोरेट्रीज 2.05 प्रतिशत, कोटक महिंद्रा 1.33 प्रतिशत, आईसीआईसीआई बैंक 1.19 प्रतिशत और एशियन पेंट्स 1.18 प्रतिशत की कमजोरी के साथ मंगलवार को टॉप 5 लूजर्स की सूची में शामिल हुए।

# भारत-अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर जारी है बातचीत : गोयल

नई दिल्ली।



केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि भारत अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर बातचीत कर रहा है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि भारत-चीन संबंध धीरे-धीरे सामान्य स्थिति की ओर बढ़ रहे हैं। जैसे-जैसे सीमा मुद्दे सुलझते जाएंगे, तनाव कम कम होता जाएगा। केंद्रीय मंत्री गोयल ने नई दिल्ली में भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के 20वें वैश्विक स्थायित्व शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही। उनका यह बयान ट्रंप प्रशासन के नई दिल्ली की रूसी तेल की निरंतर खरीद के जवाब में भारतीय वस्तुओं पर टैरिफ दोगुना करने के कुछ ही दिनों बाद आया है। गोयल ने कहा, हम बीटीए के लिए अमेरिका के साथ वार्ता कर रहे हैं। भारत और अमेरिका मार्च से इस समझौते पर बातचीत कर रहे हैं। अब तक पांच दौर की वार्ता पूरी हो चुकी है। 27 अगस्त से 50 फीसदी शुल्क लगाए जाने के बाद अमेरिकी दल ने अगले दौर की वार्ता के लिए भारत का अपना दौरा स्थगित कर दिया है, जो 25 अगस्त से शुरू होने वाली थी। अभी तक छठे दौर की वार्ता के लिए कोई तारीख तय नहीं की गई है।

गोयल ने कहा कि भारत पहले ही ऑस्ट्रेलिया, संयुक्त अरब अमीरात, मॉरीशस, ब्रिटेन और चार यूरोपीय देशों के समूह ईएफटीए के साथ मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर कर चुका है। भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते पर गोयल ने कहा कि बातचीत अग्रिम चरण में है। उन्होंने यह भी बताया कि वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल इस समझौते पर यूरोपीय संघ के अधिकारियों के साथ बातचीत के लिए ब्रसेल्स में हैं। वाणिज्य मंत्री ने अपने संबोधन में प्रकृति का सम्मान करने और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण की भारत की शाश्वत परंपरा का हवाला देते हुए पिछले 11 वर्षों में स्थायित्व के क्षेत्र में देश की उल्लेखनीय प्रगति पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि कैसे उद्योग और स्टार्टअप देश के संरक्षण प्रयासों को मजबूत कर सकते हैं और ऊर्जा दक्षता लक्ष्यों को आगे बढ़ा सकते हैं, जिससे विकसित भारत 2047 के विजन में योगदान मिल सके। इसके अलावा गोयल ने कहा कि शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन से इतर आयोजित बैठक में मोदी और शी जिनपिंग ने भारत-चीन सीमा मुद्दे के निष्पक्ष, उचित और पारस्परिक रूप से स्वीकार्य समाधान की दिशा में काम करने पर सहमति व्यक्त की और वैश्विक व्यापार को स्थिर करने में दोनों अर्थव्यवस्थाओं की भूमिका को मान्यता देते हुए व्यापार और निवेश संबंधों का विस्तार करने का संकल्प लिया।

# बेस्ट इन टेक अवॉर्ड्स (बिटा) 2025 के विजेताओं की घोषणा

**विजेताओं का चयन सत्यापित ग्राहक समीक्षाओं, न्यूनतम 4-स्टार रेटिंग, विशेषज्ञ ज्यूरी आकलन और Amazon.in पर कम्युनिटी वोटिंग के आधार पर किया गया**

नई दिल्ली।

बेस्ट इन टेक अवॉर्ड्स (बिटा) के विजेताओं की घोषणा आज कर दी गई. ये अवॉर्ड्स भारत के विभिन्न कैटेगरी में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले कंज्यूमर टेक्नोलॉजी प्रोडक्ट्स को समर्पित हैं, जिसका उद्देश्य उन गैजेट्स को पहचान दिलाना है जिन्होंने असाधारण प्रदर्शन किया है और मार्केट में उपभोक्ताओं का विश्वास अर्जित किया है. यह सम्मान प्रक्रिया भारत के टेक्नोलॉजी परिदृश्य से जुड़े व्यापक मार्केट डेटा और ग्राहक प्रतिक्रिया पर आधारित है. जिन प्रोडक्ट्स को यह पहचान मिली है, उन्होंने लगातार बेहतर प्रदर्शन और उपभोक्ता संतुष्टि के मानकों को पूरा किया है. ये नतीजे वास्तविक उपभोक्ता अनुभव और उनकी पसंद को दर्शाते हैं. अमेजन इंडिया की डायरेक्टर - कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स, जेबा खान ने कहा, आज उपभोक्ता अपनी टेक्नोलॉजी खरीदारी के लिए भरोसेमंद स्रोतों पर अधिक निर्भर होते जा रहे हैं, खासकर बड़े शॉपिंग पीरियड्स के दौरान. बिटा उन प्रोडक्ट्स का प्रतिबिंब है जिन्हें वास्तविक प्रदर्शन और ग्राहक संतुष्टि के आधार पर मान्यता मिली है. ये अवॉर्ड्स भारत द्वारा परखे और अपनाए गए टेक्नोलॉजी प्रोडक्ट्स को सामने लाते हैं और उन ब्रांड पार्टनर्स को भी सम्मानित करते हैं जो लगातार उत्कृष्टता प्रदान कर रहे हैं.

## बैंक धोखाधड़ी मामले में दिल्ली, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और गोवा में ईडी के छापे

नई दिल्ली।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बैंक ऋण धोखाधड़ी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के दो मामलों की जांच के सिलसिले में मंगलवार को दिल्ली, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और गोवा में छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि 'अरविंद रेमेडीज' कंपनी और उसके प्रवर्तक अरविंद बी. शाह के खिलाफ धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत तमिलनाडु के चेन्नई और कांचीपुरम, कोलकाता और गोवा के कुछ परिसरों पर छापेमारी की गई। एक अन्य मामले में ईडी ने 'गुप्ता एक्जिम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड' कंपनी के खिलाफ जांच के तहत कुल 10 ठिकानों (दिल्ली में नौ और पुणे में एक) जगह पर छापे मारे हैं। जानकारी के मुताबिक ईडी की ये छापेमारी जुलाई, 2021 के धन शोधन मामले से जुड़ी है। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने इस मामले को लेकर अक्टूबर, 2016 में एक प्राथमिकी दर्ज की थी, जिसमें कंपनी और उसके प्रवर्तक पर पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के नेतृत्व वाले बैंकों के समूह से करीब 637 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया गया है। धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 के तहत दर्ज ईडी की छापेमारी का यह दूसरा मामला कंपनी, उसके प्रवर्तकों तथा निदेशकों के खिलाफ केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो में दर्ज एक प्राथमिकी पर आधारित है। इन पर पंजाब नेशनल बैंक (पूर्व में ई-ओबीसी बैंक) से लिए गए करीब 425 करोड़ रुपये के ऋण की हेराफेरी के आरोप से संबंधित है।

## सोने की कीमतों में उछाल, चांदी फिर नए हाई पर

नई दिल्ली।

टैरिफ की चिंताओं और कमजोर रुपये के कारण सोने की कीमत लगातार सातवें सत्र में मजबूत रही। मंगलवार को राजधानी दिल्ली में सोने की कीमत 400 रुपये की बढ़त के साथ 1,06,070 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए उच्च स्तर पर पहुंच गई। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव भी 400 रुपये बढ़कर 1,05,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। वहीं चांदी की कीमत 100 रुपये बढ़कर 1,26,100 रुपये प्रति किलोग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई।

**पिछले सात सत्रों में सोने की कीमत :** पिछले सात सत्रों में सोने की कीमत 5,900 रुपये प्रति 10 ग्राम बढ़ चुकी है। चालू कैलेंडर वर्ष में सोने की कीमतें 34.35 प्रतिशत बढ़ी हैं। यह 31 दिसंबर, 2024 को 78,950 रुपये प्रति 10 ग्राम से बढ़कर 1,000 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई हैं।

**पिछले तीन सत्रों में चांदी की कीमत :** पिछले तीन सत्रों में चांदी की कीमतों में 7,100 रुपये प्रति किलोग्राम की तेजी आई है। इस साल अब तक चांदी ने सोने से बेहतर प्रदर्शन किया है। दिसंबर 2024 के अंत में 89,700 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर से अब तक चांदी में 40.58 प्रतिशत की तेजी आ चुकी है।

# राष्ट्रीय न्यूट्रिशन माह बादाम बढ़ाते हैं आपकी दैनिक न्यूट्रिशन क्षमता

नई दिल्ली।

अच्छे स्वास्थ्य के लिए संतुलित आहार बेहद जरूरी है। इस साल के पोषणमाह की थीम, भोजन हमें जोड़ता है, यह दर्शाती है कि भोजन सिर्फ शरीर केलिए नहीं, बल्कि हमारे रिश्तों के लिए भी अहम है। दिन की शुरुआत पोषण से भरपूर चीजों जैसे बादाम, फल, और साबुतअनाज से करें। इससे ऊर्जा मिलती है और पूरा दिन चुस्ती बनी रहती है।कैलिफ़ोर्निया बादाम में जिंक, मैग्नीशियम, आयरन और विटामिन ई सहित15 जरूरी पोषक तत्व होते हैं, जो आपकी सेहत को रोजाना मजबूत बनाने मेंमदद करते हैं। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद - राष्ट्रीय पोषणसंस्थान (आईसीएमआर-एनआईएन) ने भी भारतीयों के लिए नए आहारदिशानिर्देश जारी किए हैं। इन दिशानिर्देशों में बादाम को ऐसा मेवा बतायागया है जिसे रोजाना खाना सेहत के लिए फायदेमंद है। रोज बादाम खाने सेवजन नियंत्रण में मदद मिल सकती है, दिल की सेहत बेहतर हो सकती हैऔर ब्लड शुगर भी नियंत्रित रह सकती है। बॉलीवुड अभिनेत्री सोहा अली ख़ान, जो फिटनेस को लेकर काफी सजग हैं,कहती हैं, मैं हमेशा स्वस्थ खाने की



आदतों को अपनाती हूँ और अपनेपरिवार को भी इसके लिए प्रेरित करती हूँ। रोजाना पोषण पर ध्यान देनाअच्छे स्वास्थ्य के लिए जरूरी है, इसलिए मैं इस बात का ध्यान रखती हूँ किहम क्या खा रहे हैं। मैं दिन की शुरुआत कुछ हल्का लेकिन पोषण से भरपूरजैसे कैलिफोर्निया बादाम से करना पसंद करती हूँ, जिससे मुझे लंबे समयतक ऊर्जा और संतुष्टि मिलती है। जब मैं बाहर जाती हूँ, तो भी कैलिफोर्नियाबादाम का एक छोटा डिब्बा अपने साथ रखती हूँ। ये भूख को शांत करने केसाथ-साथ मेरी रोज की पोषण जरूरतों को पूरा करने में मदद करते हैं। इसराष्ट्रीय पोषण माह पर मैं सभी से कहती हूँ कि वे दिन की शुरुआत पोषणयुक्त चीजों जैसे बादाम से करें और अपने परिवार में भी इसे शामिल करें। राष्ट्रीय न्यूट्रिशन माह पर टिप्पणी करते हुए, रीजनल हेड डायटेटिक्स, मैक्सहेल्थकेयर, दिल्ली, रितिका समद्दार ने कहा: मैं लोगों से अपील करती हूँ किवे अपनी सेहत को गंभीरता से लें और सोच-समझकर खाने के चुनाव करें। आजकल जंक फूड की खपत बढ़ रही है, जिससे हर उम्र के लोगों में स्वास्थ्यसंबंधी समस्याएँ भी बढ़ रही हैं। ऐसे में जरूरी है कि अपने रोज के भोजन मेंपोषणयुक्त चीजें, जैसे बादाम, को शामिल करें। ये वजन, कोलेस्ट्रॉल औरब्लड शुगर को कंट्रोल करने में मदद करते हैं और सम्पूर्ण स्वास्थ्य को बेहतरबनाते हैं। बादाम में विटामिन बी2, विटामिन ई, मैग्नीशियम और फॉस्फोरसजैसे तत्व पाए जाते हैं, जो पूरे दिन आपको ऊर्जावान बनाए रखते हैं। न्यूट्रिशन और वेलनेस कंसल्टेंट शीला कृष्णास्वामी ने कहा: हमारीजीवनशैली और खानपान की आदतें आजकल डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशरऔर मोटापे जैसी बीमारियों को बढ़ावा दे रही हैं। एक आसान लेकिन अक्सरअनदेखा किया जाने वाला कदम यह है कि हम दिन की शुरुआत कैसे करतेहैं, क्योंकि यही हमारे ऊर्जा स्तर और ध्यान को तय करता है। बादाम जैसेपोषक तत्वों से भरपूर खाद्य पदार्थों को सुबह के आहार में शामिल करना बड़ाबदलाव ला सकता है। बादाम में 15 जरूरी पोषक तत्व होते हैं। आईसीएमआर-एनआईएन ने भी नियमित रूप से मेवे खाने की सिफारिशकी है क्योंकि यह दिल और पाचन स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होते हैं, औरडायबिटीज व प्रीडायबिटीज को नियंत्रित करने में भी मदद करते हैं। दिन कीशुरुआत बादाम से करने से शरीर को जरूरी पोषण मिलता है और आप पूरेदिन ऊर्जावान महसूस करते हैं। आयुर्वेद विशेषज्ञ मधुमिता कृष्णन ने कहा: आयुर्वेद के अनुसार, दिन कीशुरुआत ध्यान (मेडिटेशन) से करना बहुत फायदेमंद होता है, लेकिन आहारभी उतना ही महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसका असर हमारे शरीर, त्वचा औरसम्पूर्ण स्वास्थ्य पर पड़ता है।

बादाम को सात्विक आहार माना गया है। इसमें विटामिन ई, हेल्दी फैट्स और एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो त्वचा कोअंदर से पोषण देते हैं। सिद्ध चिकित्सा पद्धति में भी बादाम को लंबे समयतक चलने वाली बीमारियों और जीवनशैली से जुड़ी समस्याओं जैसेडायबिटीज के कारण होने वाली कमजोरी को दूर करने में उपयोगी मानागया है। राष्ट्रीय न्यूट्रिशन माह हमें यह याद दिलाता है कि हर निवाला मायने रखताहै। इस साल आइए यह संकल्प लें कि हम न्यूट्रिशन के महत्व को समझें औरउसे अपने अच्छे स्वास्थ्य का आधार बनाएं।

अगर हम सोच-समझकर खानेका चुनाव करें और रोजाना के आहार में बादाम जैसी पोषण से भरपूर चीजोंको शामिल करें, तो हम न केवल ऊर्जा से भरपूर और स्वस्थ रह सकते हैं, बल्कि जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों के खतरे को भी कम कर सकते हैं।

# हाईवे इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड ने Q1 FY 2025-26 में 38% राजस्व वृद्धि और 128% कर पश्चात लाभ वृद्धि दर्ज की

मध्य प्रदेश।

भारत के इन्फ्रास्ट्रक्चर सेक्टर की अग्रणी कंपनी हाईवे इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड ने 30 जून 2025 को समाप्त तिमाही के अपने असंशोधित वित्तीय परिणामों की घोषणा की। कंपनी ने राजस्व और लाभप्रदता, दोनों में मजबूत वृद्धि दर्ज की, जिसका आधार उच्च यातायात वॉल्यूम, परिचालन दक्षता और नए प्रोजेक्ट्स की सफलता रही।

**वित्तीय प्रदर्शन - मजबूत वृद्धि का क्रम जारी :** स्टैंडअलोन आधार पर, HIL ने Q1 FY 2025-26 में प्रमुख वित्तीय मानकों पर प्रभावशाली प्रदर्शन किया परिचालन से राजस्व वर्ष-दर-वर्ष 38% बढ़ा, जिसका मुख्य कारण मजबूत टोल




कलेक्शन और दक्षता में सुधार रहा। कर पश्चात शुद्ध लाभ 128% बढ़ा, जो उच्च ऑपरेटिंग लीवरेज और प्रभावी लागत प्रबंधन का परिणाम है।

**परिचालन मुख्य बिंदु**

**ट्रैफिक ग्रोथ और दक्षता :** यातायात वॉल्यूम में वृद्धि और डिजिटल टोलिंग सॉल्यूशंस के चलते राजस्व बढ़ा तथा यात्रियों को सुगमता मिली।

**नए टोल ऑपरेशन्स का विस्तार :** उत्तर प्रदेश स्थित किरतपुर शुल्क प्लाज़ा पर 84.78 करोड़ के कॉन्ट्रैक्ट मूल्य के साथ संचालन प्रारंभ हुआ।

**नया प्रोजेक्ट अवॉर्ड :** तिमाही के दौरान 31.07 करोड़ मूल्य का एक अतिरिक्त टोल प्रोजेक्ट प्राप्त हुआ, जिससे HIL की राष्ट्रीय उपस्थिति और सशक्त हुई।

**ऑर्डर बुक और विकास दृष्टि :** Q1 FY 2025-26 में टोल ऑर्डर बुक में कुल 115.85 करोड़ की वृद्धि हुई। नए प्रोजेक्ट्स कंपनी की दीर्घकालिक वृद्धि की दृष्टि और मजबूत पोर्टफोलियो निर्माण की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। RFID और ANPR आधारित टोल कलेक्शन जैसी डिजिटल तकनीकों में निवेश HIL को एक टेक्नोलॉजी-लीड इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी के रूप में स्थापित कर रहा है।

**कंपनी का वक्तव्य :** हमारा फोकस परिचालन दक्षता को और बढ़ाने तथा प्रोजेक्ट पोर्टफोलियो का विस्तार करने पर बना हुआ है। नए टोल प्रोजेक्ट्स हमारी उस दृष्टि के अनुरूप हैं जिसके तहत ।।ह्रु को इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर का अग्रणी खिलाड़ी बनाना है।

# जीएसटी के ढांचे में सुधार के बाद भी राज्य शुद्ध रूप से लाभ हासिल करते रहेंगे, एसबीआई रिसर्च का अनुमान

नई दिल्ली।

जीएसटी सुधार से राज्य शुद्ध लाभार्थी बने रहेंगे। एसबीआई रिसर्च की रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार इस वित्त वर्ष में जीएसटी राजस्व (हस्तांतरण सहित) 14.10 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहने का अनुमान है।

**पिछले अनुभवों का दिया हवाला :** जीएसटी परिषद के पिछले अनुभवों का हवाला देते हुए इसमें कहा गया है कि कर दरों में तत्काल कटौती से अल्पावधि में संग्रह पर असर पड़ सकता है। 2018 और 2019 में दरों के युक्तिकरण के दौरान यह देखा गया था कि मासिक जीएसटी संग्रह में करीब तीन से चार प्रतिशत की गिरावट आई थी। यह लगभग 5,000 करोड़ रुपये (सालाना आधार पर 60,000 करोड़ रुपये) के बराबर थी। हालांकि, इसके बाद राजस्व में तेजी से सुधार हुआ और महीने-दर-महीने औसतन पांच से छह प्रतिशत की स्थायी वृद्धि दर्ज की गई।

**केंद्र का प्रस्ताव :** केंद्र ने जीएसटी दरों और स्लैब को युक्तिसंगत बनाने का प्रस्ताव दिया है। इसके तहत पांच और 18 प्रतिशत की दो स्तरीय कर संरचना अपनाई जाएगी। साथ ही कुछ चुनिंदा वस्तुओं पर 40 प्रतिशत की दर लागू की जाएगी। वर्तमान में, जीएसटी चार स्तरीय संरचना में है- 5, 12, 18 और 28 प्रतिशत। इसके अलावा, विलासिता और अवगुण वस्तुओं पर एक से 290 प्रतिशत तक का क्षतिपूर्ति उपकर लगाया जाता है। हालांकि, आठ विपक्षी शासित राज्यों ने राजस्व संरक्षण या मुआवजे की मांग करते हुए कहा है कि युक्तिकरण के बाद औसत राजस्व हानि लगभग 1.5 से दो लाख करोड़ रुपये होने की उम्मीद है।

# एप्पल ने बेंगलुरु में खोला अपना पहला खुदरा स्टोर



नई दिल्ली।

एप्पल ने मंगलवार को बेंगलुरु में अपना पहला खुदरा स्टोर एप्पल हेब्बल नाम से खोला। दिल्ली और मुंबई के बाद अब ये कंपनी का दक्षिण भारत में पहला और देश में तीसरा स्टोर है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि 'एप्पल हेब्ब्ल' नाम का यह स्टोर ग्राहकों को एप्पल उत्पादों, सेवाओं और सहायता की पूरी श्रृंखला के साथ ही नि:शुल्क 'टुडे एट एप्पल' सत्र की सुविधा भी देगा। इस सत्र की मदद से उपयोगकर्ताओं को अपने उपकरणों का अधिकतम लाभ उठाने में मदद मिलेगी। एप्पल ने अपने ऑनलाइन मंच के अलावा मुंबई में बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स में अपना पहला भारतीय स्टोर 'एप्पल बीकेसी' खोला था। उसके बाद दिल्ली में 'एप्पल साकेत' की शुरुआत हुई। एप्पल ने कहा कि ये नया स्टोर 100 फीसदी नवीकरणीय ऊर्जा से संचालित है। एप्पल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (खुदरा और जनसमूह) डिएड्रे ओ'ब्रायन ने बयान में कहा, ''हमें एप्पल हेब्बल खोलकर खुशी हो रही है, जो बेंगलुरु की नवाचार की भावना का जश्न मनाने वाला एक सामुदायिक केंद्र है।'' उन्होंने कहा कि एप्पल हेब्बल में ग्राहक नए उत्पादों का आनंद ले सकते हैं, जिनमें आईफोन-16, एम4 चिप से संचालित मैकबुक प्रो, एप्पल पेंसिल प्रो के साथ आईपैड एयर, एप्पल वॉच सीरिज 10, एयरपॉड 4 और एयरटैग शामिल हैं।

## अप्रैल-अगस्त में वाणिज्यिक खदानों से कोयला उत्पादन 11.9 फीसदी बढ़ा

नई दिल्ली।

देश में कोयला के उत्पादन में निरंतर बढ़ोत्तरी दर्ज हो रही है। चालू वित्त वर्ष 2025-26 के अप्रैल से अगस्त के दौरान भारत की कैप्टिव और वाणिज्यिक खदानों से कोयला उत्पादन में पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 11.88 फीसदी की मजबूत वृद्धि दर्ज की गई है, जबकि इन पांच महीनों के दौरान खदानों से कोयले का प्रेषण 9.12 फीसदी बढ़ा है।

# SINDHI COUNCIL OF INDIA



## सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई

### सिंघू डॉक्टर फोरम के तत्वधान में

# नि:शुल्क विशाल स्वास्थ्य जाँच एवं रक्तदान शिविर



पूज्य संत श्री युधिष्ठिर लाल जी
शदाणी दरबार तीर्थ, रायपुर(छ.ग.)

**07 सितम्बर 2025, रविवार**
**सुबह 10 बजे से शाम 04 बजे तक**



डॉ. संदीप दवे
मैनेजिंग एवं मेडिकल डायरेक्टर

RAMKRISHNA CARE HOSPITALS

## स्थान - रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल

पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड, रायपुर (छ.ग.)

**विशेषज्ञों की सेवाएं उपलब्ध -**

- **डॉ. संदीप दवे** – जनरल सर्जरी विशेषज्ञ
- **डॉ. भरत अग्रवाल** – हृदय रोग विशेषज्ञ
- **डॉ. विनोद आहूजा** – कार्डियो वेस्कुलर थोरेसिक सर्जन
- **डॉ. प्रवाश चौधरी** – किडनी रोग विशेषज्ञ
- **डॉ. हितेश कुमार दुबे** – लिवर ट्रांसप्लांट विशेषज्ञ
- **डॉ. चेतना रमानी** – प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
- **डॉ. ललित निहाल** – पेट रोग ( गैस्ट्रोएंटेरोलाजी )
- **डॉ. साकेत अग्रवाल** – पेट रोग ( गैस्ट्रोएंटेरोलाजी )
- **डॉ. बबलेश महावर** – पेन मैनेजमेंट विशेषज्ञ
- **डॉ. पंकज धाबलिया** – हड्डी रोग विशेषज्ञ
- **डॉ. पवन जैन** – शिशु रोग विशेषज्ञ
- **डॉ. अजीत शदानी** – मेडिसिन विशेषज्ञ
- **डॉ. रवि जायसवाल** – कैंसर रोग विशेषज्ञ
- **डॉ. संजय शर्मा** – मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ
- **डॉ. उज्जवला वर्मा** – त्वचा रोग विशेषज्ञ
- **डॉ. नवीन खूबचंदानी** – प्लास्टिक सर्जन
- **डॉ. निखिल मोतीरमानी** – हृदय रोग विशेषज्ञ
- **डॉ. नीलिमा आहूजा** – दंत रोग विशेषज्ञ
- **डॉ. परिधी बजाज** – फ़िज़ियोथेरेपिस्ट

**Consultation RFT & Urine RM, Complete Blood Count, Blood Sugar, BP, ECG, TSH, Lipid Profile, BMI, Uric Acid,**
**की नि:शुल्क जाँच**



* कृपया मरीज अपनी जाँच रिपोर्ट साथ लायें।

**ललित जैसिंघ**
प्रदेश अध्यक्ष सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई

**तेज कुमार बजाज** – वरिष्ठ उपाध्यक्ष सिंधी काउंसिल
**सुनील कुकरेजा** – महासचिव सिंधी काउंसिल
**चंदन जैसिंघ** – उपाध्यक्ष सिंधी काउंसिल
**संजय रहेजा** – अध्यक्ष सिंधी काउंसिल
**प्रणित सुंदरानी** – उपाध्यक्ष सिंधी काउंसिल
**निलेश तारवानी** – उपाध्यक्ष सिंधी काउंसिल
**दीपक रामनानी** – उपाध्यक्ष सिंधी काउंसिल
**डॉ. एन डी गजवानी** – उपाध्यक्ष सिंधी काउंसिल
**विक्की लोहाना** – वरिष्ठ उपाध्यक्ष सिंधी काउंसिल
**चंदर देवानी** – सचिव सिंधी काउंसिल
**धनेश मटलानी** – उपाध्यक्ष सिंधी काउंसिल
**किशोर आहूजा** – वरिष्ठ समाज सेवी
**रितेश वाधवा** – उपाध्यक्ष सिंधी काउंसिल
**राजेश रेलवानी** – सचिव सिंधी काउंसिल
**महेश खिलवानी** – सचिव सिंधी काउंसिल
**डॉ. किरण मारवीजा** – पूर्व अध्यक्ष सिंघू डॉ. फोरम
**डॉ. प्रकाश कटारिया** – उपाध्यक्ष सिंधी काउंसिल
**नितिन कृष्णानी** – उपाध्यक्ष सिंधी काउंसिल

## अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें -

**पूज्य सिंधी पंचायत गुढ़ियारी एकता नगर**
गुरनामल रोहड़ा - 9329961200
संजय रमानी - 9300686512
सुनील मेधवानी - 9826142201
महेन्द्र चन्दवानी - 9827471026
परमानंद वाधवा - 932963525

**पूज्य सिंधी पंचायत देवेन्द्र नगर**
सोनू साधवानी - 9893230934 (महासचिव)
अल्पेश पोपटानी - 98266 99994 (मीडिया प्रभारी)
राजकुमार सोनी - 9329124188
रितेश वाधवा - 9926459911

**पूज्य पंचायत नहरपारा**
हरनाम तालरेजा (अध्यक्ष) 9329828442
नरेश संतवानी (महासचिव) 7987224516

**पूज्य सिंधी पंचायत दलदल सिवनी मोवा**
गिद्धू राम कुकरेजा - 98274 06564 (अध्यक्ष)
नरेश पंजवानी - 9406054211 (सचिव)
दर्शन लाल सचदेव - 9302913805 (उपाध्यक्ष)

**पूज्य सिंधी पंचायत महावीर नगर**
पंकज चिजवानी - 9754177138
गौरव नागदेव - 9827984594
कमल रिझवानी - 8319164700
कमल राजवानी - 8889630013
अजय जयसिघानी - 9827172656

**पूज्य सिंधी पंचायत शैलेन्द्र नगर टेगोर नगर, रायपुर**
हरीश अबिचंदानी - 9827198125 (अध्यक्ष)
किशोर गाबा - 9826179702
महेश मयानी - 9993535200 (महासचिव)
रमेश थावानी - 9424229950
एम एल भाटिया - 9300602555 (कोषाध्यक्ष)

**रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल** पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड, रायपुर (छ.ग.) फोन : 0771-6165656

## कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला-रायपुर (छ.ग.)

क्रं./17/न.पा.नि./स्टोर–25–26/2025–26/

बीरगांव, दिनांक 01/09/2025

**मैन्युअल पद्धति वार्षिक निविदा आमंत्रण सूचना 2025–26**

निकाय कार्यालयीन उपयोग हेतु कम्प्यूटर / प्रिंटर सामग्री / मरम्मत सामग्री आपूर्ति सह इंस्टालेशन कार्य तथा मरम्मत कार्य / इंटरनेट संबंधी इंफ्रास्ट्रक्चर कार्य अनुमानित लागत रु. 8.50 लाख हेतु पात्र फर्मों से पंजीकृत डॉक/स्पीड पोस्ट से दो लिफाफा पद्धति में सीलबंद निविदा आमंत्रित है। निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 19.09.2025 अपरान्ह 3.00 बजे तक। निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि 19.09.2025 सायं 5.00 बजे तक। निविदा प्राप्त होने की अंतिम तिथि 26.09.2025 अपरान्ह 3.00 बजे तक। प्राप्त निविदाओं को खोलने की तिथि 26.09.2025 सायं 4.00 बजे। निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से तथा साथ ही निगम की वेबसाईट www.nagarnigambirgaon.com अथवा संचालनालय की बेबसाईट www.uad.cg.gov.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।

आयुक्त

## विज्ञापन एजेंसियां

**अतुल पब्लिसिटी**
इलवाई लेन, रायपुर, फोन 2223699, 2539578, 94252 11222

**एम्बेसी कारपोरेट प्रमोशन**
13 14 तीसरा माला अशोका मिलेनियम, राजेन्द्र नगर रिंग नं.1, रायपुर, मो. 99811-30300

**अजय एडवरटाइजर्स, पब्लिसिटी**
समता शिखर कॉम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर
फोन :2224371, 2537569,94242-01700

**ए.एस. एसोसिएट्स**
प्रथम तल, आनंद भवन गुरुनानक चौक, रायपुर
मो. 93020-77741, 98271-62101

**माहेश्वरी पब्लिसिटी सर्विस**
डॉ. नायडू कॉम्पलेक्स, जेल रोड, वेवीलॉन इन के बाजू में, रायपुर
फोन नं. 4034113, 2234113, मो. 98269-06113

**प्रयास एडवरटाइजर्स**
ग्राउंड फ्लोर 13, सत्य सांई प्लाजा, लेडिकल हॉस्पिटल, पुराना बस स्टैंड के पास, शिव टाकीज रोड बिलासपुर, रायपुर, द्वितीय तल श्याम प्लाजा, पंढ्री शाप
मो. 98267-01259, 62642-74844

**राजेश पब्लिसिटी**
समता कॉलोनी, कृष्णा टॉकीज के पास, रायपुर
फोन नं. 4043063, मो-94252-08899, 99263-08899

**सुमीत एडवरटाइजर्स**
शहीद स्मारक भवन, रजबंधा, रायपुर
फोन नं. 0771-4031319, मो. 98261-61116, 98267-08989

**शिवम् पब्लिसिटी**
नत्थानी बिल्डिंग बूढ़ापारा, रायपुर
फोन नं. 2539968, मो.-9329100263

**प्रिशांश पब्लिसिटी**
24, प्रथम तल, विनेता कॉम्पलेक्स शास्त्री बाजार, रायपुर
मो. 94252 04920, फोन : 2234944, 2582595

**देव एड एजेंसी**
आशीर्वाद टॉवर, राज टॉकीज, रायपुर , फोन नं. 2537897
मो. 7987854705, 98268 77609

**खन्ना एडवरटाइजर्स**
ए-5/2, शंकरनगर सेक्टर-1, केनरा बैंक वाली गली, रायपुर
मो. 98271-44343, 93001-60001 2524032

**ए.के. एडवरटाइजर्स**
चिमन प्लाजा, लिबाज टेलर के बाजू तात्यापारा, रायपुर
मो. 9826145558, 07714028271

**मीतनिशा एडवरटाइजिंग**
23, तीसरा माला रिची काम्पलेक्स, फ्रुट मार्केट के सामने लालपुर, रायपुर ( छ.ग. ) मो. 98271-46567,93298-46567

**अनिश एड.**
व्हाइट हाउस के पास, शंकर नगर, रायपुर
मो. 93021-19222, 9303119222

**श्रीराम एडवरटाइजिंग एंड मार्केटिंग रायपुर ब्रांच**
403 चौथी मंजिल मेग्नेटो, जीई रोड, रायपुर
फोन नं. 0771 4055015

# उर्वरक विक्रय दुकानों का किया गया निरीक्षण

**कोरबा, प्रतिदिन राजधानी**

कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देश पर कार्यालय उप संचालक कृषि कोरबा के जिला स्तरीय टीम द्वारा दुकानों में छापेमारी सतत की जा रही है। सोमवार को कृषि विभाग की टीम द्वारा जिले के खाद दुकानों का निरीक्षण किया। श्याम खाद भण्डार उरगा तथा सोनरक्षा कृषि केन्द्र कुदुरमाल में खाद विक्रय का निरीक्षण में पाया गया कि उक्त दुकानों में वर्तमान स्थिति में खाद का भण्डारण निरंक है। पटेल कृषि केन्द्र में कीटनाशक दवाओं का निरीक्षण किया गया।

उप संचालक कृषि ने बताया कि पिछले वर्ष इसी अवधि के दौरान 6298.46 मेट्रिक टन यूरिया का वितरण किया गया था जबकि इस वर्ष 2025-26 में 6494.625 मेट्रिक टन यूरिया का वितरण किया जा चुका है। वर्ष 2025-26 में जिले मे कुल खाद भण्डारण का लक्ष्य 20637 मेट्रिक टन था जिसके विरूद्ध आज की स्थिति में 17007.62 मेट्रिक टन खाद का भण्डारण किया जा



चुका है जिसमें से 16270.23 मेट्रिक टन खाद का वितरण किया जा चुका है। जिले में यूरिया खाद मांग के अनुरूप खाद का भंडारण किया जा चुका है जिन स्थानों पर यूरिया खाद उपलब्ध नही है उन स्थानों पर सहकारी समितियों के द्वारा खाद की मांग डी डी जमा किया जा चुका है ।

शासन से खाद उपलब्ध होते ही समितियों में तत्काल भंडारण किया जायेगा। वर्तमान में नई तकनीकी द्वारा विकसित नैनो यूरिया व नैनो डीएपी का समितियों में भण्डारण 1544 नग (बॉटल) उपलब्ध है जबकि कुल 25246 नग (बॉटल) भंडारण किया गया था जिसमें से कृषकां द्वारा 23702 नग नैनो यूरिया व नैनो डीएपी का उपयोग कर लिया गया है । शासन के दिशा निर्देशानुसार उर्वरक विक्रय हेतु पी.ओ.एस. मशीन की अनिवार्यता एवं निर्धारित दर पर उर्वरकों का विक्रय सुनिश्चित करने हेतु संबंधितो को निर्देशित किया गया है। जिसके कारण उर्वरक का विक्रय एवं उपलब्धता की स्थिति का निरीक्षण जिला स्तर पर लगातार किया जा रहा है अनियमितता पाये जाने पर कार्यवाही किया जा रहा है।

# बाल संप्रेक्षण गृह से 4 अपचारी बालकों के फरार के संबंध में कलेक्टर ने दिये दण्डाधिकारी जांच के आदेश

**कोरबा, प्रतिदिन राजधानी**

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री अजीत वसंत ने शासकीय बाल संप्रेक्षण गृह (बालक) कोरबा में संस्थागत हुए चार अपचारी बालकों के 31 अगस्त 2025 को सुबह लगभग 08.10 बजे बाथरूम के वेंटिलेशन खिड़की को तोड़कर संस्था परिसर से फरार हो जाने की घटना के संबंध में दण्डाधिकारी जांच के आदेश दिये हैं।

जिला दण्डाधिकारी श्री अजीत वसंत ने उक्त घटना की दण्डाधिकारी जांच हेतु संयुक्त कलेक्टर कोरबा श्री कौशल प्रसाद तेंदुलकर को आदेशित किया है कि उक्त दण्डाधिकारी जांच की कार्यवाही 30 दिवस के भीतर किया जाकर प्रतिवेदन कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। जांच हेतु जो बिंदु निर्धारित किये गये हैं वे इस प्रकार हैं- घटना किन परिस्थितियों में घटित हुई? बाल संप्रेक्षण गृह से फरार होने के क्या कारण थे? बाल संप्रेक्षण गृह से फरार अपचारी किशोरों को बाल संप्रेक्षण गृह दाखिल होने के पूर्व अथवा पश्चात किसी प्रकार की शारीरिक यातना तो नहीं दी गई? घटना की सूचना कब और किसके द्वारा पुलिस को दी गई? अन्य कोई बिन्दु जो जांच के दौरान आवश्यक हो?जिला दण्डाधिकारी श्री अजीत वसंत ने उक्त घटना की दण्डाधिकारी जांच हेतु संयुक्त कलेक्टर कोरबा श्री कौशल प्रसाद तेंदुलकर को आदेशित किया है कि उक्त दण्डाधिकारी जांच की कार्यवाही 30 दिवस के भीतर किया जाकर प्रतिवेदन कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। जांच हेतु जो बिंदु निर्धारित किये गये हैं वे इस प्रकार हैं- घटना किन परिस्थितियों में घटित हुई? बाल संप्रेक्षण गृह से फरार होने के क्या कारण थे? बाल संप्रेक्षण गृह शारीरिक यातना तो नहीं दी गई? घटना की सूचना दण्डाधिकारी अजीत वसंत ने उक्त घटना की दण्डाधिकारी जांच हेतु संयुक्त कलेक्टर कोरबा श्री कौशल प्रसाद तेंदुलकर को आदेशित किया है कि उक्त दण्डाधिकारी जांच की कार्यवाही 30 दिवस के भीतर किया जाकर प्रतिवेदन कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।




# राहुल गांधी का मोदी के लिए 'तू' का संबोधन, राजनीतिक शिष्टाचार के खिलाफ-कौशिक

**बिलासपुर, प्रतिदिन राजधानी**

बिल्हा विधायक और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने कांग्रेस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पार्टी और उसके नेता अब राजनीति में भाषा की मर्यादा खोते जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बिहार के दरभंगा में हुई राहुल गांधी की सभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी स्वर्गीय माता जी को लेकर बेहद अभद्र और अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल किया गया।

लखीराम ऑडिटोरियम में आयोजित पत्रकार वार्ता में कौशिक ने कहा कि इस तरह का बिलो द बेल्ट जाकर हमला पूरे देश की निंदा का कारण बना है। उनका कहना था कि दुनिया के किसी भी लोकतांत्रिक देश में विरोधियों के प्रति इस तरह की भाषा का प्रयोग नहीं किया जाता। उन्होंने याद दिलाया कि सोनिया गांधी ने भी कभी मोदी को मौत का सौदागर कहकर अभद्रता की शुरुआत की थी और अब यह प्रवृत्ति लगातार गहराती जा रही है।

कौशिक ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी पिछड़े वर्ग से आते हैं और कई बार कांग्रेस नेताओं ने जातिगत टिप्पणियाँ कर उनका अपमान किया है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि राहुल गांधी हाल ही में सभा में मोदी को 'तू' कहकर संबोधित कर रहे थे, जो लोकतांत्रिक शिष्टाचार के बिल्कुल खिलाफ है।

कौशिक ने आगे कहा कि जनता सर्वोपरि है और बिहार की जनता निश्चित रूप से इस अभद्रता का जवाब देगी। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष मोदी-विरोध करते-करते कई बार देश-विरोध की हद तक चला जाता है। सेना, संवैधानिक संस्थाएँ और न्यायपालिका तक को कटघरे में खड़ा करना कांग्रेस की आदत बन चुकी है।

पत्रकार वार्ता में छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा अभिकरण के अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी, भाजपा जिलाध्यक्ष (ग्रामीण) मोहित जायसवाल, जिलाध्यक्ष (शहर) दीपक सिंह, जिला कोषाध्यक्ष गुलशन ऋषि, मीडिया प्रभारी प्रणव शर्मा, सह प्रभारी के.के. शर्मा और दुर्गेश पांडे, सोशल मीडिया संयोजक देवेश खत्री तथा मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र यादव भी उपस्थित रहे।

# घूस देने के मामले में गिरफ्तार रेलवे ठेकेदार झाझरिया की याचिका हाईकोर्ट में खारिज की

**बिलासपुर, प्रतिदिन राजधानी**

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने रेलवे ठेकेदार और उद्योगपति सुशील झाझरिया की उस रिट याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें उन्होंने सीबीआई द्वारा दर्ज एफआईआर को निरस्त करने की मांग की थी। फिलहाल झाझरिया न्यायिक हिरासत में हैं।

सीबीआई ने 25 अप्रैल 2025 को उनके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 7, 8, 9, 10 और 12 तथा भारतीय न्याय संहिता की धारा 61(2) के तहत एफआईआर दर्ज की थी। गिरफ्तारी के बाद से वे जेल में हैं। झाझरिया ने संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत याचिका दायर कर सीबीआई की कार्रवाई को अवैध बताया था। उनका कहना था कि टेलीफोन कॉल इंटरसेप्शन में सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का पालन नहीं किया गया, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 17-ए के तहत आवश्यक पूर्व स्वीकृति नहीं ली गई और सीबीआई ने अपने क्राइम मैनुअल 2020 का भी उल्लंघन किया। उन्होंने आरोप लगाया कि एफआईआर में रिश्वत मांगने का उल्लेख तक नहीं है, जिससे अपराध का इरादा साबित नहीं होता। साथ ही गिरफ्तारी के समय स्पष्ट आरोप नहीं बताए गए और केस डायरी व दस्तावेज छिपाए गए, जिससे निष्पक्ष सुनवाई का अधिकार प्रभावित हुआ। सीबीआई की ओर से अधिवक्ता टी. गोपा कुमार ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पक्ष रखते हुए कहा कि विस्तृत जांच के बाद एफआईआर दर्ज हुई और अब चार्जशीट भी दाखिल की जा चुकी है। ट्रायल कोर्ट को इस पर संज्ञान लेना है।

सुनवाई के बाद मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा और न्यायमूर्ति श्री. डी. गुरु की खंडपीठ ने कहा कि जब चार्जशीट दाखिल हो चुकी है और मामला ट्रायल कोर्ट में लंबित है, तो हाईकोर्ट सीधे एफआईआर रद्द नहीं कर सकता। अदालत ने झाझरिया को यह स्वतंत्रता दी कि वे चार्जशीट और संज्ञान आदेश के खिलाफ उचित कानूनी मंच पर चुनौती दे सकते हैं। इसी आधार पर अदालत ने याचिका को वापस लेने की अनुमति देते हुए खारिज कर दिया।

मालूम हो कि बिलासपुर रेलवे स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन के तहत विश्वस्तरीय बनाने की योजना है। इसमें 395 करोड़ से अधिक की लागत से रि-डेवलपमेंट का काम जारी है। यह ठेका झाझरिया निर्माण लिमिटेड को मिला है। ठेकेदार सुनील झांझरिया ही इस कंपनी के प्रमुख हैं। यह कंपनी रेलवे जोन में सबसे बड़ी मानी जाती है, जो रेलवे लाइन बिछाने, ब्रिज निर्माण और अन्य संरचनात्मक कामों में सक्रिय है।

सीबीआई ने 32 लाख रुपए की रिश्वत लेने के आरोप में रेलवे चीफ इंजीनियर को पकड़ा था। उसके बाद निर्माण एजेंसी के डायरेक्टर सुशील झाझरिया को 25 अप्रेल को गिरफ्तार किया गया था। आरोप है कि, झाझरिया कंपनी और चीफ इंजीनियर विशाल आनंद के बीच कॉन्ट्रैक्ट को लेकर ये डील



# युवामोर्चा ने कांग्रेस और राहुल गांधी का पुतला फूंका

**बिलासपुर, प्रतिदिन राजधानी**

बिहार के दरभंगा में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की सभा के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माता जी के लिए कथित अपमानजनक शब्दों के इस्तेमाल को लेकर बिलासपुर में विरोध तेज हो गया। सोमवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ता पुराना बस स्टैंड स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौक पर इकट्ठा हुए और जमकर नारेबाजी की।

गुस्साए कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी का पुतला फूंककर विरोध दर्ज कराया। इस दौरान दीपक सिंह, मोहित जायसवाल, निखिल केशरवानी, कृष्णकुमार कौशिक, प्रणव शर्मा, रितेश अग्रवाल, जयश्री चौकसे, चंद्रप्रकाश सूर्या, ऋषभ चतुर्वेदी, महर्षि बाजपेई, नितिन छाबड़ा, मोनू रजक, इन्शु गुप्ता, तुषार चंद्राकर, ज्ञानेंद्र कश्यप, सन्नी केशरी, अंचल दुबे, केतन वर्मा, अंकित गुप्ता, अनिल सूर्या, अभिषेक चौबे, जय वाधवानी, रामा गुप्ता, संध्या चौधरी, नीरज सिन्हा, रोशन राशि, मो. बरकाती और यश गोरहा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अवैध शराब की सौदेबाजी में रतनपुर थानेदार लाइन अटैच

## दो आरक्षक पहले ही सस्पेंड हो चुके

**बिलासपुर, प्रतिदिन राजधानी**

अवैध शराब के कोचिये से लेनदेन और उसके बाद पिटाई के मामले में दो आरक्षक पहले ही निलंबित हो चुके हैं। अब अधीनस्थों पर नियंत्रण न रख पाने की जिम्मेदारी रतनपुर थाना प्रभारी पर भी आ गई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह ने थाना प्रभारी नरेश चौहान को तत्काल प्रभाव से पुलिस लाइन अटैच कर दिया है।

गौरतलब है कि 26 अगस्त को रतनपुर थाने में पदस्थ तीन सिपाही बिना वर्दी और बिना सूचना दिए सिल्ली मोड़ के कुआंजती गांव पहुंचे थे। वहां उन्होंने 40 लीटर शराब के साथ एक कोचिये को पकड़ा और 40 हजार रुपए लेकर छोड़ दिया। इसके बाद वे जब्त शराब को लेकर पोंड़ी गांव पहुंचे और दूसरे कोचिये से सौदा करने लगे।

इसी दौरान ग्रामीणों को इसकी भनक लग गई। मौके पर पहुंचे लोगों ने सिपाहियों को घेर लिया। एक सिपाही तो भाग निकला, लेकिन संजय खांडे और सुदर्शन मरकाम ग्रामीणों के हत्थे चढ़ गए। दोनों की जमकर पिटाई हुई और घटना का वीडियो भी बना लिया गया। बाद में गांव की पंचायत में उनसे माफी मंगवाई गई और तब जाकर छोड़ा गया।

घटना की जानकारी सामने आने पर एसएसपी ने दोनों आरक्षकों को निलंबित कर दिया था। अब इस पूरे मामले में अधीनस्थों पर नियंत्रण न रखने की वजह से थाना प्रभारी नरेश चौहान को भी जिम्मेदार मानते हुए लाइन अटैच कर दिया गया है।

# हाईकोर्ट के आदेश की अवहेलना पर डीईओ ने कनिष्ठ लेखा परीक्षक को किया निलंबित

**बिलासपुर, प्रतिदिन राजधानी**

हाईकोर्ट के आदेश के बाद तय समय सीमा में कार्रवाई नहीं करने पर जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) बिलासपुर ने कनिष्ठ लेखा परीक्षक और खंड प्रभारी सेजेस शाखा, हेमंत शर्मा को निलंबित कर दिया है। डीईओ ने निलंबन आदेश में लिखा है कि शर्मा ने न्यायालय के आदेश की अवहेलना की है।

मामला शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करगी कला (विकासखंड कोटा) की व्याख्याता मंजूश्री बर्मन से जुड़ा है। उन्होंने 26 मई 2025 और 7 जुलाई 2025 को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया था। इसमें उन्होंने स्वैच्छिक सहमति और 2 जुलाई 2025 को बिलासपुर हाईकोर्ट द्वारा



दिए गए आदेश के आधार पर अपना नाम युक्तियुक्तकरण सूची में शामिल करने की मांग की थी। डीईओ के अनुसार, इस आवेदन पर समय रहते कोई कार्रवाई नहीं की गई। इससे अदालत के आदेश की अवमानना जैसी स्थिति बन गई। इसकी पूरी जिम्मेदारी कनिष्ठ लेखा परीक्षक हेमंत शर्मा पर थी। जारी आदेश में कहा गया है कि शर्मा ने अपने पद की जिम्मेदारी को निष्ठापूर्वक निभाने के बजाय लापरवाही और गैर जिम्मेदारी दिखाई। यह आचरण छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के विपरीत है। इसी कारण उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में हेमंत शर्मा का मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय बिल्हा रहेगा और उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता मिलेगा।

# हाईकोर्ट ने दृष्टि बाधित याचिकाकर्ता की अपील खारिज की

## कहा-आरक्षण में गड़बड़ी का दावा सही नहीं

**बिलासपुर, प्रतिदिन राजधानी**

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने दृष्टि बाधित उम्मीदवार सरोज क्षमानिधि की याचिका खारिज कर दी है। अदालत ने कहा कि दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के अनुसार कुछ विशेष श्रेणियों में ही रोजगार का आरक्षण मिलता है। ऐसे में एक भुजा और एक टांग वाले उम्मीदवारों को दिए गए आरक्षण को अवैध नहीं कहा जा सकता। मामला वर्ष 2019 में लोक सेवा आयोग द्वारा निकाली गई सहायक प्राध्यापक भर्ती से जुड़ा है। रायगढ़ निवासी सरोज क्षमानिधि ने कॉमर्स विषय में आवेदन किया था, लेकिन लिखित परीक्षा और इंटरव्यू के बाद चयनित नहीं हो पाए। इसके बाद उन्होंने अदालत में याचिका दायर कर दावा किया कि दृष्टि बाधितों को कॉमर्स विषय में आरक्षण नहीं दिया गया।

सिंगल बेंच ने पहले ही इस याचिका को खारिज कर दिया था। इसके बाद सरोज क्षमानिधि ने इसे हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच में चुनौती दी। लेकिन मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा और न्यायमूर्ति बीडी गुरु की बेंच ने स्पष्ट किया कि अगर कोई व्यक्ति किसी आदेश से प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित नहीं हुआ है, उसके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन नहीं हुआ है और न ही कोई आसन्न खतरा है, तो उसे रिट दाखिल करने का अधिकार नहीं है।

अदालत ने यह भी कहा कि चयन प्रक्रिया में असफल होने के बाद आरक्षण व्यवस्था को चुनौती देना न्यायसंगत नहीं है। इसलिए यह अपील खारिज किए जाने योग्य है।

# कुत्ते की दुर्घटना से उपजा विवाद प्रशासन की तत्परता से सुलझा मामला

**मुंगेली, प्रतिदिन राजधानी**

लोरमी विकासखंड के ग्राम साल्हेघोरी में रविवार को कुत्ते की दुर्घटना को लेकर हुआ विवाद के संबंध में कलेक्टर कुन्दन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने आज संबंधित ग्राम में पहुंचकर संबंधित थाना क्षेत्र पहुंचकर प्रभारी से घटनाक्रम की विस्तृत जानकारी ली और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने गांव के लोगों से घटनाक्रम के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी ली और आपसी सद्भाव एवं भाईचारे से रहने तथा सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। कलेक्टर एवं एसपी ने ग्राम साल्हेघोरी, मनकी और अमलीडीह में सरपंच एवं ग्रामीणों से बातचीत कर आवश्यक समझाइश दी। कलेक्टर ने घटना के प्रति खेद जताते हुए ग्रामीणजनों से कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। उन्होंने घायलों के प्रति संवेदना व्यक्त की और बेहतर इलाज और आवश्यक कार्यवाही का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि घटना के सम्बन्ध में विस्तृत रूप से विवेचना की जा रही है। किसी भी तरह की अशांति फैलाने वालों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी तथा क्षेत्र में अमन-चैन बनाए रखना प्राथमिकता होगी। उन्होंने दोनों पक्षों को आवश्यक समझाइश देते हुए सद्भावना और भाईचारे से रहने तथा आपसी संवाद कायम रखने की अपील की।



# बालिकाओं के संरक्षण हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**मुंगेली, प्रतिदिन राजधानी**

कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी मती संजुला शर्मा के मार्गदर्शन में रजत महोत्सव के अंतर्गत जिला मुख्यालय स्थित शासकीय एसएनजी महाविद्यालय में बालिकाओं की सुरक्षा के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बालिकाओं को शारीरिक सुरक्षा के साथ ही मानसिक, सामाजिक और डिजिटल सुरक्षा आदि के संबंध में बताया गया। जिला बाल शुक्ला ने बताया कि बालिकाओं को शारीरिक सुरक्षा जैसे छेड़छाड़, शोषण, हिंसा के प्रति सजग रहने, आत्मसम्मान व आत्मविश्वास के माध्यम से अपनी निजी जानकारी साथ ही पास्को एक्ट, "बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ" चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 की जानकारी दी गई।

# झूठे मामले में फंसाने का आरोप, एसपी से हाईकोर्ट ने मांगा हलफनामा

**बिलासपुर, प्रतिदिन राजधानी**

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने झूठी शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज करने के मामले में बिलासपुर के एसपी को व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल करने का आदेश दिया है। अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता के आरोप गंभीर हैं और पुलिस की कार्रवाई संदिग्ध लग रही है, इसलिए इस पर स्पष्ट जवाब देना जरूरी है। यह मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है। आरोप है कि पुलिस ने पति-पत्नी को झूठे एनडीपीएस केस में फंसा दिया। सरोज श्रीवास की ओर से अधिवक्ता ने अदालत को बताया कि 5 जून 2025 को सुबह करीब 6:30 बजे पुलिस घर पहुंची और दंपती को थाने ले गई। लेकिन कुछ घंटे बाद लगभग 10:55 बजे उसलापुर रेलवे स्टेशन पार्किंग में उन्हें उतारकर नशीली दवा बेचने का झूठा केस दर्ज कर लिया गया। याचिकाकर्ता ने दावा किया कि पूरा घटनाक्रम पड़ोसी के सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड है। वहीं उनके घर का सीसीटीवी फुटेज पुलिस ने जब्त कर लिया है। परिवार ने थाने का फुटेज मांगने की कोशिश की लेकिन पुलिस ने देने से इनकार कर दिया। इसके बाद विशेष न्यायाधीश ने 3 जुलाई को आदेश पारित कर पुलिस को सुबह 6 बजे से 11 बजे तक का सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित रखने का निर्देश दिया था। मुख्य न्यायमूर्ति बी.डी. बिभु दत्ता गुरु की डिवीजन बेंच ने मामले को बेहद गंभीर मानते हुए कहा कि पुलिस की भूमिका संदिग्ध है।

प्रतिदिन राजधानी

रायपुर, बुधवार 03 सितम्बर 2025

https://epaper.pratidinrajdhani.in



## भूकंप के झटकों से फिर दहला अफगानिस्तान; रिक्टर स्केल पर दर्ज की गई 5.3 तीव्रता

**काबुल।** अफगानिस्तान में फिर से भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 5.3 दर्ज की गई है। भारत के राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) के अनुसार, झटके स्थानीय समयानुसार शाम 5 बजकर 59 मिनट पर महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान में 34.55 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 70.68 डिग्री पूर्वी देशांतर पर, धरती की सतह से लगभग 130 किलोमीटर गहराई में स्थित था।

प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, आज आए भूकंप के कारण किसी तरह के जान-माल के नुकसान की सूचना अब तक नहीं है। विशेषज्ञों का कहना है कि भूकंप का केंद्र अधिक गहराई में होने के कारण झटके अपेक्षाकृत कम प्रभावी रहे।

### दो दिन पहले आए भूकंप में अब तक 1400 लोगों की मौत

इससे पहले रविवार रात आए 6.0 तीव्रता के भूकंप में मरने वालों का आंकड़ा 1400 के पार पहुंच गया है और करीब 3,000 लोग घायल हुए हैं। अभी भी राहत टीमें मलबे के नीचे फंसे लोगों को निकालने में जुटी हैं। यह भूकंप एक पहाड़ी क्षेत्र में आया था, जिससे कई गांवों में घर पूरी तरह ढह गए और लोग घंटों तक मलबे के नीचे दबे रहे।

### अफगानिस्तान में क्यों लगातार भूकंप आते हैं?

अफगानिस्तान में लगातार भूकंपों के लिए इसकी भौगोलिक स्थिति सबसे ज्यादा जिम्मेदार है। दरअसल, अफगानिस्तान ठीक उस जगह पर स्थित हैं, जहां दो सक्रिय प्लेट्स- इंडियन प्लेट और यूरेशियन प्लेट मिलती हैं। यह दोनों प्लेट्स आपस में काफी टकराती हैं, जिससे क्षेत्र में भूकंप की स्थिति बनी रहती है।

## मातम में बदलीं गणेश उत्सव की खुशियां, मूर्ति विसर्जन से वापस लौट रहे 2 छात्रों की मौत, 5 घायल

**एसेक्स।** ब्रिटेन के एसेक्स शहर में एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में हैदराबाद के दो छात्रों की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य घायल हो गए। यह हादसा ए130 रेले स्पूर, राउंडअबाउट पर हुआ, जब दो कारों की टक्कर हो गई। ये सभी छात्र दोस्त थे और एक गणेश विसर्जन कार्यक्रम से लौट रहे थे।

### मृतकों और घायलों की जानकारी

इस दुर्घटना में 23 वर्षीय चैतन्य तर्रे की मौके पर ही मौत हो गई।



21 वर्षीय ऋषिटेजा रापोलु ने अस्पताल में दम तोड़ा। चैतन्य आठ महीने पहले ही मास्टर्स की पढ़ाई के लिए लंदन गए थे। दोनों के परिवार हैदराबाद में रहते हैं।

दुर्घटना में घायल हुए पाँच छात्रों में से दो की हालत गंभीर है। साईं गौतम रावला को वेंटिलेशन पर रखा गया है, जबकि नूतन थातिकायला आंशिक रूप से लकवाग्रस्त हो गए हैं। अन्य घायल छात्रों युवा तेजा रेड्डी गुर्रम, वामशी गोल्ला और वेंकट सुमंथ पेंटयाला का इलाज चल रहा है।

### पुलिस जांच और परिवारों की अपील

पुलिस ने गाड़ी चला रहे गोपीचंद बटामाकाला और मनोहर सब्बानी को हिरासत में ले लिया है। इस घटना से चैतन्य और ऋषिटेजा के परिवार सदमे में हैं। उन्होंने भारत सरकार और राज्य सरकार से शवों को जल्द से जल्द वापस लाने की व्यवस्था करने की अपील की है।

## पुलिस की छापेमारी में हताहत, चार पुलिसकर्मी निलंबित

**झांसी।** झांसी में एक व्यक्ति द्वारा पुलिस से बचने की कोशिश में तालाब में कूदकर जान गंवाने के बाद चार पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। यह घटना उस समय हुई जब बबीना थाना क्षेत्र के खैलार गाँव में जुआरियों को पकड़ने के लिए पुलिस पहुँची थी।

सूत्रों के अनुसार, वह व्यक्ति तालाब के दूसरी ओर तैरकर गया, लेकिन जब पुलिस वहाँ भी पहुँची, तो वह वापस लौट आया।



ग्रामीणों के अनुसार, पुलिस से बचने के लिए वह लगभग 20 मिनट तक तालाब में इधर-उधर घूमता रहा। कुछ देर बाद, वह थक गया, उसकी साँस फूल गई और वह डूब गया। ग्रामीणों ने उसकी तलाश की, लेकिन वह नहीं मिला। घटना से गुस्साए लोगों ने झांसी-ललितपुर राजमार्ग को लगभग दो घंटे तक जाम कर दिया। पुलिस अधिकारी मौके पर पहुँचे और कार्रवाई का आश्वासन मिलने के बाद ही जाम हटाया गया।

इसके बाद, झांसी के एसएसपी ने भेल चौकी प्रभारी सहित चार पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया। लगभग 14 घंटे बाद, मंगलवार सुबह लगभग 5 बजे, व्यक्ति का शव बरामद किया गया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। मृतक की पहचान 42 वर्षीय रवींद्र जोशी के रूप में हुई है, जो सोमवार दोपहर अमृत सरोवर तालाब के पास अपने मवेशी चरा रहे थे। उसी समय, तालाब के पास जंगल में कुछ लोग जुआ खेल रहे थे। सूचना मिलने पर, भेल चौकी प्रभारी नितीश कुमार, उपनिरीक्षक कैलाश चंद, कांस्टेबल लवकुश पांडे और धर्मेंद्र दोपहर करीब 3 बजे मौके पर पहुँचे।

पुलिस को देखते ही जुआरी भाग गए। रवींद्र भी पुलिस को देखकर घबरा गया और तालाब की ओर दौड़ा और उसमें कूद गया। ग्रामीणों ने बताया कि पुलिस ने उसे पानी में देखा और उसे रोकने की कोशिश की। जब भी वह किनारे की ओर तैरता, पुलिसकर्मी उसका रास्ता रोककर उसे वापस तालाब में धकेल देते।

# रूस के कथित GPS जामिंग पर नाटो अलर्ट

## कहा- इसे रोकने के लिए दिन-रात कर रहे काम; बुल्गारिया ने चौंकाया

**लक्जमबर्ग।** नाटो ने कहा है कि वह रूस की तरफ से नागरिक विमानों में की जा रही जीपीएस जामिंग (सिग्नल बाधा) को रोकने के लिए कदम उठा रहा है। यह बयान उस घटना के बाद आया है जब यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन के विमान को रविवार को बुल्गारिया के हवाई क्षेत्र में अचानक जीपीएस नेविगेशन का इस्तेमाल करने में दिक्कत आई।



### सुरक्षित तरीके से हुई थी विमान की लैंडिंग

हालांकि विमान सुरक्षित तरीके से उतार लिया गया, लेकिन बुल्गारिया ने संदेह जताया कि इसके पीछे रूस का हाथ हो सकता है। अभी तक न रूस और न ही यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने इस पर कोई सार्वजनिक टिप्पणी की है।

नाटो महासचिव मार्क रुट ने लक्जमबर्ग में पत्रकारों से कहा, 'यह मामला बेहद गंभीर है। मैं भरोसा दिलाता हूं कि हम इसे रोकने और दुबारा न होने देने के लिए दिन-रात काम कर रहे हैं।' उन्होंने कहा कि रूस का यह कदम उसकी व्यापक हाइब्रिड रणनीति का हिस्सा है। मार्क रुट ने उदाहरण देते हुए कहा कि रूस ने हाल के दिनों में बाल्टिक सागर में समुद्री केबल काटने, एक जर्मन उद्योगपति की हत्या की साजिश रचने और ब्रिटेन की नेशनल हेल्थ सर्विस (एनएचएस) पर साइबर हमला करने जैसे कदम उठाए हैं। उनके मुताबिक, हाइब्रिड शब्द नरम लगता है, लेकिन असलियत में इसमें ऐसे खतरनाक काम शामिल हैं जिनके नतीजे बेहद घातक हो सकते हैं।

### ब्रिटिश खुफिया एजेंसी ने रूस पर लगाए आरोप

ब्रिटेन की विदेशी खुफिया एजेंसी के प्रमुख ने रूस की इन हरकतों को 'अविश्वसनीय रूप से लापरवाह' बताया है। एक समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, यूरोप भर में रूस पर करीब 80 घटनाओं में तोड़फोड़, आगजनी, हत्या की कोशिश और सैटेलाइट या नेविगेशन सिस्टम में बाधा डालने जैसे कामों का आरोप है।

'जामिंग' और 'स्पूफिंग' रूस की रणनीति के अहम हिस्से बताए जाते हैं। जामिंग में ताकतवर रेडियो सिग्नल भेजकर असली संचार या जीपीएस संकेत को दबा दिया जाता है। स्पूफिंग में रिसीवर को झूठा संकेत भेजा जाता है, जिससे वह अपनी लोकेशन या समय को गलत मान लेता है।

### यूरोप पर सीधा खतरा

मार्क रुट ने चेतावनी दी कि रूस का खतरा हर दिन बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, 'आज फर्क सिर्फ इतना है कि अगर रूस का मिसाइल दागा जाए तो लिथुआनिया और लक्जमबर्ग या हेग या मैड्रिड- सभी जगहों तक पहुंचने का समय केवल 5 से 10 मिनट है। यानी पूरा महाद्वीप अब सीधे खतरे के दायरे में है। हम सब पूर्वी मोर्चे पर हैं, चाहे आप लंदन में रहते हों या ताल्लिन में।'


### रडार जाम करने की घटना पर बुल्गारिया का रुख

दिलचस्प बात यह है कि बुल्गारिया के प्रधानमंत्री रोसेन झेल्याजकोव ने कहा कि उनकी सरकार इस घटना की जांच नहीं करेगी। उनके मुताबिक, 'ऐसी बातें हर दिन होती हैं। यह रूस-यूक्रेन युद्ध का एक साइड इफेक्ट है और यूरोप के कई हिस्सों में देखा जा रहा है।'

## फलस्तीन को मान्यता देने की तैयारी में बेल्जियम, इस्राइल ने लगाई कड़ी फटकार

**ब्रुसेल्स।** बेल्जियम ने घोषणा की है कि वह फलस्तीन को एक स्वतंत्र देश के रूप में मान्यता देने की दिशा में कदम बढ़ा रहा है। यह एलान बेल्जियम के विदेश मंत्री ने किया। उन्होंने कहा कि यह फैसला नौ सितंबर को संयुक्त राष्ट्र महासभा में औपचारिक रूप से पेश किया जाएगा। हालांकि, इसके लिए दो शर्तें रखी गई हैं। गाजा में बंदी बनाए गए सभी इस्राइली नागरिकों की रिहाई और हमास को राजनीतिक सत्ता से हटाना।

विदेश मंत्री प्रेवोट ने साफ किया कि बिना इन दो शर्तों के यह मान्यता संभव नहीं है। इसका मतलब है कि फिलहाल यह फैसला तुरंत लागू नहीं हो सकेगा। बेल्जियम ने यह कदम ऐसे समय में उठाया है जब गाजा पर इस्राइल की सैन्य कार्रवाई तेज हो गई है और दुनिया के कई देश फलस्तीन को मान्यता देने की प्रक्रिया में हैं। अब तक 140 से ज्यादा देश फलस्तीन को स्वतंत्र राष्ट्र मान चुके हैं, जिनमें दर्जनभर यूरोपीय देश भी शामिल हैं।



### बेल्जियम का बड़ा एलान: बैन और सख्त कदम

प्रेवोट ने मंगलवार को यह भी कहा कि बेल्जियम वेस्ट बैंक में इस्राइली बस्तियों से आने वाले सामान पर बैन लगाएगा। साथ ही हमास नेताओं, हिंसक यहूदी बसने वालों और दो अतिदक्षिणपंथी इस्राइली मंत्रियों को पर्सोना नॉन ग्राटा यानि देश में प्रवेश न करने योग्य घोषित करेगा। प्रेवोट ने कहा कि यह कदम इस्राइली जनता को दंडित करने के लिए नहीं है, बल्कि सरकार पर अंतरराष्ट्रीय और मानवीय कानून का पालन कराने के लिए उठाया गया है।

### यूरोपीय संघ पर भी दबाव बढ़ाने की अपील

प्रेवोट ने यूरोपीय संघ से भी अपील की कि वह इस्राइल पर और दबाव बनाए। उन्होंने कहा कि ईयू को इस्राइल के साथ व्यापार समझौते यानि एसोसिएशन एग्रीमेंट को निलंबित करना चाहिए। गाजा युद्ध ने यूरोपीय संघ के 27 सदस्य देशों में मतभेद बढ़ा दिए हैं। बेल्जियम और नीदरलैंड जैसे देशों में यह मसला राजनीतिक गठबंधनों को भी प्रभावित कर रहा है। हालांकि, इस्राइल और यूरोप के बीच सैन्य, व्यापारिक और शैक्षणिक रिश्ते अब भी काफी मजबूत बने हुए हैं।

### इस्राइल की नाराजगी और चेतावनी

बेल्जियम की घोषणा पर इस्राइल के दक्षिणपंथी राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतामार बेन गवीर ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि यूरोपीय देश हमास के बहकावे में आ रहे हैं और अंततः उन्हें भी आतंकवाद का सामना करना पड़ेगा। उनके अलावा इस्राइल के वित्त मंत्री बेजालेल स्मोट्रिच भी संभावित प्रतिबंधों की जद में आ सकते हैं। दूसरी ओर, फ्रांस और ब्रिटेन ने भी फलस्तीन को मान्यता देने की योजना बनाई है, जिससे इस्राइल पर कूटनीतिक दबाव और बढ़ गया है।

### अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ता समर्थन

ऑस्ट्रेलिया, कनाडा और कुछ यूरोपीय देशों ने भी फलस्तीन को मान्यता देने की इच्छा जताई है, लेकिन वे इसे फलस्तीनी प्राधिकरण के सुधारों पर निर्भर बता रहे हैं। हालांकि, फलस्तीनी प्राधिकरण को अपने ही लोगों के बीच भ्रष्टाचार और कमजोर प्रशासन के कारण भरोसेमंद नहीं माना जाता। इस्राइल का मानना है कि फलस्तीन को मान्यता देना दरअसल हमास को सात अक्टूबर के हमले के बाद इनाम देने जैसा होगा। वहीं, फलस्तीन की मांग है कि वेस्ट बैंक, पूर्वी यरुशलम और गाजा मिलकर एक स्वतंत्र राष्ट्र बनाए जाएं।

## बेगूसराय में भीषण सड़क हादसा, परीक्षा देने जा रहे 20 वर्षीय युवक को यूं खींच ले गई मौत...मचा कोहराम

**बेगूसराय।** बिहार के बेगूसराय जिले में मंगलवार को एक भीषण सड़क हादसा हुआ। यहां पर एक अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवार 20 वर्षीय युवक को रौंद दिया। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत गई। वहीं, इस घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### परीक्षा देने जा रहा था युवक

जानकारी के मुताबिक, मामला जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के हरदिया चौक के पास का है।




मृतक युवक की पहचान नयागांव थाना क्षेत्र के माथार दियारा निवासी राजेंद्र सिंह के पुत्र कौशल कुमार (20 वर्षीय) के रूप में हुई है। वह बीए सेमेस्टर-2 का छात्र था। बताया जा रहा है कि कौशल परीक्षा देने के लिए मंझौल जा रहा था, तभी हरदिया चौक के पास एक अनियंत्रित और तेज रफ्तार ट्रक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में युवक की मौके पर ही मौत गई।

### परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

इधर, घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच में जुट गई है। वहीं, इस घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।



## सेशेल्स के पोर्ट विक्टोरिया पहुंचा भारतीय नौसेना का पहला प्रशिक्षण स्क्वाड्रन, मैत्री संबंध होंगे मजबूत

**पोर्ट विक्टोरिया।** भारत और सेशेल्स के बीच समुद्री और मैत्री संबंधों को और मजबूत करने की दिशा में भारतीय नौसेना के पहले प्रशिक्षण स्क्वाड्रन के जहाज एक सितंबर को सेशेल्स के पोर्ट विक्टोरिया पहुंचे। इन जहाजों में आईएनएस तीर, आईएनएस शार्दूल और सीजीएस सारथी शामिल हैं। विज्ञप्ति के अनुसार, यह स्क्वाड्रन इस समय दक्षिण पश्चिम हिंद महासागर क्षेत्र में लंबी दूरी के प्रशिक्षण अभियान पर है। इसका उद्देश्य युवा नौसैनिकों को प्रशिक्षण देना और मित्र देशों के साथ द्विपक्षीय सहयोग को और गहरा करना है।

प्रशिक्षण स्क्वाड्रन के बंदरगाह पहुंचने पर सेशेल्स रक्षा बल (एसडीएफ) बैंड द्वारा औपचारिक स्वागत किया गया, जो दोनों देशों के मजबूत समुद्री संबंधों का प्रतीक रहा। भारतीय नौसेना के औपचारिक गार्ड और बैंड ने भी जहाजों पर परेड कर समान एकजुटता दिखाई।

इस दौरे के दौरान, 1टीएस के वरिष्ठ अधिकारी कैप्टन तिजो के. जोसेफ सेशेल्स सरकार के मंत्रालयों के महत्वपूर्ण अधिकारियों, एसडीएफ के वरिष्ठ अधिकारियों और भारतीय उच्चायोग के प्रतिनिधियों से मुलाकात करेंगे। पोर्ट कॉल के दौरान पेशेवर बातचीत, क्रॉस-डेक विजिट और एसडीएफ कर्मियों के साथ प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित होंगे। सांस्कृतिक आदान-प्रदान और सामुदायिक जुड़ाव के तहत योग सत्र, नौसेना बैंड के कार्यक्रम, खेल मुकाबले और सामाजिक गतिविधियां भी होंगी।

# गाजा सिटी पर बड़े हमले की योजना में इस्राइल

### रिजर्व सैनिकों को बुला रहा; निकासी चेतावनी भी की जारी

**देइर अल-बलाह।** इस्राइल गाजा सिटी में बड़े सैन्य हमले की योजना बना रहा है। इसके लिए इस्राइल ने हजारों रिजर्व सैनिकों को जुटाना शुरू कर दिया है। साथ ही वहां रहने वाले लोगों को निकासी चेतावनी दी गई है। इस्राइल के इस कदम को लेकर देश के भीतर विरोध और विदेशों में निंदा हो रही है।

सितंबर की शुरुआत में घोषित की गई इस योजना के तहत जमीनी और हवाई हमले और तेज किए गए हैं। उत्तरी और मध्य गाजा के कई हिस्सों में हमले जारी हैं, जिनमें जेतौन और शिजाय्या जैसे इलाके शामिल हैं। ये क्षेत्र पहले भी कई बार इस्राइली सेना के निशाने पर रह चुके हैं।



### पूरी तरह वीरान हो चुका जेतौन इलाका

गाजा सिटी का कभी सबसे बड़ा इलाका रहा जेतौन, अब लगभग पूरी तरह वीरान हो चुका है। यहां बाजार, स्कूल और क्लिनिक थे। पिछले एक महीने से यहां लगातार बमबारी हो रही है, जिसके चलते सड़कें खाली हो गई हैं और इमारतें मलबे में तब्दील हो चुकी हैं। इस्राइली सेना ने पिछले हफ्ते इसे खतरनाक युद्ध क्षेत्र घोषित कर दिया था।

### गाजा सिटी में अब भी सुरंगों का बड़ा नेटवर्क

गाजा सिटी हमास का राजनीतिक और सैन्य गढ़ माना जाता है। इस्राइल के अनुसार, युद्ध के दौरान कई घुसपैठों के बावजूद यहां अब भी सुरंगों का बड़ा नेटवर्क मौजूद है। यह उत्तरी गाजा में अंतिम शरणस्थलों में से एक है, जहां लाखों नागरिक युद्ध और अकाल के दोहरे खतरों का सामना करते हुए शरण लिए हुए हैं।

### गाजा सिटी में भीषण हमले

इस्राइल ने मंगलवार (स्थानीय समयानुसार) को गाजा सिटी में रह रहे फलस्तीनियों को एक बार फिर शहर छोड़ने की चेतावनी दी। इस्राइली सेना के प्रवक्ता अविचाय अद्राई ने कहा कि 'युद्ध जल्द ही और तेज होगा' और सुरक्षित रहने के लिए लोगों को गाजा सिटी के दक्षिण में अस्थायी तंबू शिविर मुवासी में जाना चाहिए। अस्पतालों के अनुसार, मंगलवार सुबह से ही गाजा पट्टी में कम से कम 47 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें से अकेले गाजा सिटी में 26 शव शिफा अस्पताल लाए गए। अल-कुद्स अस्पताल के अनुसार, तेल अल-हवा में एक आवासीय इमारत पर हुए हमले में 28 लोग घायल हो गए।

### तेल अवीव में रिजर्व सैनिकों का विरोध

इस्राइल की सेना के अनुसार, 60,000 नए रिजर्व सैनिक धीरे-धीरे बुलाए जाएंगे, जबकि 20,000 सैनिकों की सेवा अवधि बढ़ा दी जाएगी। इस्राइल की आबादी एक करोड़ से भी कम है और यहां यहूदी पुरुषों के लिए अनिवार्य सैन्य सेवा है। इसके बाद उन्हें रिजर्व फोर्स में भी रहना पड़ता है। लेकिन गाजा युद्ध लंबा खिंचने से विरोध बढ़ रहा है।

## 'बाल्टियों में भर लें पानी...बाढ़ अल्लाह की रहमत', पाकिस्तान के रक्षा मंत्री की बेतुकी सलाह

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में बाढ़ ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। हजारों लोग बेघर हो गए हैं, सैकड़ों गांव पानी में डूब गए हैं और राहत-बचाव कार्य तेजी से चल रहे हैं। इस बीच पाकिस्तान के रक्षामंत्री ख्वाजा आसिफ ने विवादित बयान देते हुए कहा कि यह बाढ़ अल्लाह की देन है। उन्होंने हम पाकिस्तानियों पर अपनी रहमत दिखाई है। ये पानी उन्होंने हमें अपने लोगों को बचाने के लिए दिया है। लोगों को चाहिए कि वे इस पानी को सुरक्षित तरीके से घरों की बाल्टी-टब में जमा करें।

उन्होंने कहा कि नागरिकों को सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन करने के बजाय बाढ़ के पानी को टब और बाल्टियों में भरकर सुरक्षित रखना चाहिए। इसे अल्लाह की भेजी हुई रहमत बताते हुए उन्होंने लोगों से संयम बरतने की अपील की। उनके इस बयान ने पाकिस्तान में बड़ा राजनीतिक विवाद खड़ा कर दिया है। विपक्षी दलों ने इसे बेतुका और संवेदनहीन बताया है।



### बाढ़ की तबाही और जनजीवन पर असर

पाकिस्तान के कई प्रांतों में लगातार हो रही भारी बारिश के कारण नदियां उफान पर हैं। सैकड़ों गांव जलमग्न हो गए हैं और लाखों लोग राहत शिविरों में शरण लेने को मजबूर हैं। खेती-बाड़ी को भारी नुकसान हुआ है और पशुधन बह जाने से ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर गहरा असर पड़ा है। आपदा प्रबंधन एजेंसियां लगातार राहत सामग्री पहुंचा रही हैं। इस साल 26 जून तक पूरे पाकिस्तान में 854 से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है, जबकि 1100 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं।

### विपक्ष का हमला और जनता की नाराजगी

ख्वाजा आसिफ के बयान पर विपक्षी नेताओं ने सरकार को आड़े हाथों लिया है। उनका कहना है कि सरकार को लोगों की मदद के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए, न कि ऐसी बयानबाजी करनी चाहिए जो पीड़ा को और बढ़ाए। कई सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों ने भी सोशल मीडिया पर अपनी नाराजगी जाहिर की और कहा कि सरकार उनकी तकलीफ समझने के बजाय उपदेश दे रही है।

### अंतरराष्ट्रीय सहायता और राहत कार्य

बाढ़ प्रभावित इलाकों में मदद के लिए संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं ने राहत सामग्री भेजना शुरू कर दिया है। कई देशों ने पाकिस्तान को आर्थिक सहायता और दवाइयां उपलब्ध कराने का वादा किया है। हालांकि खराब बुनियादी ढांचे और प्रशासनिक कमजोरी के कारण राहत सही तरीके से सभी तक नहीं पहुंच पा रही।

पाकिस्तान पहले से ही आर्थिक और राजनीतिक संकट से जूझ रहा है। ऐसे में बाढ़ की यह त्रासदी हालात को और गंभीर बना रही है। विपक्षी दलों ने आरोप लगाया कि सरकार जनता की पीड़ा से आंखें मूंदे हुए है और ऐसे बयान केवल उसकी नाकामी को छुपाने का प्रयास हैं। बाढ़ प्रभावित लोग अब सीधे तौर पर सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाने लगे हैं।

# आदि कर्मयोगी अभियानः विकसित भारत में सशक्त होगा जनजातीय समाज

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

देश की आजादी के बाद यह पहला अवसर है जब किसी सरकार ने जनजातीय समाज के जीवन स्तर को उपर उठाने के लिए देशव्यापी अभियान छेड़ा है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने जनजातीय समाज के लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोज़गार जैसे मूलभुत सुविधाओं से जोड़ने और इनका लाभ दिलाने के लिए आदि कर्मयोगी अभियान की शुरूआत की है। यह अभियान देशभर के 30 राज्यों में संचालित किया जा रहा है। यह अभियान देश भर के 550 से ज्यादा जिलों और 1 लाख से अधिक आदिवासी बहुल गांवों में बदलाव के लिए काम करेगी। बता दें कि जब भारत 2047 में अपनी आज़ादी के 100 वर्ष पूरा करेगा। उस समय तक विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए यह जरूरी है कि समाज का कोई भी वर्ग पीछे न छूटे। आदिवासी समाज को आगे बढ़ाए बिना यह सपना अधूरा रहेगा। आदि कर्मयोगी अभियान इस अंतर को भरने के लिए एक ठोस कदम है। यह अभियान शासन और समाज के बीच की दूरी को कम करेगा, पारदर्शिता लाएगा और योजनाओं को ज़मीनी स्तर तक पहुँचाएगा।



मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने इस अभियान को सेवा पर्व का रूप दिया है। उनका कहना है कि यह केवल योजनाओं की जानकारी देने का प्रयास नहीं, बल्कि समाज और शासन को जोड़ने वाला पुल है। छत्तीसगढ़ में इस अभियान के लिए वृहद स्तर पर आदिकर्म योगियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। ये कर्मयोगी जनजातीय परिवारों से घर–घर संपर्क कर उनकी आवश्यकताओं और जरूरतों को समझेंगे तथा केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने में मदद करेंगे, राज्य और जिला स्तर पर इसकी मॉनिटरिंग की जाएगी। राज्य सरकार के सभी विभागों के अधिकारी इस कार्य में संवेदनशीलता के साथ सीधे जुड़ेंगे।

आदिकर्मयोगी अभियान का महत्व राष्ट्रीय स्तर पर इसलिए भी है क्योंकि भारत की जनजातीय आबादी लगभग 10 करोड़ से अधिक है। इतने बड़े समुदाय को मुख्यधारा में लाए बिना 2047 तक विकसित भारत का सपना अधूरा रहेगा। यह अभियान प्रधानमंत्री की उस सोच से जुड़ा है, जिसमें हर क्षेत्र, हर समाज और हर नागरिक को विकसित भारत卐 की यात्रा में समान अवसर देना है। भारत का विकास केवल शहरों और औद्योगिक क्षेत्रों तक सीमित नहीं रह सकता। एक सशक्त और आत्मनिर्भर राष्ट्र वही कहलाएगा, जहाँ समाज के हर तबके को समान अवसर मिले और उसकी संस्कृति को उचित सम्मान दिया जाए। इसी सोच को मूर्त रूप 'आदि कर्मयोगी अभियान' के जरिए दिया जा रहा है। यह वस्तुतः जनजातीय समाज को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में एक क्रांतिकारी पहल है।

छत्तीसगढ़ देश का वह राज्य है जहाँ सर्वाधिक जनजातीय जनसंख्या निवास करती है। इसीलिए इस अभियान का यहां विशेष महत्व है। आदिवासी समाज की असली चुनौती यही रही है कि अनेक योजनाएँ होते हुए भी उनकी जानकारी और लाभ ज़रूरतमंदों तक समय पर नहीं पहुँच पाते। ऐसे में लाखों कर्मयोगी स्वयंसेवक योजना और समाज के बीच सेतु बन सकेंगे। यह अभियान राज्य के 28 जिलों और 138 विकासखंडों के 6 हजार 650 गांवों में 1 लाख 33 हजार से अधिक वालंटियर्स तैयार करने का लक्ष्य रखा है। छत्तीसगढ़ में यह अभियान 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक पूरे राज्य में ग्राम पंचायत स्तर पर सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जाएगा।

आदिम जाति कल्याण मंत्री श्री राम विचार नेताम में अधिकारियों को पंचायतों में आदि सेवा केंद्र स्थापित करने और जनजातीय परिवारों को पेंशन, स्वास्थ्य बीमा, छात्रवृत्ति, रोजगार, कौशल विकास जैसी सुविधाओं के लिए मार्गदर्शन और योजनाओं का लाभ दिलाने में मदद करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा है कि इस अभियान को सेवा पर्व के रूप में मनाया जाए और जनजातीय योजनाओं को घर–घर तक पहुँचाने का ठोस प्रयास किया जाए।

आदि कर्मयोगी अभियान के पीछे एक गहरी सामाजिक सोच है। जब कोई स्थानीय युवा, महिला या स्वयंसेवक अपने ही गाँव में जाकर योजनाओं की जानकारी देता है, तो लोग उस पर भरोसा करते हैं और यह विश्वास ही बदलाव की असली ताकत है। अभियान का असर शिक्षा और स्वास्थ्य से लेकर आजीविका तक हर क्षेत्र में दिखेगा। जब एक वालंटियर किसी परिवार को यह बताता है कि उनकी बेटी को छात्रवृत्ति मिल सकती है, या बुजुर्ग को पेंशन का हक़ है, तो यह केवल सूचना नहीं होती, बल्कि उस परिवार की ज़िंदगी बदलने वाला अवसर होता है।

डॉ. ओम डहरिया (सहा. जनसंपर्क अधिकारी)

# चेंबर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने बुलाई आवश्यक बैठक, पदाधिकारियों को सौंपे गये आगामी कार्यों के दायित्व

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)







चेम्बर भवन, बाम्बे मार्केट, रायपुर में चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी की अध्यक्षता में 1 सितम्बर को चेम्बर पदाधिकारियों की आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में चेंबर के सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

बैठक का मुख्य उद्देश्य चेंबर के आगामी कार्यों और उद्देश्यों पर चर्चा करना और उन्हें सफ्लतापूर्वक पूरा करने के लिए पदाधिकारियों की जिम्मेदारियां तय करना था। अध्यक्ष श्री थौरानी ने सभी उपस्थित पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि चेंबर के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रत्येक जिम्मेदार व्यक्ति की भूमिका का मूल्यांकन किया जाएगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सभी को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ करना होगा। चेम्बर की बैठकों में सभी पदाधिकारियों उपस्थिति ज्यादा से ज्यादा हो।

इस दौरान, विभिन्न आगामी परियोजनाओं और कार्यक्रमों पर गहन चर्चा की गई और उनकी सफ्लता सुनिश्चित करने के लिए सभी पदाधिकारियों के लिए विशिष्ट कार्य और उत्तरदायित्व निर्धारित किए गए।

चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष श्री थौरानी ने विश्वास व्यक्त किया कि सभी के सामूहिक प्रयासों से चेंबर अपने उद्देश्यों को सफ्लतापूर्वक प्राप्त करेगा और व्यापारिक समुदाय के हित में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

यह बैठक चेंबर की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष राधाकिशन सुन्दरानी ने कहा कि छत्तीसगढ़ चेम्बर हिन्दुस्तान की सबसे बड़ी व्यापारिक एवं औद्योगिक संस्था है। हम सभी पदाधिकारियों को साथ लेकर कार्य करेंगे। चेम्बर व्यापारिक समस्याओं के समाधान हेतु व्यापारी एवं शासन प्रशासन के बीच सेतु का कार्य करता है।

चेम्बर चेयरमेन गोपाल कृष्ण अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि चेम्बर के पदाधिकारी अपने–अपने संस्थाओं से जुड़े हुए हैं हम सभी एक दूसरे के सहयोगी एवं पूरक हैं। हम छत्तीसगढ़ चेम्बर के गठन के उद्देश्य की पूर्ति हेतु जुड़े हुए हैं। हम सभी सहयोग की भावना से कार्य करेंगे। आप सभी पदाधिकारी को जिस कार्य का दायित्व मिला है उसे निष्ठापूर्वक निभाने का कार्य करें।

चेम्बर कार्यकारी अध्यक्ष विनय बजाज ने कहा कि आज की बैठक महत्वपूर्ण है। चेम्बर अध्यक्ष तभी सफ्ल हो पाता है जब उनके पदाधिकारी उनका साथ दें। आप सभी पदाधिकारी के सहयोग से चेम्बर नई ऊंचाइयों को छुएगा। चेम्बर कार्यकारी अध्यक्ष राजेश वासवानी ने कहा कि छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स का प्रदेश के व्यापारियों में सबसे बड़ा महत्व है आप सभी पदाधिकारी अपनी जिम्मेदारी निभायें। चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी के नेतृत्व में लगातार व्यापारिक हित में कार्य हो रहा है इसके लिये श्री थौरानी जी धन्यवाद के पात्र हैं।

चेम्बर कार्यकारी अध्यक्ष जसप्रीत सिंह सलूजा ने कहा कि हमारे अध्यक्ष एक नई सोच वाले हैं। चेम्बर का मेरा पहला अनुभव है संगठन के अंदर मुझे दायित्व मिला है। संगठन का काम तब पूरा होता है जब पूरी टीम साथ देता है। चेम्बर में जो उपाध्यक्ष एवं मंत्री की टीम बनी है वह चेम्बर के हिसाब से कोई ज्यादा नहीं है। टीम बड़ी और मजबूत होगी तभी कार्य अच्छे से संपन्न होगा।

चेम्बर वाइस चेयरमेन चेतन तारवानी ने कहा कि आप सभी पदाधिकारी को अपनी बात रखना जरूरी है। आप सभी पदाधिकारी दूसरे व्यापारी के व्यापारिक समस्याओं को समाधान करने हेतु बने हुए हैं जब आप दूसरे के लिये कार्य करते हैं तो आपका महत्व और भी बढ़ जाता है।

चेम्बर पदाधिकारियों ने विभिन्न विभागों के लिये अपनी स्वेच्छा से अपने दायित्व निर्वहन का बीड़ा उठाया, जिनका विवरण निम्नानुसार हैः–

1. उद्योग विभाग – संतोष जैन, अशोक गोयल, रवि सचदेव, सुशील बागड़िया, आकाश धावना, मयंक ढोलकिया, विकास आहूजा, मनीष प्रजापति, रमेश अग्रवाल, विनय साहू, दीपक शर्मा रिजवान मेमन।
2. मेडिकल एवं हास्पीटल –राधाकिशन सुन्दरानी, कपिल दोशी, लोकेश चंद्रकांत जैन, लोकेश साहू, दौलत परयानी, सतीश बागड़ी, सुरेश भगनानी, राजेन्द्र पारख, भरत पमनानी, नरेन्द्र हरचंदानी, सुनील वाधवा, दिनेश अठवानी, डॉ.गोपाल चावला, राजेश गुरनानी, रितेश वाधवा, धनेश मटलानी, निखिल झावेरी, हरिराम तलरेजा।
3. नगर निगम – भरत पमनानी, राजेन्द्र पारख, सुनील शुक्ला, मनीष प्रजापति, तेज कुमार बजाज, राजेश गिदवानी, दिनेश अठवानी, सतीश जैन, विनोद पाहवा, अनिल केवलानी, राजेश गुरनानी, मनीष मोटवानी, जितेन्द्र जैन, हरीश खन्ना, गुरनेश पाल सिंह हंस, पंकज छिजवानी।
4. पुलिस विभाग – राधाकिशन सुन्दरानी, कपिल दोशी, विकास आहूजा, नीलेश मुंधड़ा, आशीष जैन, विकास सुखवानी, अशोक निहलानी, संदीप मेघानी, राजकुमार राठी, रितेश वाधवा, धनेश मटलानी, पंकज छिजवानी, मनीष दरिरा, विनोद पाहवा, पवन सोनी, करण मदनानी, दिनेश अठवानी, तेजकुमार बजाज, ठाकुरदास लुल्ला, कन्हैया महतो।
5. श्रम विभाग – रवि तेजवानी, जितेन्द्र शादीजा, रवि सचदेव।
6. बैंकिंग – मनीष मोटवानी, विकास आहूजा, सोनिया साहू, प्रकाश लालवानी, दीपचंद कोटड़िया, रमेश पारख, रिजवान मेमन, सुनील शुक्ला।
7. यातायात विभाग – विकास आहूजा, मनोज पंजवानी, राजकुमार राठी, राजेन्द्र पारख, नितेश अग्रवाल, अशोक निहलानी, विनोद पाहवा, तेजकुमार बजाज, पंकज छिजवानी।
8. पर्यावरण विभाग – शंकर पिजानी, सुनील वाधवा, लखमशी पटेल, रवि सचदेव।
9. प्रचार–प्रसार विभाग– प्रेमप्रकाश मध्यानी, डॉ. गोपाल चावला, राजेन्द्र पारख।
10. जीएसटी विभाग – प्रकाश लालवानी
11. टेक्नोलॉजी एंड बिजनेस डेवलपमेंट –कपिल दोशी, विकास आहूजा, सुनील वाधवा, राहुल खुबचंदानी, रवि विजवानी।
12. आई.टी. सेल विभाग – डॉ. मनीष गुप्ता
13. चेम्बर आपके द्वार – लोकेश चंद्रकांत जैन, वासुदेव जोतवानी, राजकुमार राठी, अमरदास खटट्र।

बैठक का संचालन चेम्बर कार्यकारी महामंत्री कपिल दोशी एवं आभार प्रदर्शन कार्यकारी महामंत्री विकास आहूजा ने किया।

इस अवसर पर चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी, सलाहकार– लखमशी पटेल, चेयरमेन– गोपाल कृष्ण अग्रवाल, वाइस चेयरमेन –चेतन तारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष– राधा किशन सुंदरानी, राजेश वासवानी, जसप्रीत सिंह सलूजा, विनय बजाज, कार्यकारी महामंत्री– कपिल दोशी, विकास आहूजा, उपाध्यक्ष –लोकेश चन्द्रकांत जैन, शंकर बजाज ,टी. श्रीनिवास रेड्डी, दिलीप इसरानी, दिनेश अठवानी, महेंद्र बगरोडिया, सुनील बागड़िया, हरीश खन्ना, जितेंद्र जैन, प्रकाश लालवानी, श्रीमती सोनिया साहू, राजेंद्र शर्मा, राजेश गुरनानी, मनीष प्रजापति, नरेंद्र हरचंदानी, मनोज मसंद, सुदेश मध्यान, संतोष जैन, जवाहरलाल थरानी, सतीश जैन, विनोद धामेचा, गोपाल चावला ,शांतिलाल बरड़िया, अमर दौलतानी, अनिल केवलानी , अशोक निहलानी, राजेश गिदवानी, दीपक कुकरेजा, राजकुमार राठी, अमरदास खट्टर, तेजकुमार बजाज, सुनील कुमार कुकरेजा, दीपचंद कोटड़िया, महेंद्र तलरेजा, राजीव खत्री, मयंक ढोलकिया, प्रणीत सुंदरानी, राजेश पोपटानी, विनय कुमार साहू, आशीष जैन, मंत्री – प्रशांत गुप्ता, भरत पमनानी, अमर बरलोटा, आकाश धावना, निखिल एम. झवेरी, सुमीत गुप्ता, दौलत परयानी, विजय कुमार अग्रवाल, बिजय कुमार अग्रवाल, मनीष दरीरा, करण मदनानी, भगवान दास साधवानी, दीपक विधानी, हरिराम तलरेजा, भरत प्रधनानी, आशीष वासवानी, मनोज अग्रवाल, सतीश बागड़ी, सुरेश मंगलानी, पंकज जैन, गुलाब साहू , गौतम रेलवानी, नितेश अग्रवाल, दीपक शर्मा, रवि तेजवानी, राजेंद्र पारख, मनीष मोटवानी, सुनील वाधवा, पवन सोनी, चंद्र विशाल भूरा, रमेश पारेख, राहुल खूबचंदानी, लोकेश साहू, रितेश वाधवा अमित चावला, गुरनेश पाल सिंह हंस, धनेश मटलानी, पंकज छिजवानी, ठाकुरदास लुल्ला, किशोर कुंदनानी, विनोद पाहवा, जितेंद्र शादीजा, दिनेश शादीजा, विजय मोटवानी, प्रेमप्रकाश मध्यानी, शंकर पिंजानी, रवि विजवानी, मनीष कुमार गुप्ता, विजय मोटवानी, रमेश अग्रवाल विकास कोटवानी, अशोक गोयल, सांस्कृतिक प्रभारी अनिल जोतसिंघानी सदस्य रवि सचदेव, जतिन नचरानी, सहित अनेक पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सांसद बृजमोहन अग्रवाल एवं संत युधिष्ठिर लाल ने किया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का पोस्टर विमोचन

## सिंधी काउंसिल का निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल रायपुर में 7 सितंबर को





**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई एवं सिंधु डॉक्टर फ़ोरम के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ शिविर 7 सितंबर रविवार को आयोजित किया गया है।

सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने बताया कि शदाणी दरबार तीर्थ के संत युधिष्ठिर लाल जी एवं दक्षिण विधायक बृजमोहन अग्रवाल साथ में बीजेपी जिला अध्यक्ष रमेश ठाकुर द्वारा पोस्टर विमोचन किया गया । साथ में चौबीस पंचायत के मुखीगण का सहयोग एवं साथ निःशुल्क स्वास्थ शिविर में रहेगा। सिंधु डॉक्टर फ़ोरम के डॉक्टर अजीत शदाणी एवं डॉक्टर विनोद आहूजा ने कहा पच्चीस डॉक्टर की टीम सिंधु डॉक्टर फ़ोरम की भी उपस्थित रहेगी जो अपनी सेवा स्वास्थ शिविर में देगी। मुख्य रूप से समाजसेवी किशोर आहूजा के साथ गुरनामल रोहड़ा, सोनू साधवानी, अल्पेश पोपटानी, राजकुमार सोनी, गिद्धुराम कुकरेजा, दर्शनलाल सचदेव, नरेश पंजवानी, हरनाम तलरेजा, अमरलाल वालेचा, अजय जयसिंघानी, पंकज चिंजवानी, गौरव नागदेव ,कमल राजवानी, सुनील कुकरेजा, धनेश मटलानी, रितेश वाधवा, तेजकुमार बजाज एवं सुशील दरिरा की सक्रिय भागीदारी है ।





स्वामी एवं प्रकाशक शांतिदेवी नचरानी प्रतिदिन राजधानी, प्रतिदिन हाऊस जी.ई.रोड शारदा चौक रायपुर छत्तीसगढ़ के लिए मुद्रक हरीश कुमार नचरानी प्रतिदिन प्रिंटर्स एण्ड पब्लिशर्स कचहरी चौक जेल रोड रायपुर (छ.ग.) द्वारा मुद्रित एवं स्वामी शांतिदेवी नचरानी (रामचंद नचरानी एण्ड संस की कर्ता) द्वारा प्रतिदिन हाऊस जी.ई.रोड शारदा चौक से प्रकाशित। संपादक–शांतिदेवी नचरानी * कार्यकारी संपादक–हरीश नचरानी, मो.–9617598000। (किसी भी विवाद के लिए न्यायलयीन क्षेत्र रायपुर होगा।) RNI NO. CHH HIN/2001/05596 फोन नं.– 0771-2223399, मो.–6262904444